आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* बसंतोत्सव
* राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 48 | उज्जैन, बुधवार 04 मार्च, 2026 | चैत्र कृष्ण 1 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### खामेनेई की हत्या पर भारत की चुप्पी से हैरानी: सोनिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर भारत सरकार की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा- दिल्ली की चुप्पी हैरान करने वाली है, यह तटस्थता (न्यूट्रल) नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से पीछे हटना है। मंगलवार को इंडियन एक्सप्रेस में पब्लिश आर्टिकल में उन्होंने लिखा- 1 मार्च को ईरान ने पुष्टि की कि उसके सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की एक दिन पहले अमेरिका और इजराइल के टारगेटेड अटैक में हत्या कर दी गई। जब दो देशों की डिप्लोमैट लेवल की बातचीत चल रही हो, तब एक मौजूदा राष्ट्राध्यक्ष की हत्या अंतरराष्ट्रीय संबंधों में गंभीर दरार को दिखाती है। सोनिया ने लिखा कि भारत सरकार ने न तो हत्या की निंदा की और न ही ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया दी।

### भारत रूस से 5 एस-400 सुदर्शन डिफेंस सिस्टम खरीदेगा

**नई दिल्ली।** भारत रूस से 5 नए एस-400 सुदर्शन एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने की तैयारी में है। रक्षा मंत्रालय जल्द ही वायुसेना के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए आगे बढ़ाएगा। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के आधार पर सोमवार को बताया कि पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 सिस्टम के प्रदर्शन के बाद और खरीदने का निर्णय लिया गया है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि नए सिस्टम को पूर्वी और पश्चिमी दोनों सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। इससे चीन और पाकिस्तान, दोनों मोर्चों पर भारत की हवाई सुरक्षा क्षमता मजबूत होगी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी और पाकिस्तान के 5-6 लड़ाकू विमानों और एक जासूसी विमान को 300 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर मार गिराया था।

### यूएई में फंसी एक्ट्रेस ईशा गुप्ता सुरक्षित भारत लौटीं



कहा- हालात मुश्किल थे, भगवान की कृपा से हम सेफ रहे

**मुंबई।** वेस्ट एशिया में चल रहे तनाव के बीच एक्ट्रेस ईशा गुप्ता सुरक्षित भारत लौट आई हैं। वह संयुक्त अरब अमीरात में फंसी हुई थीं। मंगलवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पूरी बात शेयर की। उन्होंने भारत सरकार और यूएई प्रशासन का धन्यवाद किया। ईशा गुप्ता ने लिखा, मैं घर वापस आ गई हूं। आप सभी की दुआओं के लिए धन्यवाद। जिस हालात में हम थे, वह बहुत मुश्किल समय था। यह भगवान की कृपा है कि हम सुरक्षित हैं। 28 तारीख, रविवार को मैं एयरपोर्ट पर थी। दोपहर 1 बजे तक एयरपोर्ट बंद कर दिया गया। चारों तरफ अफरा-तफरी थी। किसी को समझ नहीं आ रहा था कि क्या हुआ है। फिर मिसाइल अटैक की खबर आने लगी। हमें नहीं पता था कि अगले मिनट क्या होगा। अजनबी लोग एक-दूसरे को संभाल रहे थे। सब अपने घर फोन कर रहे थे। उन्होंने आगे बताया कि यह घटना अबू धाबी एयरपोर्ट पर हुई। उनके अनुसार वहां का स्टाफ और सिक्योरिटी तुरंत एक्टिव हो गए। सभी ने शांत रहकर स्थिति संभाली। उन्होंने लिखा कि वह अभी चेक-इन नहीं कर पाई थीं। इसलिए वह वापस अपने होटल लौट गईं। रात में होटल में जो लोग मिले, उनसे पूरी जानकारी मिली। बता दें कि वेस्ट एशिया में तनाव का असर उड़ानों पर भी पड़ा। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पश्चिम दिशा में जाने वाली कई इंटरनेशनल फ्लाइट्स लेट हुईं।

### रेलवे ने डाक ढुलाई किराये में किया इजाफा, 1 अप्रैल से लागू होंगी नई दरें

**जबलपुर।** रेलवे ने डाक (पोस्टल ट्रैफिक) ले जाने के किरायों में बदलाव कर दिया है। रेलवे ने डाक ढुलाई के किरायों में लगभग 2.5 से 3 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। रेलवे बोर्ड ने 26 फरवरी को रेल के माध्यम से डाक भेजने पर नई दरें लागू करने के लिए पश्चिम मध्य रेलवे सहित सभी जोनल रेलवे को आदेश जारी कर दिया है। साल 2026-27 के लिए नई दरें एक अप्रैल से लागू होंगी। यह चार्ज प्रति बर्थ, प्रति किलोमीटर के हिसाब से तय किया गया है। आसान भाषा में कहें तो रेलवे अब डाक विभाग से दूरी के हिसाब से नया किराया वसूलेगा। रेलवे ने नई दरों को तीन अलग-अलग हिस्सों (दूरी स्लैब) में बांटा है। 500 किमी तक की दूरी सके लिए रेलवे 1.28 रुपये प्रति बर्थ, प्रति किलोमीटर चार्ज करेगा।

### ट्रेन में 8 लाख के कीमती जेवरों से भरा पर्स छूटा, जीआरपी ने खोज कर लौटाया

**जबलपुर।** शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) की सतर्कता व तत्परता ने एक महिला यात्री का लाखों रुपए के जेवर और नकदी से भरा पर्स सुरक्षित बरामद कर उसे वापस सौंप दिया। यह घटना सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात दीक्षा भूमि एक्सप्रेस में हुई, जब यात्री का पर्स ट्रेन में छूट गया था। जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने बताया कि उन्हें ट्रेन क्रमांक 11046 दीक्षा भूमि एक्सप्रेस के कोच बी-5 की बर्थ नंबर 2 और 8 पर यात्रा कर रहीं संगीता वर्मा का पर्स छूटने की सूचना मिली थी। संगीता वर्मा धनबाद (झारखंड) की निवासी हैं। पर्स में सोने-चांदी के आभूषण और नकदी रखी हुई थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत के निर्देश पर एएसआई गोपाल सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक धीरेंद्र, आरक्षक गोपाल, नवीन शुक्ला और रविकांत की एक टीम तत्काल रवाना की गई थी।

### अवकाश सूचना

दैनिक अवन्तिका परिवार होली पर्व पर बुधवार 4 मार्च को अवकाश पर रहेगा अतः अगला अंक 6 मार्च शुक्रवार को प्रकाशित होगा।

-प्र.सं.

---

सरकार द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया पिछले दो वर्षों में 57 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव घटकर महज 2 हजार करोड़ रुपये रह गए

# क्राइम और करप्शन में मध्यप्रदेश देश की राजधानी बना

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा मुख्यमंत्री जनता के पैसों से स्विट्जरलैंड गए, दुबई गए, जापान गए, इंग्लैंड गए, जर्मनी गए।

प्रदेश में बड़े बड़े इन्वेस्टमेंट समिट करवाए, सैकड़ों करोड़ रुपये इवेंटों में खर्च किए। लेकिन मध्य प्रदेश के हाथ कुछ नहीं आया। सरकार द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले दो वर्षों में 57 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव घटकर महज 2 हजार करोड़ रुपये रह गए हैं। क्राइम और करप्शन में मुख्यमंत्री जी ने मध्य प्रदेश को देश की राजधानी बना दिया है, जिसके अब सभी बड़े उद्योग मध्य प्रदेश में आने से मुंह मोड़ रहे हैं।



मध्य प्रदेश निवेश की दृष्टि से देश के सबसे संभावनाशील राज्यों में है। प्रदेश के पास प्रचुर प्राकृतिक संसाधन, विशाल भूमि उपलब्धता और देश के केंद्र में स्थित होने का भौगोलिक लाभ है, जो लॉजिस्टिक्स और उद्योग स्थापना के लिए अत्यंत अनुकूल है। इसके साथ ही खनिज संपदा और कृषि आधारित उद्योगों की अपार संभावनाएं भी मध्य प्रदेश को निवेश के लिए स्वाभाविक रूप से आकर्षक बनाती हैं। लेकिन फिर भी भाजपा के भ्रष्टाचार, बुनियादी सुविधाओं के अभाव और कुशासन के कारण सरकार प्रदेश में निवेश लाने में समर्थ नहीं है।

### मध्य प्रदेश में दो साल में बड़े निवेश घटे

मप्र में लगातार बड़े निवेश के दावे हो रहे हैं पर हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2025 -26 के आर्थिक सर्वे में खुलासा हुआ है कि बड़े निवेश (कस्टमाइज्ड पैकेज वाले) बीते दो सालों में कम हुए हैं। 2022 -23 में जहां 27 बड़े निवेश प्रस्तावों से 57 हजार 333 करोड़ का निवेश आया था, ये 2024 -25 में घटकर 2 हजार करोड़ रह गया और मौजूदा वित्तीय वर्ष के पहले 9 महीनों में सिर्फ 14 हजार करोड़ के बड़े निवेश प्रस्ताव आए हैं। मप्र में साल 2025 की नई निवेश नीति भी लागू है और इसमें सस्ती जमीन, कम बिजली दर सहित कई तरह के इंसेंटिव दिए जाते हैं। इसके अलावा प्लांट मशीनरी में 100 करोड़ से अधिक के एकमुश्त निवेश के लिए औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग निवेशक की जरूरत के मुताबिक अलग से कस्टमाइज्ड पैकेज भी बनाकर देता है। इसमें बिजली- पानी और स्टाम्प ड्यूटी की दरों में 100% तक छूट जैसे इंसेंटिव शामिल हैं। मौजूदा वित्तीय वर्ष में दिसंबर तक 14 हजार 38 करोड़ के 15 बड़े निवेश प्रस्ताव मिले हैं जिनमें 8 हजार 519 नौकरियां मिलने की उम्मीद है। 2024 -25 में सिर्फ 10 ऐसे प्रस्ताव मिले थे। इनमें 2 हजार 16 करोड़ निवेश और 4 हजार 987 नौकरियां मिलनी की बात है।

#### पैकेज-निवेश और नौकरियों की स्थिति

| वित्तीय वर्ष | पैकेज | निवेश | नौकरियां |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | 23 | 10942 | 28697 |
| 2022-23 | 27 | 57333 | 29676 |
| 2023-24 | 40 | 36515 | 35418 |
| 2024-25 | 10 | 2016.15 | 4987 |
| 2025-26 (दिसं. तक) | 15 | 14038 | 8519 |

### क्या-क्या मिलता है कस्टमाइज्ड पैकेज में ?

- कैबिनेट कमेटी ऑन इन्वेस्टमेंट प्रमोशन (सीसीआईपी) सीएम की अध्यक्षता में मेगा प्रोजेक्ट को विशेष पैकेज के साथ सहमति देती है।
- **वित्तीय सहायता:** निवेश के आधार पर मिलने वाली सहायता को 40% से भी अधिक बढ़ाया जा सकता है।
- **कर रियायतें:** एसजीएसटी प्रतिपूर्ति (रीइंबर्समेंट) के लिए विशेष शर्तें और लंबी अवधि।
- **बिजली और पानी:** बिजली शुल्क में 100% छूट और पानी की दरों में विशेष रियायत।
- **स्टांप ड्यूटी:** जमीन खरीद या लीज पर लगने वाली स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क की 100% प्रतिपूर्ति।
- **इन्फ्रास्ट्रक्चर:** फैक्ट्री गेट तक सड़क, बिजली और पानी जैसी सुविधाएं पहुंचाने के लिए 50% से अधिक सरकारी मदद।

# ईरान से जंग के बीच इजराइली सेना लेबनान में घुसी

## 59 इलाके खाली कराए, 30 हजार लोगों ने घर छोड़ा, हिजबुल्लाह पर मिसाइल दागी

**एजेंसी ▶▶ तेहरान**

ईरान से जारी जंग के बीच इजराइली सेना लेबनान में घुस गई है। इजराइली आर्मी ने लेबनान के 59 इलाकों को भी तुरंत घर खाली करने का आदेश दिया है। यूएन की एजेंसी के मुताबिक हालात बिगड़ने के बाद 30 हजार से ज्यादा लोगों ने घर छोड़ दिया है।

इसके साथ ही इजराइल ने लगातार दूसरे दिन लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह को निशाना बनाते हुए कई जगह बमबारी की। सोमवार को हुए हमलों में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 150 से ज्यादा लोग घायल हैं। हिजबुल्लाह को ईरान समर्थक



माना जाता है। उसने ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद इजराइल के हाईफा शहर के पास एक सैन्य ठिकाने पर ड्रोन और मिसाइल दागे थे।

### जंग में ईरान का नुकसान

- 4 दिन में 787 लोगों की मौत हो चुकी है।
- 153 शहरों को निशाना बनाया गया।
- कुल 504 जगहों पर 1,039 हमले हुए।
- यह जानकारी ईरानियन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने दी है।

### लेबनान की राजधानी बेरूत पर हमले किए

इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत के उपनगरों में हवाई हमले किए हैं। इजराइली आर्मी रेडियो के अनुसार, इन हमलों का लक्ष्य हिजबुल्लाह के वे नेता थे जो उस इलाके में बैठक कर रहे थे। लेबनान की सरकारी नेशनल न्यूज एजेंसी ने बताया कि ये हमले बिना किसी पूर्व चेतावनी के किए गए, जिससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। बहरीन सरकार ने पुष्टि की है कि ईरान की ओर से दागे गए 73 मिसाइलों और 91 ड्रोन को उसकी एयर डिफेंस फोर्सेस ने सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया है। रक्षा मंत्रालय ने बयान में कहा कि मिसाइलों और ड्रोन को ट्रैक कर समय रहते रोकने के कारण कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

इजराइल-ईरान जंग से दक्षिण कोरिया का बाजार 7% टूटा

# भारतीय बाजार बंद, कच्चा तेल दो दिन में 13% चढ़ा

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के बीच आज यानी 3 मार्च को एशियाई शेयर बाजारों में मिला जुला कारोबार है। वहीं होली पर भारतीय शेयर बाजार बंद हैं।

दक्षिण कोरिया का कोस्पी 7.24% गिरकर 5,791 के स्तर पर बंद हुआ। जापान का निक्केई इंडेक्स 3.06% नीचे 56,279 के स्तर पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट 1.43% गिरकर 4,122 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग 1.12% नीचे 25,768 के स्तर पर हुआ। पाकिस्तान का कएसई 30 इंडेक्स 4.27% चढ़कर 48,302 पर बंद हुआ। ब्रेंट क्रूड की कीमत आज 3% से ज्यादा चढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। कल इसमें 10% की तेजी आई थी। यानी, दो दिन में ये 13% से ज्यादा चढ़ चुका है। जानकारों का मानना है कि अगर यह तनाव और बढ़ा, तो तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल तक सकती हैं। इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल पर दिख सकता है। दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 100 तक पहुंच सकता है। वहीं डीजल 88 से बढ़कर 92 तक जा सकता है।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा जाएंगे

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भाजपा ने मंगलवार को राज्यसभा के लिए 9 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बिहार से राज्यसभा जाएंगे। उनके अलावा लिस्ट में शिवेश कुमार का भी नाम है।



छत्तीसगढ़ से भाजपा ने लक्ष्मी वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। असम से तेराश गोवाला, जोगेन मोहन, हरियाणा से संजय भाटिया, ओडिशा से मनमोहन सामल, सुजीत कुमार और पश्चिम बंगाल से राहुल सिन्हा उम्मीदवार हैं। 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को चुनाव कराया जाएगा। 16 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच वोटिंग होगी और उसी दिन शाम 5 बजे वोटों की गिनती की जाएगी। ये सभी सीटें संबंधित सदस्यों के कार्यकाल पूरा होने के कारण रिक्त हो रही हैं। राज्यसभा का कार्यकाल छह साल का होता है। जिन सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल 2026 में समाप्त हो रहा है, उनकी सीटों पर ये चुनाव कराए जा रहे हैं। निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल उनके शपथ ग्रहण की तिथि से आगामी छह वर्षों, यानी 2032 तक रहेगा। संबंधित राज्यों की जिन सीटों पर मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, वहीं ये सीटें रिक्त मानी जाएंगी।

## ईरान से 4-5 हफ्ते जंग चल सकती है: ट्रम्प

**एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन**

इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग का आज तीसरा दिन है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान से जंग 4-5 हफ्ते तक चल सकती है, लेकिन अमेरिका के पास इससे ज्यादा समय तक कार्रवाई करने की क्षमता है। व्हाइट हाउस में दिए बयान में ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सेना अभी भी ईरान में बड़े स्तर पर सैन्य कार्रवाई कर रही है। इससे पहले सीएनएन को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा अमेरिका ने अभी पूरी ताकत से हमला शुरू नहीं किया है। ईरान पर अभी सबसे बड़ा हमला बाकी है। अमेरिका के पास दुनिया की सबसे बड़ी सेना है और उसका इस्तेमाल किया जा रहा है।

# इजराइल ने ट्रैफिक कैमरे हैक कर खामेनेई पर हमला किया

## सालों तक नजर रखी, ऑफिस पर 30 मिसाइलें गिराई, 40 अफसर भी मारे गए

**एजेंसी ▶▶ तेल अवीव**

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की शनिवार को इजराइल के हवाई हमले में मौत हो गई। यह हमला तेहरान की पास्चर स्ट्रीट के पास उनके ऑफिस पर हुआ, जहां वे कई बड़े ईरानी नेताओं के साथ बैठक कर रहे थे। इस हमले में इजराइल ने ऑफिस पर 30 मिसाइलें गिराई थीं, जिसमें खामेनेई के साथ 40 अफसर भी मारे गए थे।

इजराइल ने कई सालों से इस हमले की तैयारी की थी। उनकी खुफिया एजेंसी मोसाद और यूनिट 8200 ने तेहरान के लगभग सभी ट्रैफिक कैमरों को हैक कर लिया था। इन कैमरों की तस्वीरें एन्क्रिप्ट करके तेल अवीव और दक्षिण इजराइल के सर्वरों पर भेजी जाती थीं। अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए ने भी इस ऑपरेशन में मदद की। इसमें एक खास कैमरा




था, क्योंकि उससे पता चलता था कि सीनियर अधिकारियों के बॉडीगार्ड और ड्राइवर अपनी निजी गाड़ियां कहां पार्क करते हैं। इन कैमरों से इजराइल को अफसरों के बारे में बहुत जानकारी मिली, जैसे उनका घर कहां है, वे कब ड्यूटी पर आते हैं, कौन सा रास्ता लेते हैं, और सबसे जरूरी बात वे किस नेता की सुरक्षा करते हैं या किसे ले जाते हैं। इसे इंटेलिजेंस में 'पैटर्न ऑफ लाइफ' कहते हैं। यह जानकारी इजराइल को खामेनेई की हत्या के लिए बहुत काम आई। यह एकमात्र तरीका नहीं था, इजराइल और सीआईए ने कई तरह की खुफिया जानकारी जुटाई थी।

### ईरान के कोने-कोने से वाकिफ है इजराइली अधिकारी

इजराइल के एक इंटेलिजेंस अधिकारी ने कहा कि वे तेहरान को उतनी अच्छी तरह जानते हैं जितनी अच्छी तरह यरुशलम को जानते हैं। जब आप किसी जगह को इतनी अच्छी तरह जानते हैं, तो वहां की कोई भी छोटी सी गड़बड़ी भी नजर आ जाती है। यह सब इजराइल की यूनिट 8200 (सिग्नल इंटेलिजेंस), मोसाद के ह्यूमन सोर्स और मिलिट्री इंटेलिजेंस के डेटा से हुआ।

### खामेनेई बोले थे- मेरी मौत से फर्क नहीं पड़ता

खामेनेई की हत्या एक राजनीतिक फैसला था, सिर्फ तकनीक का कमाल नहीं। जब सीआईए और इजराइल को पता चला कि शनिवार सुबह खामेनेई अपने ऑफिस में बैठक कर रहे हैं और कई बड़े नेता साथ हैं, तो मौका बहुत अच्छा लगा। युद्ध शुरू होने के बाद उन्हें ढूंढना मुश्किल हो जाता, क्योंकि वे बंकरों में छिप जाते। खामेनेई हिज्बुल्लाह के नेता हसन नसरल्लाह की तरह छिपकर नहीं रहते थे। नसरल्लाह सालों से बंकर में रहता था, लेकिन खामेनेई ने कभी-कभी सार्वजनिक रूप से कहा था कि उनकी मौत से फर्क नहीं पड़ता।

# मध्यप्रदेश क्रिकेट लीग के लिए पहली बार प्लेयर्स की नीलामी

## खिलाड़ियों को चार श्रेणियों में बांटा जाएगा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मध्य प्रदेश क्रिकेट लीग (एमपीसीएल) का तीसरा सत्र इस बार और भी रोमांचक होने जा रहा है। पहली बार लीग में खिलाड़ियों की आईपीएल की तर्ज पर नीलामी होगी, जहां फ्रेंचाइजी टीमें अपनी पसंद के क्रिकेटरों को बोली लगाकर खरीदेंगी। इससे खिलाड़ियों पर धन वर्षा होने की उम्मीद है और प्रतिभाओं को बड़ा मंच मिलेगा।

लीग के वर्तमान अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया द्वारा शुरू की गई इस प्रतियोगिता के पिछले दो सत्र बेहद सफल रहे। यहां शानदार प्रदर्शन करने वाले कई खिलाड़ी आईपीएल टीमों में जगह बना चुके हैं। अब तीसरे सत्र में लीग प्रबंधन ने कई नवाचार किए हैं, जिनमें सबसे बड़ा बदलाव खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया है। सूत्रों के अनुसार, मार्च में ही नीलामी होने की संभावना है। खिलाड़ियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 5 मार्च है, जबकि मैच जून में खेले जाएंगे। अभी मैच का विस्तृत टाइम टेबल नहीं आया है, लेकिन संभवतः मैच इंदौर और ग्वालियर में खेले जाएंगे।

### उम्र सीमा का नियम

19 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों को इस लीग में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। यह फैसला बीसीसीआई की नीति के अनुरूप है, जो घरेलू टूर्नामेंट में छोटे आयु वर्ग के लिए टी-20 नहीं कराती। उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को लंबे प्रारूपों (रेड-बॉल क्रिकेट) के प्रति गंभीर बनाना है। फ्रेंचाइजी टीमें जेएन भाया ट्रॉफी (अंतर-संभागीय टी-20) में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रखेंगी। इससे बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को टीमों में जगह मिलने और आगे आईपीएल जैसी बड़ी लीग में जाने के रास्ते खुलेंगे। यह बदलाव मध्य प्रदेश क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और राज्य की प्रतिभाओं को बड़ा आर्थिक और खेल लाभ मिलेगा।

## तेज रफ्तार कार टकराई, 3 दोस्तों की मौत, 2 गंभीर घायल

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ बैतूल**

बैतूल में तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़ी क्रेन से टकरा गई। कार सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। हादसा कोतवाली थाना क्षेत्र में इटारसी रोड पर बसंत पेट्रोल पंप के पास सोमवार रात करीब 3 बजे हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। कार में पांच दोस्त सवार थे, जो एक ढाबे से खाना खाकर लौट रहे थे। इसी दौरान ये हादसा हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोग और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। कार में फंसे युवकों को निकालने के लिए दरवाजे और शीशे तोड़े गए।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## किसान-कर्मचारियों की 'बल्ले-बल्ले'

प्रदेश सरकार के मुखिया ने होली पर अपनी केबिनेट कृषि को समर्पित करते हुए जमकर किसानों के लिए खजाना खोला है। यही नहीं किसानों को कई सारी सौगातें भी दी गई है। किसान हितों की बात को धरातल पर लाकर रख दिया गया है। इसके साथ ही सरकारी कर्मचारियों को भी होली का बडा उपहार दिया गया है। कर्मचारियों की बल्लेब्बल्ले हो गई है। और तो और कर्मचारियों के साथ ही सेवानिवृत्त पेंशन धारियों को भी सौगात देने में मुखिया ने पूरा दिल खोल दिया है। यह कहा जाए कि इस होली पर मुखिया ने सौगात की बरसात की है तो कम नहीं है। मुखिया की उदारता से कर्मचारियों में हर्ष की स्थिति है और शेष मांगों को लेकर भी उत्साह जागृत हो गया है। राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 3% की वृद्धि कर उसे 58% करने का निर्णय किया है। सभी शासकीय सेवकों को भारत सरकार के समान अप्रैल (पेड इन मई) 2026 के वेतन में 58% महंगाई भत्ता मिलेगा। जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक के एरियर की राशि मई 2026 से प्रारंभ होकर 6 समान किस्तों में दी जाएगी। पेंशनर्स को भी जनवरी से फरवरी 2026 की पेंशन में 58% का महंगाई भत्ता दिया जाएगा। घोषणा से उत्साहित राज्य कर्मचारी संघ केंद्र के सामान बाकी बचा महंगाई भत्ता की अपेक्षा लगा रहा है। कर्मचारियों में खुसूर-फुसूर है कि मुखिया ने उनके मन की बात को सूना और उस पर त्यौहार पर अमल भी कर दिया । खास यह है कि एरियर रूपी राशि बचत बतौर किश्त में मिलेगी तो उसका सदुपयोग भी हो जाएगा। ऐसे ही शेष भत्ता भी जल्द ही मिल जाएगा। जैसे ये मिले आगे और भी मिलेगा।

## ट्रैंडिंग




## मवेशी विश्राम स्थली बनाम सिवरेज प्लांट, सिंहस्थ के बाद लावारिस हो जाते हैं कई उपयोगी कार्य

**उज्जैन।** सिंहस्थ के लिए उपयोगी निर्माण बाद में लावारिस हालातों में देखे जा सकते हैं। इन्ही में एक निर्माण है कार्तिक मेला प्रांगण में बना सिवरेज पंप हाउस। यह सिर्फ सिंहस्थ के समय ही उपयोग के लिए बनाया गया था। उसके बाद से ही इस सिवरेज पंप हाउस का कोई उपयोग नहीं हुआ है। वर्तमान में यह मवेशी विश्राम स्थली के रूप में देखा जा सकता है और पूरा गौबर से सना हुआ है।

सिंहस्थ के पांडालों से निकलने वाले सीवरेज को पंप कर सदावल भेजने के लिए पिछले सिंहस्थ के पूर्व वर्ष 2014 में कार्तिक मेला मैदान पर सीवरेज पंप हाउस बनाया गया था। वर्ष 2018 से यह बंद पड़ा है। हाउस के अंदर मवेशियों की विश्राम स्थली बनी हुई है। तब से यह पंप हाउस ऐसे ही लावारिस हालत में पड़ा है। इस पंप हाउस में बनाए गए कुएं का पानी पूरी तरह गंदा होकर जमा है। प्लांट में ट्रांसफार्मर भी नहीं है। प्लांट के चारों ओर बनाई गई बाउंड्री वाल के अंदर परिसर में गंदगी फैली हुई है। प्लांट के अंदर भी मवेशियों की विश्राम स्थली होने से पूरे हाल में गोबर ही गोबर पसरा पड़ा रहता है। प्लांट के अंदर और बाहर परिसर की गंदगी की स्थिति देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि लंबे समय से यहां सफाई नहीं हुई।

**करोड की लागतः** कार्तिक मेला प्रांगण में बनाए गए इस सिवरेज पंप हाउस में तात्कालीन स्थिति में लागत करोड रूपए की थी। सिंहस्थ के दरमियान इसका उपयोग किया गया और उसके बाद इसे ऐसे ही लावारिस छोड दिया गया। नगर निगम पीएचई के निमार्णों में यह शुमार था। अनुपयोगी होने पर भी इसे व्यवस्थित रखा जा सकता था। कम से कम इसे पूरी तरह से बंद कर इसके मुख्य भवन एवं बाउंड्रीवाल पर ताला ही लटका दिया जाता तो मवेशियों के प्रवेश एवं बेतरतीब गंदगी से तो इसे बचाया ही जा सकता था।

## ग्रहण के कारण त्यौहार मनाने में असमंजस की स्थिति रही

# गुलाल का सरूर कुछ पर छाया, अधिकांश आज खेलेंगे

### तडके उत्सव स्थलों पर पूजन के साथ हुआ होलिका दहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इस बार की होली उत्सव असमंजस की स्थिति में रहा है। इसके चलते धुलेंडी पर्व भी दो दिवसीय बनकर रह गया है। मंगलवार तडके होलिका का दहन कुछ स्थानों को छोडकर अधिकांश स्थानों पर हुआ है। इसे भी भद्रा के साये में देखा गया था। सुबह से चंद्र ग्रहण के सूतक काल की शुरूआत हो गई ऐसे में कुछ ही लोग रंग गुलाल खेलते देखे गए, अधिकांश लोग बुधवार को ही धुलेंडी के तहत रंग गुलाल खेलेंगे।

होली त्यौहार पर असमंजस की स्थिति का असर इस बार सरकारी कर्मचारियों पर नहीं रहने वाला है। दो दिवसीय अवकाश की स्थिति होने से इस बार कर्मचारी जमकर होली एवं धुलेंडी पर्व का आनंद उत्साह पूर्वक मना रहे हैं। मंगलवार को शहर में धुलेंडी पर्व के तहत गुलाल एवं रंग खेलने का क्रम कमजोर ही रहा है उसके पीछे कारण ग्रहण का सूतक काल होना सामने आ रहा है। अधिकांश लोगों का कहना था कि सूतककाल में मान्यता अनुसार रंग नहीं खेला जाता है। इसके चलते लोगों में उत्साह भी नहीं देखा गया। कुछ ही लोग रंग खेलते नजर आए।

### दो मत से त्यौहार का उत्साह कमजोर

त्यौहारों की तिथि को लेकर दो मत सामने आने से दीपावली और अन्य त्यौहारों की तरह रंगों के त्यौहार का मजा भी फीका रहा है। पर्वों को लेकर मत भिन्नता से यह स्थिति उपज रही है।



### कुछ ने खेली होली,अधिकांश आज खेलेंगे

असमंजस के हालातों के बीच शहर में मंगलवार को कम ही लोग होली खेलते नजर आए। ज्यादातर लोग या तो घरों के कार्यों में रहे या फिर सामान्य दिनों की तरह ही अपने कामकाज में लगे रहे। सामाजिक रूप से किए जाने वाली परंपरा निर्वहन के तहत गमी वाले परिवारों के यहां रंग डालने की शुरूआत सोमवार से ही हो गई थी। इसका पालन मंगलवार को भी कई समाजों ने किया है। बुधवार को भी यह क्रम जारी रहने की जानकारी सामने आ रही है। उत्साह पूर्वक होली की गुलाल एवं रंग बुधवार को ही खेलने का अधिकांश लोग मन बना चुके हैं।

### बच्चों में रहा उत्साह

सोमवार रात होलिका दहन के साथ ही बच्चों में गुलाल एवं रंग खेलने का उत्साह देखा गया है। मंगलवार को भी बच्चे सुबह से ही होली के रंगों में सराबोर रहे हैं। बुधवार को भी होली खेलने का उनका उत्साह बरकरार है।

### भस्मार्ती में उडा गुलाल



श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार तड़के 4 बजे भस्मारती के दौरान भगवान महाकाल के साथ पुजारी-पुरोहितों ने हर्बल गुलाल से होली खेली। भगवान शिव के परिवार माता पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय को भी गुलाल अर्पित किया गया। भगवान महाकाल का हरि ओम जल से अभिषेक करने के बाद दूध, दही, घी, शकर, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। नंदी जी का स्नान, ध्यान और पूजन हुआ। भगवान महाकाल ने शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुंडमाला, रुद्राक्ष की माला व सुगंधित पुष्पों से बनी माला धारण की। भांग, फल और मिठाई का भोग लगाया गया। परंपरा अनुसार, धुलेंडी के अवसर पर भस्मारती में सर्वप्रथम पुजारी-पुरोहितों द्वारा बाबा महाकाल को गुलाल अर्पित किया गया। इस दौरान नंदी जी को भी गुलाल चढ़ाया गया। फिर भक्तों पर भी गुलाल उड़ाया गया। एक दिन पूर्व संध्या आरती में भी भगवान को त्रिकाल पूजा के तहत हर्बल गुलाल अर्पण किया गया था। मंदिर के प्रांगण में ओंकारेश्वर मंदिर के सामने होलिका दहन किया गया था।

## जूना महाकाल के सामने, यज्ञशाला में ग्रहण के सूतक काल में पूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंगलवार को चंद्रग्रहण के सूतक काल में जूना महाकाल के सामने यज्ञशाला में पूजन की स्थिति देखी गई है। यज्ञ शाला में निषिद्धकाल में ये पूजन कैसे हुआ और यज्ञशाला के उपयोग को लेकर किसके कहने पर मंदिर समिति की रसीद कटी इसे लेकर कई सवाल खडे हो रहे हैं,जबकि ग्रहण के सूतक काल में मात्र भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन ही जारी थे अन्य सभी प्रक्रियाएं निषिद्ध रही हैं।

### निषिद्ध काल में ये कैसी पूजा, उठ रहे सवाल

मंगलवार को दोपहर के समय में श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर के जूना महाकाल के सामने स्थित यज्ञ शाला में यह स्थिति देखी गई है। इसे लेकर पूजन प्रक्रिया का एक विडियो भी सामने आया है। इसमें यज्ञशाला में बैठकर लाल साडी पहनी यजमान को पूजन करवाया जा रहा है। यजमान कौन थे और कहां से आए थे इसकी जानकारी सामने नहीं आ रही है। पूजन करवाने में योगेश बैरागी नामक पुजारी का नाम सामने आ रहा है। काफी देर तक चले पूजन को लेकर कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं था। इधर यह भी बताया जा रहा है कि ग्रहण के सूतककाल में किसी भी प्रकार पूजन नहीं किया जाता है। उसके बावजूद वृद्ध महाकाल की यज्ञशाला में इस पूजन को लेकर बडे सवाल खडे हो रहे हैं।

## कालिदास कन्या महाविद्यालय में विज्ञान नवाचार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (MPCST) भोपाल के सहयोग एवं डॉ. भावना नागर के संयोजन में 'विज्ञान में नारी शक्ति : परंपरा से प्रगति तक' विषय पर एक प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं महाविद्यालय के कीर्तिगान से हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण श्रद्धा एवं उत्साह से आलोकित हो उठा।

अतिथि स्वागत के पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. निश्चल यादव ने अपने उद्बोधन में भारतीय एवं विश्व की अनेक प्रसिद्ध महिला वैज्ञानिकों की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं और अवसरों की जानकारी देते हुए छात्राओं को अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट वक्ता डॉ. रेखा खन्ना ने अपने वक्तव्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मानव ऊर्जा के मूल स्रोत के रूप में मातृ-डीएनए कोशिकाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा नारी की सृजनात्मक शक्ति को वैज्ञानिक आधार से जोड़ा।

महाविद्यालय की पूर्व प्राध्यापक डॉ. अमिता सिंघल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें



महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक जिज्ञासा, निरंतर परिश्रम और समर्पण ही सफलता की कुंजी है।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि नारी ने परंपरा से ही प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में कहा–

"नारी ने सूत्र संभाले तो जीवन हुआ विज्ञान, औषधि की हर पत्ती में उसने ज्ञान का दीपक जलाया है।"

इस अवसर पर विज्ञान संकाय की छात्राओं द्वारा आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई, जिसमें विविध वैज्ञानिक अवधारणाओं एवं नवाचारों का सुंदर प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में प्रोफेसर मोनिका परमार ने अतिथि परिचय दिया तथा डॉ. मधु खंडेलवाल ने विज्ञान संकाय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. एकता दूबे ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. भावना नागर द्वारा किया गया। मंच पर विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो सरिता यादव IQSC प्रभारी डॉ अजय भार्गव एवं गणित विभागाध्यक्ष डॉ अरविंद शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। यह आयोजन नारी शक्ति की वैज्ञानिक परंपरा और उसकी प्रगतिशील भूमिका को रेखांकित करने में पूर्णतः सफल रहा।

## रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध हो महाकाल बाबा का प्रसाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में प्रतिदिन हजारों रेलयात्रियों का आगमन हो रहा है। चारों दिशाओं से आने वाले इन श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र विश्वविख्यात महाकालेश्वर मंदिर है। बाबा महाकाल के दर्शन मात्र से भक्त अपने जीवन को धन्य मानते हैं और उनका प्रसाद साथ ले जाना अपना परम सौभाग्य समझते हैं।

रतलाम मण्डल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने माँग उठाई है कि उज्जैन रेलवे स्टेशन पर महाकाल बाबा का अधिकृत प्रसाद काउंटर स्थापित किया जाय, ताकि दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान हो सके।

उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले अनेक रेलयात्रियों विशेषकर उम्रदराज, दिव्यांग एवं




अकेली महिला यात्रियों को भारी भीड़, समयाभाव और वापसी की जल्दबाजी के कारण चाहकर भी मंदिर से प्रसाद लेने का अवसर नहीं मिल पाता है, इसके अलावा उज्जैन से होकर गुजरने वाली अनेक लंबी दूरी की ट्रेनों के यात्री भी स्टेशन पर ही श्रद्धापूर्वक बाबा को नमन करते हैं किन्तु प्रसाद प्राप्त करने की उनकी पवित्र इच्छा अधुरी रह जाती है।

उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी से महाकाल बाबा का प्रसाद डाक विभाग के माध्यम से शहरवासियों तक घर घर पहुंचाने की व्यवस्था प्रारंभ हो चुकी है जिसे एक सराहनीय पहल माना जा रहा है।

### वन विभाग की सुस्ती से मुख्यमंत्री की पहल कागजों में अटकी, सिंहपुरी की परंपरागत कंडा होली ने ही गोकाष्ठ को प्रोत्साहित किया

# गोकाष्ठ की बजाय अधिकांश स्थानों पर लकड़ी होलिका दहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वन विभाग की सुस्ती और उदासीनता के कारण मुख्यमंत्री की पर्यावरण संरक्षण की एक अच्छी पहल पूरी तरह से सार्थकता नहीं ले सकी है। इस कारण से उत्सव स्थलों पर गोकाष्ठ की बजाय अधिकांश लकडी की होली का दहन किया गया। ज्यादातर स्थानों पर अंश मात्र के लिए गोकाष्ठ के रूप में कंडे का उपयोग किया गया। होलिका उत्सव पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने गोकाष्ठ होली को प्रोत्साहित करने की पहल की थी।

पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष होली पर्व पर गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन को प्रोत्साहित किया गया था । मुख्यमंत्री डा. यादव ने नागरिकों से अपील की थी कि वे पारंपरिक लकड़ी के स्थान पर गोबर से निर्मित गो-काष्ठ का उपयोग कर पर्यावरण-अनुकूल होलिका दहन करें तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ होली मनाने में सहभागी बनें।

### ये थी योजना

इसको लेकर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों के माध्यम से गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया गया था। इस पहल का उद्देश्य पेड़ों की कटाई को कम करना, वनों का संरक्षण करना तथा प्रदूषण रहित होलिका दहन को बढ़ावा देना था। गोबर से निर्मित गो-काष्ठ प्राकृतिक, सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल विकल्प है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती। इसे लेकर राज्य स्तर से पूरी योजना भेजी गई थी। जिलों में योजना के तहत काम किया जाना था। सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों के लिए निःशुल्क पंजीयन व्यवस्था की जाना थी। इच्छुक समितियां एवं नागरिकों को निकटतम नगरीय निकाय, जनपद पंचायत अथवा ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क कर पंजीयन कराना था। जिन समितियों द्वारा उत्कृष्ट रूप से गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन का आयोजन किया जाने पर उनके नाम राज्य स्तर पर सम्मानित करने हेतु प्रस्ताव भेजे जाने थे । चयनित आयोजनों को मुख्यमंत्री द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाने हैं।गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन से पेड़ों की अनावश्यक कटाई रुकेगी तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इससे गोवंश आधारित उत्पादों को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही स्व-सहायता समूहों एवं ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

### गौ-काष्ठ अपनाएं, पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शासन स्तर पर अपनी अपील इसे लेकर जारी की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि प्रिय प्रदेशवासियों, इस होली पर आइए, एक पर्यावरण-अनुकूल कदम उठाएं, लकड़ी की जगह 'गौकाष्ठ' को उपयोग करें। लकड़ी जलाने से पेड़ों की कटाई बढ़ती है, जबकि गौमाता के गोबर से बनी गौकाष्ठ प्राकृतिक, शुद्ध, सुरक्षित और पर्यावरण के लिए बेहतर विकल्प है। आइए, मिलकर हरियाली बचाएं और स्वच्छ, जिम्मेदार होली मनाए ।



### मुख्यमंत्री ने गो-काष्ठ की होली जलाई

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार रात को भोपाल निवास पर सपरिवार विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर गोकाष्ठ से निर्मित होलिका का दहन किया।



### 5 हजार कंडों की परंपरागत होली दहन

सिंहपुरी स्थित आताल -पाताल भैरव मंदिर में प्राचीन परंपरा के साथ, 5 हजार से ज्यादा कंडों से बनी होलिका का दहन किया गया। इस होली की अन्य कई विशेषताएं हैं। यहां का होलिका उत्सव प्राचीन काल से ही प्रकृति संरक्षण का सुंदर संदेश देती है। इस होली में लकड़ी का उपयोग बिल्कुल नहीं किया जाता है केवल गोबर के कंडों से सात गोलाकार परतों में होलिका तैयार की जाती है, जो पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल पेश करती है। कभी इस होली का दहन चकमक पत्थर से अग्नि प्रज्वलित कर होता था। यह होली करीब 3हजार साल पुरानी तो है,ही इसके साथ कई मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। पूर्णिमा को सुहागिन महिलाओं और विवाह योग्य युवतियों द्वारा सौभाग्य सामग्री से होलिका का पूजन किया जाता है। गुड़ से बने व्यंजनों का भोग लगाया जाता है। गोबर पताशे की माला अर्पित की जाती है। श्रद्धालु इस होलिका के दर्शन करने आते हैं।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 04 मार्च, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### बड़ौद से नशे की सप्लाय, पुलिस तस्करों तक नहीं पहुंच पाती

**उज्जैन।** शहर में राजस्थान के डग, घाटाखेड़ी, दूधियाखेड़ी समेत बड़ौद से नशा उज्जैन में आ रहा है। ये बात चिमनगंज मंडी पुलिस द्वारा 15 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ मक्सी रोड निवासी रोशन पिता सुनील 25 साल, अंकित पिता मुकेश साहू 22 साल, कृष्णा पिता गजराज पंवार निवासी तिरूपति सॉलिटेयर कॉलोनी को गिरफ्तार किया था। तीनों आरोपी पांच मार्च तक रिमांड पर है व डग बड़ौद की लिंक भी बताई। इसके बाद टीम को डग भेजा था लेकिन खाली हाथ लौट आई। नशे की कार्रवाई में पुलिस मुख्य तस्करों तक नहीं पहुंच पाती है हर बार यहीं होता है। इधर मंडी पुलिस का कहना है कि पूछताछ जारी है व पता किया जा रहा है।

### सभी थानों पर डीजे संचालकों को बुलाकर बांड भराए

**उज्जैन।** शहर में डीजे साउंड वाले अत्यधिक कानफोड़ू आवाज में डीजे बजा रहे है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। इस समय परीक्षाओं का भी दौर चल रहा है। सोमवार को इसी को लेकर पुलिस ने हर थाने पर डीजे संचालकों को बुलवाया व उनसे बांड भरवाए गए कि डीजे के साउंड पर नियंत्रण रखेंगे और ध्वनि प्रदूषण को रोकने में सहयोग करेंगे। उल्लंघन पर बांड ओवर की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने डीजे संचालकों को यह स्पष्ट किया कि नियमों का पालन करे नहीं तो पुलिस को सख्ती से पालन कराना आता है। रात में कई बार डीजे की तेज आवाज से बीमार, बुजुर्ग व आम लोगों को परेशानी होती है। किसी को असुविधा न हो इस तरह से डीजे साउंड का उपयोग करें।

### सिंहस्थ के अंतर्गत निर्माण कार्य तेज गति से जारी

**उज्जैन।** संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह के निर्देश अनुसार सिंहस्थ के अंतर्गत किए जाने वाले विभिन्न निर्माण कार्य तेज गति से जारी हैं। लालपुर ब्रिज में पाइलिंग का कार्य प्रगतिरत है। इसमें 87 में से 51 पाइल कंप्लीट हो चुके हैं। वहीं कर्कराज पार्किंग, भूखी माता मंदिर, शिप्रा ब्रिज में विगत 14 फरवरी को सभी पाइलिंग का काम पूरा हो चुका है। अब पाइल कैप्स लगाए जा रहे हैं और सब स्ट्रक्चर कार्य भी प्रगतिरत है। संभागायुक्त सह मेला अधिकारी श्री सिंह के निदेर्शानुसार सिंहस्थ निर्माण कार्यों के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए उन्हें निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने का काम किया जा रहा है।

### नि:शुल्क रक्त परीक्षण शिविर में 150 लोगों ने कराई जांच

**उज्जैन।** रविवार को मानव सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य से इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी उज्जैन एवं डॉ. राजेंद्र जैन पारमार्थिक चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन डॉ. राजेन्द्र जैन सभागृह क्षीरसागर में किया गया। शिविर में 150 लोगों ने अपने रक्त की जांच कराकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि रेड क्रॉस सोसाइटी उज्जैन के राजेश कुशवाह, चेयरमैन राजेन्द्र झालानी, सचिव श्री अनुराग जैन एवं पूर्व चेयरमैन श्री गोपाल माहेश्वरी उपस्थित रहे। वहीं पारमार्थिक चिकित्सालय की ओर से सुरेश जैन, डॉ. देवेंद्र गोधा, दिलीप सोगानी प्रवीण रावत, जीवंधर जैन आदि ने अपनी सेवाएं दी।

### जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**उज्जैन।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की जानकारी के अनुसार जिले में टीकाकरण से रोके जा सकने वाली बीमारियों की निगरानी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित चारों चरणों की प्रशिक्षण कार्यशालाएं पूर्णत: सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी हैं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य था कि पूर्व में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा समर्थित तंत्र के माध्यम से संचालित टीकाकरण से रोके जा सकने वाली बीमारियों की निगरानी गतिविधियां अब एकीकृत रोग निगरानी के अंतर्गत नियमित रूप से संचालित की जाएं। कार्यक्रम में संक्रमण की प्रक्रिया को सुचारु रूप से लागू करने के लिए यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण कदम है।

### अष्टांग आयुर्वेद अस्पताल में शाम की ओपीडी शुरू

**उज्जैन।** समय की उपलब्धता एवं मरीजों की सुगमता के लिए प्रमुख सचिव आयुष विभाग के निर्देश अनुसार शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय लोकमान्य नगर द्वारा सायं कालीन ओपीडी की शुरूआत की गई है, जिसमें मरीज शाम के समय भी विशेषज्ञों को अपनी बीमारी बता सकते हैं, शुभारंभ के दौरान प्राचार्य डॉ अजीत पाल सिंह चौहान उपस्थित रहे। प्राचार्य ने बताया कि चिकित्सा सेवा हमारा मूल धर्म है एवं समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।

# मृतकों के आश्रितों को नौकरी देंगे, दोषियों पर कार्रवाई करेंगे

## महापौर बोले- चैंबर में उतरने से कर्मचारियों की मौत की होगी जांच, चैंबर में बगैर संसाधन-किट नहीं उतरते कर्मचारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में सोमवार शाम को सीवर टैंक में उतरने से नगर निगम के दो कर्मचारियों की मौत के मामले में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जांच के निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी और मृत कर्मचारियों के आश्रितों को आउटसोर्स पर नौकरी दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने निगम कर्मचारियों से कहा है कि वे बिना संसाधन व किट के सीवर टैंक में ना उतरें। जोन 13 में चोइथराम मंडी गेट के पास 30 फीट गहरे सीवर टैंक में करण यादव और अजय डोडियार उतरे थे। टैंक के अंदर जहरीली गैस थी, इस कारण उनकी दम घुटने से मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार कर्मचारियों की ड्यूटी शाम 5 बजे तक थी। उस समय मौके पर तीन कर्मचारी मौजूद थे। शाम करीब 6:30 बजे नगर निगम के आउटसोर्स से कार्यरत दो कर्मचारी जोन-13 क्षेत्र में प्राइमरी मेन लाइन में सेफ्टी टैंक की डीवॉटरिंग की जा रही थी, तभी पाइप का टुकड़ा चैंबर में गिरा था उसे वे निकाल रहे थे, तभी ये हादसा हुआ था।



महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि दोनों कर्मचारी आउटसोर्स पर थे। इसलिए हमने दोनों के आश्रितों को आउटसोर्स पर नौकरी देने के लिए कहा है। इस दुख की घड़ी में नगर निगम की पूरी टीम दोनों परिवार के साथ है। घटनाक्रम क्या है, कैसे हुआ है। इसके पीछे कोई दोषी है, इसकी जांच करने के लिए निर्देश दे दिए हैं। सीएम डॉ.मोहन यादव ने भी इस दुखद घटना का तुरंत संज्ञान लेकर मृतकों के परिवारों को 30-30 लाख रुपए की राहत राशि देने की घोषणा भी की है।

### चैंबर की सफाई के लिए नहीं उतरे थे कर्मचारी

महापौर ने बताया कि दोनों कर्मचारी ड्रेनेज लाइन या चैंबर की सफाई के लिए नहीं उतरे थे, बल्कि प्राइमरी लाइन में सेफ्टी टैंक की डीवॉटरिंग के दौरान पाइप का तुकड़ा चैंबर में गिर गया था, जिसे निकालने के लिए पहले एक कर्मचारी उतरा और जब वह वापस नहीं आया तो दूसरा कर्मचारी उसे देखने के लिए उतर गया और गैस से दोनों की मौत हो गई। इन कर्मचारियों को सफाई के निर्देश भी नहीं दिए गए थे।

उन्होंने बताया कि सभी को स्पष्ट निर्देश हैं कि छोटी लाइन हो या बड़ी। चैंबर के अंदर उतरकर किसी भी प्रकार की सफाई नहीं करना है। ड्रेनेज-चैंबर की सफाई के लिए जो प्रॉटोकॉल है, जो संसाधन है, जो किट है, जो प्रक्रिया है उसी अनुरूप टीम उस काम को करती है। ये डीवॉटरिंग का काम किसके निर्देश पर हो रहा था, क्यों हो रहा था इसकी जांच करवाई जा रही है। जांच में जो स्थिति आएगी उस आधार पर सभी दोषियों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

### पाइप का हिस्सा निकालने उतरे थे कर्मचारी

इंदौर में सोमवार शाम को सीवर टैंक में घुसने से नगर निगम के दो कर्मचारियों की मौत हो गई। सीवर टैंक 25-30 फीट गहरा है। टैंक के अंदर जहरीली गैस से उनका दम घुट गया। मरने वालों की पहचान करण यादव और अजय डोडिया के तौर पर हुई है। घटना जोन 13 में चोइथराम मंडी गेट के पास की है।

जानकारी के अनुसार, कर्मचारियों की ड्यूटी शाम 5 बजे तक थी। उस समय मौके पर तीन कर्मचारी मौजूद थे। शाम करीब 6:30 बजे नगर निगम के कर्मचारी जोन-13 क्षेत्र में सीवर सफाई कर रहे थे। चैंबर को मशीन के जरिए खाली किया जा रहा था। सक्शन टैंकर से नियमित सफाई चल रही थी।

इसी दौरान सफाई में उपयोग हो रहा एक इक्विपमेंट/पाइप का हिस्सा चैंबर के भीतर गिर गया। पाइप का हिस्सा निकालने के लिए एक कर्मचारी नीचे उतरा। कुछ देर बाद उसकी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद दूसरा कर्मचारी भी चैंबर में उतर गया।इंदौर के चोइथराम गेट स्थित एक चैम्बर में गिरे पाइप को निकालने के दौरान उतरे नगर निगम के दो कर्मचारियों करण और अजय की मौत हो गई। हादसे के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मामले का संज्ञान लिया है।

वहीं मौके पर मौजूद कर्मचारी ने बताया कि जब दोनों काफी देर तक बाहर नहीं आए, तो अंदर से एक आवाज सुनाई दी। झांककर देखा तो दोनों कर्मचारी बेहोश अवस्था में पड़े थे। इसके बाद अकबर भी नीचे उतरा गया था। इस दौरान मौके पर अमन भी मौजूद थे, जो कुली का काम करते हैं।

निगमकर्मियों को बचाने सीवर टैंक में उतरे अमन सेम ने बताया कि मुझे पता चला कि दो लोग चैंबर में डूब गए हैं। मैंने अपनी कमर में रस्सी बांधी और चैंबर में नीचे उतरा। हुक को एक आदमी की बेल्ट से फंसा दिया। इस दौरान मेरे मुंह में गैस भर गई थी, फिर हम दोनों ऊपर आ गए।

# विजयनगर के खाली मैदान में बाइक पर प्रेम प्रदर्शन



## डेढ़ घंटे तक चला आपत्तिजनक ड्रामा, वीडियो वायरल होने पर नाराजगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के पॉश इलाके विजयनगर में शनिवार शाम उस समय अजीब स्थिति बन गई, जब एनआरके बिजनेस पार्क के सामने खाली पड़े मैदान में एक युवक-युवती का सार्वजनिक प्रेम प्रदर्शन चर्चा का विषय बन गया। करीब डेढ़ घंटे तक बाइक पर बैठकर दोनों द्वारा की गई हरकतों का वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार शाम करीब 7 बजे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि युवक-युवती एक बाइक पर मैदान के बीचों-बीच आकर रुके और लंबे समय तक वहीं बैठे रहे। इस दौरान वे सार्वजनिक स्थान पर एक-दूसरे को गले लगाते नजर आए। आसपास से गुजर रहे लोगों का ध्यान जब इस ओर गया तो कुछ ने आपत्ति भी जताई, जबकि कुछ ने इसका वीडियो बना लिया।

### मामला चर्चा का विषय बना हुआ

क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि एनआरके बिजनेस पार्क के सामने का मैदान लंबे समय से खाली पड़ा है, जहां शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि या तो इस मैदान की घेराबंदी की जाए या नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। शहर के मध्य में इस तरह का खुला प्रेम प्रदर्शन एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर रहा है कि सार्वजनिक स्थानों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था कितनी प्रभावी है। फिलहाल वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर किया जा रहा है और मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

### अभी तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया

नंबर वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि युवक युवती को दोनों हाथों से पकड़कर लगातार गले लगाए हुए है। युवती बीच-बीच में खुद को अलग करने का प्रयास करती नजर आती है, लेकिन युवक उसे पकड़े रहता है। यह पूरा घटनाक्रम खुले मैदान में, मुख्य सड़क के सामने होने के कारण राहगीरों और आसपास मौजूद लोगों के लिए असहज स्थिति पैदा करता रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि विजयनगर क्षेत्र में पहले भी खाली मैदानों और सुनसान स्थानों पर इस तरह की घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन इस बार मामला इसलिए चर्चा में है क्योंकि यह घटनाक्रम काफी देर तक चलता रहा और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लोगों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह का व्यवहार न केवल सामाजिक मयार्दाओं के खिलाफ है, बल्कि कानून-व्यवस्था के लिए भी चुनौती बन सकता है। हालांकि, इस मामले में अब तक इंदौर पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वीडियो पुलिस के संज्ञान में आया है या नहीं।

# पितृहीन किशोर पढ़ाई के साथ काम कर पाल रहा अपना परिवार

## संचालक को दिए बच्चे की अच्छी शिक्षा की समझाइश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पितृहीन किशोर मजबूरी में अपने परिवार का पालन करने के लिए पढ़ाई के बाद ढाबे पर काम कर रहा है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करने गए दल ने स्थिति को समझो और ढाबे के संचालक को बच्चों की अच्छी शिक्षा में सहयोग की समझाइश दी।

महिला एवं बाल विकास विभाग और श्रम विभाग बाल श्रम को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में निरंतर कार्रवाई कर रहा है इसी क्रम में शिकायत के आधार पर जब दल स्कीम नंबर 94 स्थित मुरलीधर का ढाबा पर पहुंचा। वहां पर जांच में एक 16 वर्षीय किशोर काम करते हुए मिला। पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसके पिता नहीं है और परिवार की जिम्मेदारी है मां बेटे मिलकर उठा रहे हैं। सुबह हुआ अपनी पढ़ाई करता है उसके बाद ढाबे पर काम करने आता है।




दल के सदस्यों ने किशोर की बात को समझो और गंभीर कार्य न होने के कारण करवाई ना करते हुए ढाबा संचालक को समझाया कि वह बालक की शिक्षा में सहयोग करें। विभाग न सिर्फ बाल श्रम को लेकर कार्रवाई कर रहा है बल्कि बच्चों की शिक्षा और आत्मनिर्भरता को लेकर भी प्रयास में जुटा हुआ है। थाना लसुडिया क्षेत्र के अंतर्गत की गई इस कार्रवाई में महिला में बाल विकास विभाग से आशीष गोस्वामी, चाइल्ड लाइन के फूल सिंह कारपेंटर, श्रम विभाग की निरीक्षक तृप्ति डाबर, रविंद्र सिंह ठाकुर, विशेष किशोर पुलिस इकाई और लसुड़िया थाने का पुलिस बल शामिल रहा।

# चंद्रग्रहण के सूतक काल में भी खुले महाकाल मंदिर के कपाट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा पर मंगलवार को चंद्रग्रहण के सूतक काल के बावजूद उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन और पूजा का क्रम जारी रहा। जहां सामान्यतः ग्रहण के वेध काल में मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाते हैं, वहीं महाकाल मंदिर में परंपरा अनुसार श्रद्धालुओं को दर्शन का लाभ मिल गया ।

शाम 6:32 से 6:46 बजे तक रहने वाले 14 मिनट के चंद्रग्रहण का वेध काल सूर्योदय से ही प्रारंभ हो गया है। इसके कारण मंदिर की पूजा पद्धति में भी आंशिक परिवर्तन किया गया, जिसके चलते सुबह की उद्योदक और भोग आरती में भगवान को केवल शक्कर का भोग अर्पित किया गया। मंदिर प्रशासन के अनुसार ग्रहण समाप्ति के बाद शुद्धिकरण, भगवान का स्नान एवं विशेष पूजन कर संध्या आरती संपन्न की जाएगी।

### क्यों नहीं रुकता पूजा क्रम?

मंदिर के पुजारियों के अनुसार श्री महाकालेश्वर मंदिर दक्षिणमुखी है और भगवान महाकाल कालों के काल माने जाते हैं। मान्यता है कि महाकाल पर किसी ग्रह या नक्षत्र का प्रभाव नहीं पड़ता, इसलिए ग्रहण या वेध काल के दौरान भी मंदिर में पूजा-अर्चना और दर्शन व्यवस्था बाधित नहीं होती।

मंगलवार को भी भस्म आरती से लेकर शयन आरती तक प्रतिदिन की तरह मंदिर खुला रहा है और सूतक काल में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन और पूजा का क्रम जारी रहा ।

### शासकीय सेवकों को मिलेगा 3 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता

**इंदौर।** मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को उल्लास एवं रंगों के त्यौहार होली की बधाई और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को होली के तोहफे के रूप में डीए में वृद्धि की सौगात दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर अब 58 प्रतिशत हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कर्मचारियों को भारत सरकार के समान माह अप्रैल 2026 पेड इन मई 2026 के वेतन पर 58 प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ दिया जाएगा।

# पुलिस की सख्त चौकिंग: 543 पर कार्रवाई, 280 नशे में चालक पकड़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगामी होली, रंगपंचमी और रमजान को देखते हुए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने शहरभर में विशेष चौकिंग और पेट्रोलिंग अभियान चलाया। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर 1-2 मार्च की दरमियानी रात 3 बजे तक सभी थाना क्षेत्रों में सघन कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान गुंडे-बदमाशों व असामाजिक तत्वों पर नकेल कसते हुए 543 लोगों पर वैधानिक कार्रवाई की गई। विभिन्न मामलों में 103 से अधिक वारंट तामील किए गए, जिनमें 21 स्थाई, 31 गिरफ्तारी और 51 जमानती वारंट शामिल हैं।



शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कड़ा प्रहार करते हुए 280 वाहन चालकों को चेक किया गया, जिनमें से 185 पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के 24 और मादक पदार्थ सेवन के 10 प्रकरण दर्ज किए गए।

पुलिस ने अवैध हथियार लेकर घूम रहे 6 बदमाशों को पकड़ा, वहीं 12 आरोपियों से 200 से अधिक क्वार्टर देशी शराब, एक पेटी बीयर और 4 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त कर आबकारी एक्ट में कार्रवाई की गई। संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च और हॉटस्पॉट इलाकों में ड्रोन पेट्रोलिंग भी की गई। पुलिस ने साफ किया है कि त्योहारों के दौरान ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## त्रिवेणी से भैरवगढ़ तक टीम ने स्टॉपडैम और रिटेनिंग वाल के कार्यों का भी निरीक्षण

# मोक्षदायिनी शिप्रा नदी की बदहाली पर एनजीटी ने अपनाया कड़ा रुख

### उज्जैन के प्रमुख घाटों पर स्थिति चिंताजनक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मोक्षदायिनी शिप्रा नदी की वर्तमान स्थिति को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने कड़ा रुख अपनाया है। नदी की दयनीय हालत का जायजा लेने पहुंची एनजीटी की विशेष संयुक्त जांच टीम ने त्रिवेणी संगम से लेकर भैरवगढ़ क्षेत्र तक का विस्तृत निरीक्षण किया।

इस दौरान टीम ने न केवल नदी में मिल रहे गंदे नालों को देखा, बल्कि तटों पर मशीनों से काटे जा रहे वर्षों पुराने पेड़ों और जलीय प्रदूषण पर भारी नाराजगी जताई। जांच दल ने पाया कि उज्जैन के प्रमुख घाटों पर स्थिति चिंताजनक है। टीम को कई स्थानों पर नदी के शुद्ध जल में सीधे मिलता हुआ मल-मूत्र और सीवरेज का पानी दिखाई दिया। भैरवगढ़ क्षेत्र और सिद्धवट के समीप 50 साल से भी अधिक पुराने छायादार पेड़ों को मशीनों से काटा जा रहा है, जिस पर टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए।




कान्ह नदी का दूषित पानी रोकने के लिए बनाए जा रहे स्टॉपडैम और रिटेनिंग वाल के कार्यों का भी बारिकी से निरीक्षण किया। एनजीटी की भोपाल बेंच के निर्देश पर गठित इस दल में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अधिकारी शामिल थे।

### टीम ने फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करवाई



टीम ने त्रिवेणी घाट, गऊघाट, रामघाट और दत्त अखाड़ा जैसे प्रमुख स्थलों की एक-एक हिस्से की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करवाई है, ताकि ट्रिब्यूनल के समक्ष पुख्ता रिपोर्ट पेश की जा सके।

### 10 मार्च को होगी सुनवाई

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महापर्व के लिए शिप्रा शुद्धीकरण पर करोड़ों रुपये खर्च करने की योजना है, लेकिन धरातल पर नदी की स्थिति अब भी जस की तस बनी हुई है। प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि एनजीटी द्वारा गठित टीम ने मौके का मुआयना कर लिया है और वे अपनी रिपोर्ट सीधे ट्रिब्यूनल को सौंपेंगे। इस मामले की अगली महत्वपूर्ण सुनवाई 10 मार्च को होनी है।

# इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक वीडियो डालने वाले आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध

## सोशल मीडिया पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने वाले असामाजिक तत्वों पर अलीराजपुर पुलिस की पैनी नजर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

आलीराजपुर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर निगरानी और महिला सुरक्षा को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली में एक युवती की शिकायत पर इंस्टाग्राम आईडी के विरुद्ध आईटी एक्ट एवं बीएनएस की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

घटना का विवरणः शिकायतकर्ता युवती अपनी बहनों के साथ दिनांक 28 फरवरी को ग्राम नानपुर के भंगोरिया हाट बाजार में सम्मिलित होने गई थी। इस दौरान एक अज्ञात युवक द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में आई हुई युवतियों का उनकी बिना अनुमति के वीडियो बनाया गया। बाद में उक्त वीडियो को इंस्टाग्राम आईडी से आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणियों (ऑडियो) के साथ पोस्ट किया गया, जिससे युवतियों की गरिमा और लज्जा को ठेस पहुँची।

पीड़िता का साहस और जागरूकताः इस मामले में पीड़िता ने अत्यंत साहस और जागरूकता का परिचय दिया। जैसे ही उन्हें इस कृत्य की जानकारी मिली, उन्होंने चुप रहने के बजाय कानून का सहारा लेना उचित समझा। पीड़िता ने तत्काल थाना कोतवाली पहुँचकर अपने परिजनों के साथ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की सक्रियता की सराहना करते हुए आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 78 एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 व 67 के तहत अपराध क्रमांक 0/2026 पंजीबद्ध कर घटनास्थल थाना नानपुर क्षेत्रान्तर्गत होनें से अग्रिम अनुसंधान हेतु नानपुर भेजा जाकर प्रकरण अनुसंधान में लिया गया है।

पुलिस की चेतावनी एवं एडवायजरीः थाना प्रभारी निरीक्षक सोनू सिटोले ने बताया कि अलीराजपुर साइबर पुलिस और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल लगातार सक्रिय है। ऐसे असामाजिक तत्व जो सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर महिलाओं की निजता भंग करते हैं या अमर्यादित टिप्पणियां करते हैं, उनके विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

अलीराजपुर पुलिस की अपीलः- मयार्दा बनाए रखेंः सोशल मीडिया पर किसी का भी संबंधित की अनुमति के बिना उनका फोटो या वीडियो बनाना और उसे सार्वजनिक करना कानूनी अपराध है। भ्रामक पोस्ट से बचेंः किसी भी प्रकार की असामाजिकता या अमर्यादित टिप्पणियां फैलाने वाले कंटेंट को शेयर या लाइक न करें। सजग बनेंः यदि आपके साथ या आपके संज्ञान में ऐसी कोई घटना आती है, तो पीड़िता की तरह जागरूक बनें और तुरंत नजदीकी थाने या साइबर सेल को सूचित करें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# ग्राम चोली में तेंदुए की सूचना निकली अफवाह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

ग्राम चोली के मोहनाघाटी क्षेत्र में लगातार कुछ दिनों से तेंदुए की उपस्थिति की बातें चल रही थी। हर किसी के मन में तेंदुए का खौफ बैठ गया था। जिसके चलते शाम 6 बजे के बाद किसानों ने इस क्षेत्र में जाना बंद कर दिया। किसानों ने इसकी सूचना ईको वेलफेयर सोसाइटी और वन विभाग को दी। जिस पर रविवार को दोनों के संयुक्त दल ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। दल ने प्रत्यक्षदर्शियों के बताए स्थानों पर सर्चिंग अभियान चलाया। जिसके बाद क्षेत्र में तेंदुए के मूवमेंट की खबर कोरी अफवाह साबित हुई। प्रत्यक्षदर्शी किसानों ने दल को बबलाई रोड स्थित तालाब किनारे के दो अलग अलग खेतों, बबलाई रोड के एक खेत और मोहना घाटी क्षेत्र के नहार खोदरा के दो स्थानों पर सर्चिंग की।

वन परिक्षेत्र अधिकारी विमला मुवेल ने बताया जानकारी मिलते ही 7 सदस्यीय दल को क्षेत्र में सर्चिंग के लिए भेजा था। सिर्फ बबलाई रोड वाले खेत में एक जानवर के पग चिन्ह दिखाई दिए हैं, जोकि लकड़बग्घा के हैं। किसी भी स्थान पर कोई पग चिन्ह, खरोच अथवा विष्ठा के अवशेष नहीं मिले हैं। इसलिए किसी भी प्रकार से डरने की आवश्यकता नहीं है। बावजूद इसके एहतियात के तौर पर ग्रामीणों को कहा गया है कि किसी भी जानवर के दिखाई देने पर वन विभाग के अधिकारियों, चौकीदारों या सोसाइटी के सदस्यों को तत्काल सूचना दें, ताकि त्वरित कारवाही की जा सके। दल में वनरक्षक मोहित पठोदे, हरीश अत्रे, ईको वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष नवीन कुमार, वन प्रहरी रामसिंह यादव, भादर चौहान, जगदीश पटेल भी शामिल थे।

ईको वेलफेयर सोसाइटी के सचिव महादेव सिंह पटेल ने कहा क्षेत्र में लकड़बग्घा के पगमार्क मिले हैं। जिससे यह कहा जा सकता है कि इस क्षेत्र में तेंदुए के बजाय लकड़बग्घे की मूवमेंट है। किसान जब भी खेतों में जाएं तो अपने साथ लाठी आदि साथ रखें। जंगली जानवर खुद इंसानों से डरते है। हमारी आहट पाते ही वह दूर भाग जाते हैं। इसलिए जब भी खेतों में जाएं तो आवाज करते हुए या बात करते हुए चलें। मोबाइल पर गाने भी बजा सकते हैं। जिससे जानवर को अपनी उपस्थिति का आभास दूर से ही हो जाए और वह वहां से चला जाए।

# सांसद पाटिल की मांग पर खंडवा भुसावल के बीच 6 फेरे होली स्पेशल मेमू ट्रेन प्रारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



होली पर्व हेतु सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के प्रयासों से सेंट्रल रेलवे ने खंडवा सनावद के बीच चल रही मेमू के रैक का उपयोग करते हुए 6 फेरे खंडवा भुसावल होली स्पेशल मेमू ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। समाजसेवी व सांसद प्रवक्ता सुनील जैन एवं मध्य रेल समिति सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि सेंट्रल रेलवे ने खंडवा भुसावल के बीच 6 फेरे होली स्पेशल मेमू ट्रेन चलाकर रेल यात्रियों को बड़ी सुविधा दी है। खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल लगातार महाप्रबंधक सेंट्रल रेलवे मुंबई और डीआरएम भुसावल को मांग करते आ रहे थे कि खंडवा में कई घंटों मेमू का रैक फ्री खड़ा रहता है। इसका फेरे बढ़ाकर सदुपयोग किया जाना चाहिए। सांसद पाटिल ने कहा सेंट्रल रेलवे ने प्रशंसनीय निर्णय लिया है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का प्रयास है कि आगामी समय में स्थाई रूप से भुसावल से खंडवा और आगे सनावद तक एक अतिरिक्त फेरा वृद्धि करवाया जाएगा। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा भुसावल मेमू ट्रेन रविवार को शाम 5.10 से प्लेटफार्म नंबर 3 से रवाना हुई इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सुनील जैन स्टेशन मास्टर अरविंद शाह श्री यादव अनिल माहिती पूर्व पार्षद अनीता श्याम शाह ने ट्रेन पायलट एवं अन्य स्टॉप का पुष्पमाला से स्वागत किया।

# नेपानगर में रही आदिवासी भगोरिया हाट की धूम, पारंपरिक वेशभूषा में नजर आया आदिवासी समाज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर जिले के नेपानगर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रविवार को भगोरिया की धूम रही यहां आदिवासी समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में ढोल मांदल की थाप पर जमकर झूमते नजर आए नेपानगर में पर्यटन, संस्कृति एवं जनजातीय विभाग के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद नेपानगर द्वारा अभिव्यक्ति संस्था के माध्यम से भगोरिया महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें सैकड़ों आदिवासी समाज के पारंपरिक वेशभूषा में ढोल मांदल ग्रुप अपनी अपनी टिम के साथ नेहरू स्टेडियम में पहुंचे और अपनी संस्कृति की छाप इस मैदान पर छोड़ी जिन्हें प्रशासन राशि भी प्रदान की गई वही बाजार सहित नेहरू स्टेडियम में झूले व पकवानों की दुकानें भी आकर्षण का केंद्र रही जहां आदिवासी समाज ने जमकर खरीदारी भी की युवक युवतियां एक दूसरे के संग रंग गुलाल खेलते नजर आए संस्था अध्यक्ष रोहित यादव ने बताया कि प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी भगोरिया महोत्सव कार्यक्रम का अभिव्यक्ति सोशल, कल्चरल एंड वेलफेयर सोसायटी नेपा द्वारा आयोजन किया गया जिसमें लगभग 70 हजार से अधिक क्षेत्र वासियों ने भाग लिया संस्था का संदेश भी समाज जनों तक पहुंचाया गया जिसमें मध्यप्रदेश के 12 लोक आदिवासी नृत्य की छाया सहित जानकारी की झांकियां दिखाई साथ ही हमारे आदिवासी क्रांतिकारियों की भी छवियां इस महोत्सव ने दिखाई गई माननीय मुख्य मंत्री मोहन यादव ने भगोरिया को आदिवासी राजकीय पर्व के रूप में घोषित किया जिसके आधार और परिदृश्य को कई दृष्टिकोणों से समझ कर इस झांकियों को आदिवासी समाज जानो के सामने संस्था द्वारा प्रदर्शित किया गया ।

कार्यक्रम की शुरूवात जिलापंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को की के सम्मुख की गई जो कि स्वयं आदिवासी जन नेता है कार्यक्रम की रूपरेखा संस्था संरक्षक प्रवीण काटकर की दूरदृष्टी को मध्यनजर रखते हुए तय की गई ।

भगोरिया के जश्न के मध्य पुलिस प्रशासन द्वारा नुक्कड़ नाट्य कर बल विवाह ओर साइबर क्राइम के बचे की सलाह दी जिसमें थाना प्रभारी ज्ञानु जायसवाल एवं आरक्षक मुकेश अलावा कार्य ओर कलाकार संभाले इस समस्त कार्य की कार्यकारी अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक मंजू दादू सभी क्षेत्र वाशियो को भगोरिया की शुभकामनाएं दी एवं सबके साथ कदम भी थिरकाए , कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटील, उपाध्यक्ष सरला प्रवीण काटकर, नेपानगर एसडीएम भगीरथ वाखला, नगर पालिका सीएमओ मोहन अलावा, प्रवीण काटकर, विजय यादव, विनोद पाटील, राजेश चौहान, मंडल अध्यक्ष निलेश महाजन, मंडल महामंत्री राहुल यादव,युवा नेता नितेश वर्मा, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र मसाने आदि उपस्थित थे।

# माँ मोटी माता परिसर में ताप्ती नर्मदा रेल लाइन को लेकर बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

ताप्ती नर्मदा रेल लाइन समिति के केंद्रीय संयोजक दामोदर अग्रवाल की अध्यक्षता में माँ मोटी माता परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि खंडवाझअलीराजपुर रेलवे लाइन के सर्वे कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा वृहद परियोजना प्रतिवेदन (ष्ठक्कक्र) तैयार करने की प्रक्रिया जारी है।

बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया, जिनमें झाबुआझअलीराजपुर सांसद अनिता नागरसिंह चौहान, केंद्रीय राज्यमंत्री एवं धार सांसद सावित्री ठाकुर, खरगोनझबड़वानी सांसद गजेंद्र पटेल, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल तथा राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी शामिल हैं। बैठक में विश्वास व्यक्त किया गया कि शीघ्र ही रेल लाइन को स्वीकृति प्राप्त होगी और बड़वानी जिलेवासियों का रेल यात्रा का सपना साकार होगा।

रेल लाइन से क्षेत्र को संभावित लाभ

सस्ती और सुगम यात्रा सुविधा झ विद्यार्थियों, मरीजों व श्रमिकों को बड़े शहरों तक आसान आवागमन। व्यापार एवं कृषि को बढ़ावा झ कपास, मिर्च, सोयाबीन सहित स्थानीय उत्पादों का तेज परिवहन।

रोजगार के अवसर झ निर्माण कार्य से लेकर संचालन तक स्थानीय युवाओं को रोजगार। स्वास्थ्य व शिक्षा में सुविधा झ इंदौर, खंडवा, धार आदि शहरों तक शीघ्र पहुँच।पर्यटन विकास झ क्षेत्र के धार्मिक व प्राकृतिक स्थलों तक पहुँच आसान।

इस अवसर पर सर्वश्री अमित शर्मा, राजेंद्र देवड़े, नारायण वर्मा, भगवती प्रसाद कुमरावत, दीपक जेमन, जगन्नाथ गुप्ता, ताराचंद शर्मा, वीरेंद्र रावत, अशोक शर्मा, संजय माले, संतोष गुप्ता, महेश धनगर, बालकृष्ण सोनगरा, नितिन बद्रीलाल अग्रवाल एवं राजेश राठौड़ सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने एक स्वर में कहा कि यह रेल परियोजना बड़वानी जिले के समग्र विकास की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

# होलिका पर्व पर भाजपा संगठन ने जिले को बड़ी राजनीतिक सौगात दी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

होलिका पर्व के मौके पर भाजपा संगठन ने जिले को बड़ी राजनीतिक सौगात दी। किसान कल्याण वर्ष के तहत की गई महत्वपूर्ण नियुक्तियों में पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज लधवे को प्रदेश किसान मोर्चा का महामंत्री मनोनीत किया गया है। घोषणा होते ही जिले में कार्यकताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशी जताई और इसे संगठन में जिले की बढ़ती ताकत के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक हलकों में इसे श्री लधवे की संगठनात्मक सक्रियता और जमीनी पकड़ का परिणाम माना जा रहा है।

लधवे का राजनीतिक सफर वर्ष 2010-11 में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद से शुरू हुआ। उनके कार्यकाल को संगठन विस्तार और सामाजिक अभियानों के लिए याद किया जाता है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर च्च्तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगाज्ज के संदेश को जनसेवा से जोड़ते हुए उन्होंने जिले में बड़े स्तर पर रक्तदान अभियान चलाया। युवा मोर्चा कार्यालय के माध्यम से लगभग ३० हजार रक्तदाताओं की सूची तैयार की गई। जरूरतमंदों–विशेषकर प्रसूता महिलाओं को समय पर रक्त उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। इतना ही नहीं, महाराष्ट्र और प्रदेश के अन्य जिलों तक भी रक्त पहुंचाने की पहल की गई।

श्री लधवे के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई पौधारोपण अभियान चलाए गए। संगठनात्मक बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही।

जब वे भाजपा जिलाध्यक्ष बने, तब उनके कार्यकाल में संपन्न चुनावों में श्री लधवे ने कुशल रणनीति और माइक्रो मैनेजमेंट के चलते पार्टी को बड़ी जीत मिली। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उन्होंने संगठन में समन्वय और अनुशासन की संस्कृति को मजबूत किया। पूर्व प्रधानमंत्री श्रध्देय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की अस्थियों को व्यवस्थित रूप से संरक्षित कर मोहन नगर स्थित भाजपा जिला कार्यालय के सामने मध्यप्रदेश का पहला ऐतिहासिक अटल स्मृति स्थल का निर्माण कराया गया। साथ ही भाजपा कार्यालय का नामकरण च्च्अटल कुंजज्ज किया गया। यह कदम कार्यकताओं के लिए भावनात्मक जुड़ाव का केंद्र बना।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा संगठन अपने सक्रिय और परिणाम देने वाले कार्यकताओं को आगे बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहा है। श्री लधवे की नियुक्ति इसी रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। शांत स्वभाव, सबको साथ लेकर चलने की क्षमता और कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर सफल बनाने की शैली ने उन्हें प्रदेश स्तर तक पहचान दिलाई।

कुशल रणनीतिकार मनोज लधवे को अहम जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा, संभाग प्रभारी श्री सुरेन्द्र शर्मा, सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक अर्चना चिटनीस का आभार व्यक्त किया। अब प्रदेश किसान मोर्चा में महामंत्री की जिम्मेदारी के साथ उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा की रतलाम मुख्य शाखा में होली मिलन समारोह आयोजित

**रतलाम।** बैंक ऑफ बड़ौदा की रतलाम मुख्य शाखा द्वारा होली के पावन अवसर पर बैंक के सेवानिवृत्त एवं वर्तमान स्टाफ के साथ भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अपने अनूठे और आत्मीय अंदाज में आयोजित इस समारोह ने सभी कर्मचारियों के बीच स्नेह और सौहार्द के रंग घोल दिए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य प्रबंधक सुमित खंडेलवाल, वरिष्ठ प्रबंधक संजय मकवाना एवं सेवानिवृत्त वरिष्ठ शाखा प्रबंधक महेश मंत्री द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों के स्वागत एवं होली की शुभकामनाओं के साथ हुई। इसके पश्चात सेवानिवृत्त स्टाफ जयंतीलाल जैन ने क्विज के माध्यम से रोचक अंदाज में सभी स्टाफ सदस्यों का परिचय कराया, जिससे माहौल में उत्साह और हंसी-खुशी का रंग घुल गया। आगे प्रकाश जैन ने ताश की हाऊजी का मनोरंजक खेल आयोजित किया, वहीं अंताक्षरी प्रतियोगिता ने सभी को गीत-संगीत के रंग में सराबोर कर दिया। समारोह के दौरान सभी स्टाफ सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग लगाया, गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं और पारस्परिक सौहार्द का संदेश दिया। देर तक होली के गीत गूंजते रहे और मस्ती, उमंग तथा मुस्कान से भरे रंग-बिरंगे परिधानों में सजे सभी साथी यह कहते हुए विदा हुए कि "आज तो मजा आ गया। कार्यक्रम के सफल संयोजन में सभी सदस्यों के साथ मार्केटिंग मैनेजर सोमेश सिंह की विशेष भूमिका रही।

# मास्टर नेशनल गेम्स में आयुष विभाग जिला उज्जैन के संतोष लोवंशी ने तीन पदक जीते

**उज्जैन।** पुणे में आयोजित हुए 8वें मास्टर नेशनल गेम्स में आयुष विभाग के फार्मासिस्ट श्री संतोष लोवंशी (होम्योपैथिक फार्मासिस्ट) जो कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ताजपुर में पदस्थ है। 800 मीटर दौड़ में रजत पदक, 1500मीटर दौड़ में कांस्य पदक एवं 5 हजार मीटर दौड़ में भी कांस्य पदक जीत कर उज्जैन जिले एवं आयुष विभाग का नाम रोशन किया है। पदक जीत कर लौटे खिलाड़ी श्री संतोष लोवंशी का सम्मान किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सम्मान समारोह में जिला आयुष अधिकारी डॉ. मनीषा पाठक, खण्ड चिकित्सा अधिकारी ताजपुर डॉ. नवीन सिंह पंवार, डॉ. आशीष सक्सेना,श्री प्रमोद शर्मा आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला आयुष अधिकारी ने देते हुए बताया कि आगामी १४ से २७ मई २०२७ में होने वाले वर्ल्ड मास्टर गेम्स जो कि जापान के कनसई में आयोजित होंगे, के लिए भी फार्मासिस्ट श्री लोवंशी चयनित हो गए है।

## शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में नि :शुल्क प्रशिक्षण

**उज्जैन।** एस.एस.सी., रेल्वे एवं बैंकिंग चयन मण्डलों एवं अन्य शासकीय सेवा में चयन के लिए आयोजित होने वाली आगामी प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले म.प्र. के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के पात्र उम्मीदवारों के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण लेने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। प्रशिक्षण दिनांक 10 मार्च से प्रारंभ होना प्रस्तावित है। प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेज कार्यालयीन समय में जमा किए जा सकेंगे। आवेदन शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र सांवेर रोड दीनदयाल कॉम्प्लेक्स के पीछे गांधी नगर उज्जैन म.प्र. में जमा किये जाएंगे।

# किशोरी बालिकाओं में सर्वाईकल कैंसर की रोकथाम के लिए निःशुल्क टीकाकरण अभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

किशोरी बालिकाओं में सर्वाईकल कैंसर की रोकथाम के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। एचपीवी निःशुल्क टीकाकरण अभियान 28 फरवरी से आरंभ होकर आगामी 3 माह तक चलेगा। अभियान अंतर्गत 14 वर्ष से 15 वर्ष तक की बालिकाओं को एचपीवी का निः शुल्क टीका लगाया जाएगा। शासन के निदेर्शानुसार इस अभियान में 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी बालिकाओं को 90 दिन की विशेष छूट दी गई है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया कि जिले में 13 स्थानों पर टीके निःशुल्क लगाये जा रहे है। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन, जिला चिकित्सालय चरक भवन उज्जैन, सिविल अस्पताल माधवनगर, सिविल अस्पताल जीवाजीगंज, सिविल अस्पताल महिदपुर, सिविल अस्पताल नागदा, सिविल अस्पताल खाचरौद, सिविल अस्पताल बडनगर के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरवर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झारडा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तराना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंगोरिया में टीके निःशुल्क लगाये जा रहे है।

एचपीवी निःशुल्क टीकाकरण अभियान अंतर्गत यूवीन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, अपार आईडी, स्टूडेंट फोटो आईडी, पासपोर्ट, मदर एंड चाइल्ड प्रोटेक्शन कार्ड, स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट, दी मेट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट, परमानेंट ऐजुकेशन नंबर (पेन आईडी), राशन कार्ड, बैंक पास बुक, अनाथ आश्रय का जन्म डिक्लेरेशन प्रमाण पत्र और एज डिक्लेरेशन फार्म (माता पिता से अंडर टेकिंग लेकर) में से कोई भी एक दस्तावेज मान्य होगा।

अतः अपील है कि एचपीवी टीका पूर्णतः सुरक्षित है व किशोरी बालिकाओं में सर्वाईकल कैंसर की रोकथाम के लिए प्रभावी है। समस्त पात्र उम्र वर्ग की बालिकाए अपनी नजदीकी टीकाकरण केन्द्र पर जाकर टीका अवश्य लगवायें। अभियान अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयु की वह बालिकाएं जिनका टीकाकरण पहले हो चुका है उनका पुनः टीकाकरण नहीं किया जाएगा।

## न्यूज-कॉलम



### फाल्गुन माह की अष्टानिका के समापन पर 120 अर्घ्य समर्पित किये

**सनावद।** धर्म प्रभावना में अग्रणी रहने वाले नगर सनावद में फाल्गुन माह की अष्टानिका पर्व के समापन पर श्री आदिनाथ जिनालय में सिद्ध चक्र मंडल विधान रचाया गया। सन्मतिजैन काका ने बताया की जैन धर्म में अष्टानिका पर्व (अष्टाह्निका) साल में तीन बार आती है। यह आठ दिनों का एक प्रमुख शाश्वत पर्व है अभी जो कार्तिक,फाल्गुन आषाढ़ महीनों में शुक्ल पक्ष की अष्टमी से पूर्णिमा तक मनायी जाती है। इसी फाल्गुन माह की अष्टानिका के समापन पर मंगलवार 3 मार्च 2026 को आदिनाथ जिनालय मे प्रातः 7.15 बजे से अभिषेक,शांतिधारा पश्चात आचार्य श्री 108 विप्रणत सागर जी महराज द्वारा रचित सिद्ध चक्र मण्डल विधान रचाया गया जिसमें 120 अर्घ्य सभी समाजजनो के द्वारा समर्पित किए गए। इस पर प्रफुल्ल जैन, पूर्णिमा जैन, महिमा जैन के द्वारा पूजन संपन्न कराई गई। इस अवसर पर राजेश जटाले, पुष्पेंद्र पंचोलिया, अनित जटाले, तपन जैन, कमल काला, सुनील भूच,नंदलाल जैनी, टीकमचंद जैन, ज्ञानचंद भूच,हेमा जैन, विभूति अप्सरा जैन, राजकुमारी पंचोलिया,नैना चौधरी, प्रीति जटाले, सुनीता लश्करे रूपल चौधरी, प्रभा लश्करे, प्रतिभा जैन, लेखमाला जैन, रीना जैन सहितसभी समाजजन उपस्थित होकर धर्म प्रभावना में सहायक बनें।

### नगर में हर्षोल्लास के साथ हुआ होलिका दहन



**टाण्डा।** नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार रात्रि 9.30 बजे शुभ मुहूर्त में नगर के नरसिंह मंदिर के समीप होलिका दहन किया गया। होलिका दहन कार्यक्रम में नगर के सभी वर्गों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहा। होलिका दहन के पश्चात लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और होली के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

### कुशाग्र थेपड़िया ने सीए प्रोफेशनल परीक्षा में की सफलता प्राप्त

**अलीराजपुर।** थेपड़िया परिवार के बेटे कुशाग्र निलेश थेपड़िया ने सीए प्रोफेशनल प्रोग्राम परीक्षा में सफलता प्राप्त की परिणाम के अनुसार कुशाग्र ने प्रोफेशनल प्रोग्राम ग्रुप 1 में एकजेम्शन 198 अंकों के साथ कुशाग्र ने ग्रुप वन उत्तीर्ण किया कुशाग्र से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने अपनी मेहनत और दादा दादी एवं माता-पिता का आशीर्वाद अपने साथ होना अपनी सफलता का कारण बताया कुशाग्र ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पटेल पब्लिक स्कूल अलीराजपुर में प्राप्त की एवं आगे की तैयारी इंदौर पटेल एंड गुप्ता कंपनी में की कुशाग्र की इस उपलब्धि पर पूरे थेपड़िया परिवार एवं माहेश्वरी समाज अलीराजपुर द्वारा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना पूरे परिवार एवं समाज ने की है।



### नवागत पुलिस अधीक्षक ने बड़वानी जिले का पदभार ग्रहण किया

**बडवानी।** 2 मार्च 2026 को नवागत पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्म विलोचन शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बड़वानी पहुंचकर विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर एसडीओपी बड़वानी श्री दिनेश सिंह चौहान द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। थाना प्रभारी कोतवाली बड़वानी निरीक्षक श्री बलजीत सिंह बिसेन सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। नवागत पुलिस अधीक्षक ने जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आमजन के प्रति संवेदनशील एवं प्रभावी पुलिसिंग के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।



### सात लाख से केशव उधान में होगे जनउपयोगी कार्य



**उज्जैन।** वार्ड 53 के हरिओम विहार स्थित केशव उधान में 7 लाख रुपये से होने वाले जनउपयोगी कार्यो का विधिवत भूमि पूजन कर सोमवार को पार्षद श्रीमती निर्मलाकरण परमार द्वारा बताय गया कि इस कालोनी के लोगो की जागरुकता के कारण जहाँ दो वर्ष पूर्व इस उद्यान की दुर्दशा के कारण नागरिक यहाँ आने से कतराते थे वे अब यहाँ आकर मानसिक सकुन महसूस करते है नागरिको की जागरुकता जनप्रतिनिधियों को काम करने की प्रेरणा देती है। और इसी कारण इस उद्यान के सौंदर्य करण करने के लिए यह राशि मंजूर हुई है भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

## न्यूज -कॉलम

### जिलाबदर आदेश का उल्लघंन करता मिला बदमाश

**उज्जैन।** उर्दूपुरा के रहने वाले बदमाश मनीष पिता मुरलीधर भाटी 38 साल को अपराधिक गतिविधियों के चलते पिछले वर्ष नम्बर माह में जिलाधीश के आदेश पर 6 माह के लिये जिलाबदर किया गया था और हिदायत दी गई थी जिले के साथ संभाग की राजस्व सीमा में दिखाई दिया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। बावजूद बदमाश होली पर्व के चलते आदेश का उल्लघंन कर जिले की सीमा में आ गया। जीवाजीगंज थाना पुलिस को बदमाश के शहर में होने की खबर मिली तो एएसआई यशवंतसिंह टीम के साथ बदमाश की धरपकड़ के लिये निकले। बदमाश वीरसावरकर चौराहा पर घूमता दिखाई दिया। जिसे घेराबंदी कर हिरासत में लिया। एएसआई के अनुसार आदेश का उल्लघंन करने पर बदमाश के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 में प्रकरण दर्ज किया गया। जिसे मंगलवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### नर्सिंग कॉलेज के पास चाकू लेकर घूम रहे थे 2 बदमाश



**उज्जैन।** होली पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेक सोमवार-मंगलवार रात देवासगेट थाना पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही थी। इस दौरान नर्सिंग कॉलेज के पास 2 संदिग्ध दिखाई दिये। पुलिस को देख दोनों ने भागने का प्रयास किया। शंका होने पर पुलिस ने पीछा किया और दोनों को पकड़ उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 2 चाकू बरामद हो गये। एसआई राधेश्याम अवालिया ने बताया कि चाकू के साथ हिरासत में आये बदमाश सावन शेर और रौनक करपुरिया निवासी बहादूरगंज है। जिनके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्ररकण दर्ज किया गया है। दोनों के खिलाफ पूर्व में अपराधिक मामले दर्ज होना सामने आये है।

### हिसाब पूछने पर पत्नी और बच्चों ने लात-घूंसों से पीटा

**उज्जैन।** गरीब नवाज कालोनी में रहने वाला मोहम्मद इमरान पिता सलीम शाम को घर पहुंचा था, उसने पत्नी को दिये पैसों का हिसाब पूछा तो पत्नी ने विवाद शुरू कर दिया। दोनों के बीच कहासुनी काफी बढ़ गई। इसी बीच मोहम्मद इमरान के 2 बेटे भी आ गये और मां का साथ देते हुए पिता के साथ ताल-घूंसों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पत्नी और बच्चों द्वारा की गई मारपीट में घायल मोहम्मद इमरान महाकाल थाने पहुंचा और घटनाक्रम बताया। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया और पत्नी के साथ 2 बच्चों के खिलाफ मारपीट कर प्रकरण दर्ज किया।

### दोस्तों में कहासुनी के बाद रिक्शा चालक के घर तोड़फोड़

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के विक्रम गांधीनगर में रहने वाला पंकज पिता नगजीराम मालवीय रिक्शा चालक है। उसके दोस्त राहुल मालवीय और दीपक के बीच पूर्व में कहासुनी हो गई थी। उस दौरान पंकज ने बीच-बचाव किया था। मामला शांत भी हो गया था। सोमवार-मंगलवार रात 11.30 दीपक अपने साथी के साथ पंकज के घर पहुंचा और बीच-बचाव कर समझौता करने की बात पर गाली-गलौच करने लगा। पंकज ने गाली देने से मना किया तो दीपक और उसके साथी ने घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी और पथराव किया। जिसमें पंकज की मां प्रेमबाई मालवीय 45 साल घायल हो गई। हंगामा करने के बाद दीपक और उसका साथी भाग निकले। पंकज घायल मां का नागझिरी थाने लेकर पहुंचा, पुलिस ने मामले में तोड़फोड़ और पत्थरबाजी करने का प्रकरण दर्ज कर दीपक निवासी बजरंग कालोनी की तलाश शुरू की है।

### मुरम डालने की बात पर परिवार के 2 पक्षों में विवाद

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पाड्याखेड़ी में घर के सामने मुरम डालने की बात पर अरविंद पिता वीरेन्द्रसिंह पंवार 32 साल और गजेन्द्र पिता जगदीश पंवार 42 साल के परिजनों में विवाद हो गया। दोनों ओर से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामला थाने पहुंचने पर अरविंद ने बताया कि उसने अपने घर के सामने मुरम डालने से मना किया तो वीरेन्द्र के परिवार के मारपीट की, जिसमें उसके साथ साला रविन्द्रसिंह भी घायल हुआ है। वहीं गजेन्द्रसिंह ने आरोप लगाया कि भतीजे कुलदीप पिता गुलाबसिंह और उसके साथ अरविन्द्र के परिवार ने मारपीट की है। पुलिस ने मामले में क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। दोनों पक्ष एक ही परिवार से जुडें है। मकान निर्माण के लिये मुरम मंगवाई गई थी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 137-1 | 148-3 |
| मेन बाजार | 117-9 | 469-9 |
| कल्याण नाइट | 335-1 | 680-4 |
| मिलन डे | 334-0 | 456-5 |
| मिलन नाइट | 466-6 | 126 -9 |
| मधुर डे | 357-5 | 880-6 |
| मधुर नाइट | 358-6 | 559-9 |
| शुभांक | 2 7 | 8 |

# यूडीए के निर्माण कार्यों में भी सुरक्षा की अनदेखी

## निर्माण के नाम पर मौत का खेल, सुरक्षा नियमों को दरकिनार कर कार्यों को करवाने की जिम्मेदारी निभा रहे अधिकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के अन्न क्षेत्र के सामने निर्माणाधीन लड्डू प्रसाद यूनिट में निर्माण के नाम पर मौत का खेल सीधे तौर पर चल रहा है। उज्जैन विकास प्राधिकरण के इस निर्माण कार्य में सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। सुरक्षा नियमों को दरकिनार कर कार्यों को करवाने की जिम्मेदारी अधिकारी निभा रहे हैं।

उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा करवाए जा रहे इस निर्माण कार्य में मजदूर बिना किसी सुरक्षा उपकरण के काल के सामने गाल बजाते देखे जा सकते हैं। ऐसी स्थिति को देखने के बाद भी निर्माण के प्रभारी यंत्री न तो ठेकेदार को हिदायत दे रहे हैं और न ही इसके लिए किसी सुरक्षात्मक स्थिति का पालन करने के निर्देश देते ही देखे जा रहे हैं। गौरतलब है कि सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यो में अब तक सुरक्षात्मक लापरवाही के चलते तीन मजदूरों की बलि चढ़ चुकी है। इसके बावजूद निर्माण कार्यों में कार्य करने वाले मजदूरों की सुरक्षा की अनदेखी जारी है। विभागीय जिम्मेदार ऐसे मामलों से सीधे-सीधे नजर चुरा रहे हैं। साईड के जिम्मेदार सब-इंजीनियर राम पाटीदार हैं। उनका कहना है कि सुरक्षात्मक उपकरण तो हैं लेकिन मजदूर उनका उपयोग नहीं करते हैं। ठेकेदार की अनुपस्थिति और अधिकारियों की टालमटोल वाली कार्यशैली स्पष्ट करती है कि यहाँ सुरक्षा नियमों को दरकिनार कर निर्माण कार्यों को करवाने की जिम्मेदारी अधिकारी निभा रहे हैं।



सिंहस्थ के निर्माणों को तेज गति से पूर्ण कराने पर ध्यान

**निर्माण का निरीक्षण, कामगार की सुरक्षा नजरअंदाज**

साईडों पर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था तक नहीं, संसाधन अभाव में खतरों के बीच जारी काम

एक भी नोटिस नहीं

पर्यावरण को ताक में रखकर काम

निरीक्षण के समय नाम मात्र का पालन

सभी जगह प्राथमिक चिकित्सा का अभाव

निर्माण स्थलों पर सूचना पट्ट का अभाव

मोहनपुरा ब्रिज के श्रमिक की मौत



निर्माण की साईडों पर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था तक दिखाई नहीं देती है। संसाधन अभाव में खतरों से खेलते हुए ही निर्माण श्रमिक काम कर रहे हैं। हाल ही में निर्माण की साईडों पर हादसों की शुरूआत हो चुकी है। शांति पैलेस के सामने निर्माणाधीन ब्रिज में झारखंड निवासी एक श्रमिक की सरियों के बीच दब कर मौत हुई है। इस दौरान साफ तौर पर संसाधनों का अभाव सामने रहा है। यहां तक की दबे हुए मजदूर को निकालने के लिए गैस कटर के लिए गैस के सिलेंडर भी मंगवाना पडे और उसके बाद अपरांह् से दबे श्रमिक को कई घंटे बाद निकाला जा सका था। निर्माण के नियमों को ही सीधे तौर पर साईडों पर ताक कर रखकर काम किया जा रहा है लेकिन निरीक्षण में मात्र काम की गति देखी जा रही है निर्माण के नियमों को नहीं । काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा को भी सीधे तौर पर ही नजरअंदाज किया जा रहा है।

### निरीक्षण में नजरअंदाजी

निर्माण निरीक्षण के समय भी अधिकांश स्थलों पर साईड पर श्रमिक ऐसे ही काम करते देखे जा सकते हैं। सिर्फ अधिकारियों के निरीक्षण स्थल के आसपास ही सुरक्षात्मक उपकरण पहनाकर मजदूरों को घुमाया जाता है जिससे की फोटो में सुरक्षात्मक उपकरण के साथ काम करने के साक्ष्य भर रखे जा सकें। शेष समय में श्रमिक बगैर सुरक्षा संसाधन के ही अपने कामों को अंजाम दे रहे हैं।

### अधिकार लेकिन उपयोग नहीं

निर्माण से जुडे विभागों के पास असुरक्षात्मक रूप से काम लेने वाली एजेंसी को नोटिस देने का अधिकार होता है। ठेके की शर्तों में भी इसका जिक्र होता है। विभागीय अधिकारी एवं साईड इंजीनियर इसे लेकर अधिकार रखते हैं। उसके बावजूद अब तक एक भी निर्माण ठेका एजेंसी को ऐसा कोई नोटिस देने का और पेनल्टी लगाने का काम नहीं किया गया है। न तो ऐसे किसी मामले में कार्रवाई ही की गई है।

हमउम्र साथी ने देखा तो ग्रामीणों को बुलाने दौड़ा ......

# राघौपिपलिया तालाब में डूबे 2 बच्चे, डेढ़ घंटे बाद मिले शव





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर रोड पर मंगलवार दोपहर दुखद हादसा हो गया। 3 बच्चे गांव से आधा किलोमीटर दूर तालाब पर नहाने पहुंचे थे। जहां 2 गहरे पानी में चले गये। उन्हे डूबता देख तीसरा गांव की ओर दौड़ा और ग्रामीणों को जानकारी दी। डेढ़ घंटे की तलाश के बाद डूबे बच्चों के शव निकाले गये।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि दोपहर डेढ़ बजे के लगभग खबर मिली थी कि तपोभूमि के पास ग्राम राघौपिपलिया तालाब में 2 बच्चे डूब गये है। तत्काल पुलिस टीम राघौपिपलिया पहुंची। इस बीच ग्रामीणों और स्थानीय गोताखोरों ने तलाश शुरू कर दी थी। करीब डेढ़ घंटे की तलाश के बाद दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। जानकारी लेने पर सामने आया कि एक दीपेश पिता पवन राजोरिया 14 साल और दूसरा रोहित पिता गोवर्धन 15 साल है। दोनों राघौपिपलिया के रहने वाले है। उनके साथ हमउम्र शुभम भी गया था। लेकिन वह तालाब में नहीं उतारा था। उसने दोनों को डूबते देखा तो दौड़कर गांव पहुंचा और ग्रामीणों को सूचना दी। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों की बॉडी चरक अस्पताल पहुंचाई गई और मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया।

#### होली खेलने के बाद पहुंचे थे तालाब

मृतक बच्चों के रिश्तेदार शंकर राजोरिया ने बताया कि दोनों बच्चे होली खेलने के बाद परिवार को बिना बताये तालाब पर नहाने चले गये थे। दिपेश कक्षा 9 वीं का छात्र था और रोहित पढ़ाई नहीं करता था, घर पर ही रहता था। परिवार मजदूरी करता है। दोनों के कपड़े-चप्पल तालाब के पास मिले है। तालाब घर से आधा किलोमीटर दूर है। दोनों को तैराना भी नहीं आता था। संभवत: पानी कम होने का अंदेशा लगाकर तालाब में उतरे थे।

#### खबर मिलते ही ग्रामीणों की लगी भीड़

2 बच्चों के तालाब में डूबने की खबर ग्राम राघौपिपलिया के ग्रामीणों को मिली तो बड़ी संख्या में तालाब किनारे पहुंच गये। कई ग्रामीण तलाश के लिये तालाब में कूदे। जैसे ही दोनों को बाहर निकाला गया और उनकी मौत होने का पता चला महौल गमगीन हो गया। पोस्टमार्टम के बाद शव राघौपिपलिया ले जाये गये और इंदौररोड शमशान पर अंतिम संस्कार किया गया।

#### इधर क्षीरसागर कुंड से मिली लाश

मंगलवार सुबह कोतवाली थाना पुलिस सूचना मिलने पर क्षीरसागर कुंड पहुंची थी। जहां पानी में एक युवक का शव था। युवक को बाहर निकाला गया। उसके पास से आधार कार्ड मिलने पर पहचान फिरोज पिता अजीज खां निवासी चंदननगर आगररोड के रूप में हुई। एएसआई जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि परिजनों के आने पर सामने आया कि फिरोज नशा करने का आदी था और कबाड़े का काम करता था। रात में घर भी कम आता था। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है।

### 14 साल की किशोरी ने दिया मृत शिशु को जन्म, पुलिस जांच में जुटी

**उज्जैन।** 14 साल की किशोरी द्वारा मृत शिशु को जन्म देने का मामला मंगलवार को सामने आया। अस्पताल से खबर मिलने पर पुलिस पहुंची, लेकिन परिवार ने चुप्पी साध ली। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। परिजनों से पूछताछ के प्रयास जारी है।

माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि निजी अस्पताल से सूचना मिली थी कि इंगोरिया क्षेत्र से 14 साल की बालिका को परिजन लेकर आये थे। बालिका ने मृत शिशु को जन्म दिया है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ का प्रयास शुरू किया। लेकिन वह कुछ बताने को तैयार नहीं थे। शिशु को जन्म देने वाली बालिका का स्वास्थ्य ठीक नहीं था उसका उपचार चल रहा था। जिसके चलते उससे पूछताछ नहीं हो पाई है। फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। जांच के लिये इंगोरिया थाना पुलिस को भी अवगत कराया गया है। शिशु का पोस्टमार्टम परीक्षण कराया जायेगा। वहीं परिजनों के बताने पर ही घटना का सच सामने आ पायेगा।

**किशोरी से गलत होने की संभावना**-बताया जा रहा है कि शिशु को जन्म देने वाली किशोरी के साथ गलत हुआ है। जिसके चलते उसकी ऐसी स्थिति बनी है। लेकिन इतने समय तक परिवार ने मामले का दबाकर रखा जिससे कई तरह की शंका ने जन्म ले लिया है। जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई पुलिस द्वारा की जायेगी।

### पैसेंजर ट्रेन के गेट पर खड़ा यात्री गिरा, मौत

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन पर मंगलवार शाम पैसेंजर ट्रेन के गेट पर खड़ा यात्री गिर गया। उसे अस्पताल लाया गया, जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जीआरपी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया।

बताया जा रहा है कि 5.30 से 6 बजे के बीच प्लेटफार्म नम्बर 4 पर गुना-नागदा के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन पहुंची थी। ट्रेन का प्लेटफार्म पर स्टापेज होने से पहले गेट पर खड़ा एक यात्री गिर गया। उसे सिर में चोंट लगी। तत्काल लोगों की मदद से उसे उठाया गया और चरक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटनाक्रम होने पर जीआरपी पहुंच गई थी। इस दौरान सामने कि गेट पर खड़े रहने के दौरान मोबाइल से बात कर रहा था, अचानक झटका लगने पर गिरा था। जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि मृतक के पास मिले दस्तावेज और मोबाइल से पहचान के प्रयास करने पर सामने आया कि शुजालपुर का रहने वाला मोहम्मद अशफाक 50 साल है। वह ट्रेन से उज्जैन आया था। परिजनों को सूचना देने पर उज्जैन में रहने वाले रिश्तेदार अस्पताल पहुंच गये थे। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर देर शाम पोस्टमार्टम कराया गया।

## होली उत्सव में 3 नाबालिगों पर चाकू से जानलेवा हमला

**बाथरूम का दरवाजा तोड़ 1 को पकड़ा, 2 की तलाश**

**उज्जैन।** होली उत्सव होने पर सोमवार-मंगलवार क्रिकेट खेल रहे 3 नाबालिगों पर शराब रहे चार लोगों ने पत्थर फेंके। नाबालिग पूछने गये तो उन पर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस ने 2 को हिरासत में लिया है, जिसमें एक को बाथरूम का दरवाजा तोड़कर पकड़ा गया।

जीवाजीगंज थाना एसआई दौलतसिंह रावत ने बताया कि ग्यारसी नगर में होली उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। होली सजाई गई थी, जिसका दहन मंगलवार तड़के किया जाना था। जिसके चलते कुछ बच्चे रात में होलिका दहन स्थल के पास क्रिकेट खेल रहे थे। रात डेढ बजे के लगभग अचानक कुछ पत्थर क्रिकेट खेल रहे बच्चों की ओर आये। तीन बच्चे कृष्णा पिता मूलचंद कछावा 22 साल निवासी उर्दूपुरा, हार्दिक पिता जगदीश नामदेव 15 साल और हेमंत पिता राकेश अहिरवार 19 साल निवासी ज्ञान टेकरी जिस ओर से पत्थर आये उस ओर पहुंचे। जहां एक मकान के पास चार लोग शराब पी रहे थे। उनसे पत्थर फेंकने की बात पूछी गई तो चारों ने विवाद शुरू कर दिया और चाकू से हमला कर दिया। तीनों बच्चे घायल हो गये, शोर सुनकर तीनों बच्चों के अन्य साथी पहुंचे तो चाकू मारने वाले भाग निकले। रात्रि में पेट्रोलिंग कर रही पुलिस खबर मिलते ही मौके पर पहुंची। घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया और चाकू मारने वालों की तलाश शुरू की गई। इस दौरान मकान के पास बाथरूम का दरवाजा तोड़कर एक को हिरासत में लिया गया। जिसका नाम आनंद सामने आया है। वहीं दूसरे व्यक्ति शुभम को क्षेत्र से पकड़ा गया। जिनके खिलाफ जानलेवा हमला करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। चाकूबाजी में राज और एक अन्य के शामिल होने की जानकारी मिली है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। हार्दिक को चाकूबाजी में गंभीर चोंट लगी है। वहीं कृष्णा और हेमंत के हाथ पर चाकू लगे है। हिरासत में लिये गये आरोपियों को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

पूर्णिमा श्री सेवा संगठन द्वारा .......

## नि:शुल्क ह्दय जांच शिविर अभियान जारी





**उज्जैन।** पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से आयोजित नि:शुल्क ह्दय जांच शिविर अभियान दिल से कहो, अपने मोहन जी हैं न संपूर्ण उज्जैन जिले में निरंतर जारी है। इसमें हजारों नागरिकों ने अपनी ह्दय जांच करवाई है एवं हजारों लोगों का नि:शुल्क उपचार निरंतर जारी है। ह्दय उपचार अंतर्गत बाईपास सर्जरी, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं एएसडी क्लोजर जैसे बड़े ऑपरेशन पूर्णत: नि:शुल्क किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में गुरुवार को दक्षिण विधानसभा के पंथपिपलई एवं शांतिनगर में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री की प्रेरणा से प्रारंभ एवं जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से चलाए जा रहे इस अभियान में उज्जैन जिले की प्रत्येक विधानसभा में आयुष्मान अंतर्गत ह्दय जांच हेतु अधिसूचित अस्पतालों के सहयोग से अनेकों शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत अंतर्गत बाईपास सर्जरी, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं एएसडी डिवाइस क्लोजर जैसे बड़े ऑपरेशन पूर्णतया नि:शुल्क किए जा रहे हैं। साथ ही हजारों नागरिक अपने ह्दय से संबंधित उपचार एवं परामर्श का नि:शुल्क लाभ ले रहे हैं। खोईवाल ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार, 5 मार्च को उज्जैन दक्षिण विधानसभा के ग्रामीण अंचल पंथपिपलई में एस.एन. कृष्णा हॉस्पिटल एवं शहरी क्षेत्र शांति नगर में अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देवास के सहयोग से शिविर आयोजित किए जाएंगे। अभियान की इस श्रृंखला में 6 मार्च को ग्राम घट्टिया, 7 मार्च को तराना विधानसभा के रूपाखेड़ी एवं उन्हेल के समीप पिपल्यामोलू में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

#### लाभ लेने की अपील

जिलाधीश रोशनकुमार सिंह, सीएमएचओ अशोक कुमार पटेल, पूर्णिमाश्री सेवा संगठन के अध्यक्ष विक्रमसिंह गोंदिया, धर्मेन्द्रसिंह भदौरिया, उज्जैन नगर अभियान संयोजक दीपक अग्रवाल, प्रकाश गोमे, कन्हैयालाल चौहान, विजय द्विवेदी, बाबूलाल पंवार, मनोज मकवाना, विपुल धारीवाल, राहुल डोडिया, हितेंद्र राठौर, विराग मिश्रा, शांतिलाल गोखरू, कांतीलाल परमार, सोनू भाटिया, लाड सिंह गुर्जर, होकम बडाल, जितेंद्र परमार, कमल बिलोनीया, अजय मकवाना, नटवर गुर्जर, सुरेन्द्र मेहर, राजेश अहिरवार, महेंद्र गोमे, सुनील मेहर, मुकेश चंदावत, रमेश परमार, जगदीश पचरंगिया और नारायण पटेल सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों ने शिविर में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील शहरवासियों से की है।

# रुद्र का अर्थ सिर्फ रौद्र नहीं



रुद्र को क्यों गहराई से समझने की जरूरत है? रुद्र नाम लेते ही मन में एक विराट, करुणामय सत्ता की छवि उभरती है। भारतीय दर्शन में रुद्र को सृष्टि का आदि जनक कहा गया है। आपके मन में यह सहज सवाल उठ सकता है कि यदि समस्त जीव-जगत का एक ही परमपिता है, तो फिर मानव समाज में ऊंच-नीच, कुल-गोत्र और भेदभाव की दीवारें क्यों? जब मूल स्रोत एक है, तो उसकी संतानों में विभाजन का आधार क्या हो सकता है? इस दृष्टि से देखा जाए, तो पूरी मानवता एक ही परिवार है। जो लोग समाज में भेद उत्पन्न करते हैं, वे वस्तुतः उस एकत्व की भावना से दूर हैं। रुद्र का अर्थ है- अनंत सत्ता। इसका शाब्दिक अर्थ ह्यरुलाने वालाह्न अवश्य है, किंतु यह अधूरा है। परमपुरुष केवल रुलाते नहीं, हंसाते भी हैं। जीवन की चरम पीड़ा में भी आंसू आते हैं और परम आनंद में भी। अंतर केवल इतना है कि शोक के अश्रु आंखों के मध्य भाग से गिरते हैं और आनंद के कोनों से। जैसे, मां अपनी पुत्री के विदा होने पर भी रोती है और उसके लौटने पर भी- एक बिछोह की पीड़ा से, दूसरी बार सुख से। यही जीवन का द्वंद्व है और इसी द्वंद्व के बीच रुद्र की लीला प्रवाहित होती है। यह संसार आपेक्षिक है- क्षणभंगुर, परिवर्तनशील। इसकी सत्ता सापेक्ष है, जबकि परमपुरुष इस सापेक्षता से परे हैं। वह परम सत्ता हैं। जब मानव मन उस एक की ओर उन्मुख होता है, तब उसे बुद्धि का प्रकाश मिलता है। अग्रबुद्धि जागृत होते ही वह परमसत्ता का बोध कर लेता है। तब साधक ठहरता नहीं, वह सत्य की ओर दौड़ पड़ता है। इसी भाव से प्रार्थना उठती है- ह्यहे प्रभु, हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। यहां अंधकार अविद्या है, अज्ञान है, जो सत्य के प्रकाश को ढक देता है। रुद्र को गुरु भी कहा गया है, पिता भी और शिक्षक भी। वे सब मिलकर एक ही हैं। इसी सत्य को प्रतीकात्मक रूप में पंचमुखी रुद्र के जरिये समझाया गया है। रुद्र एक ही हैं, किंतु व्यवस्था के लिए उनके पांच मुख माने गए हैं- पांच दायित्व, पांच भूमिकाएं। पहला है, दक्षिणेश्वर मुख। यह स्नेहिल पिता का है। इससे करुणा बरसती है। दूसरा है- बामदेव। यह अनुशासन का प्रतीक है। जब संतति मयार्दा भंग करती है, तो इससे डांट निकलती है, दंड मिलता है। तीसरा है ईशान मुख। यह समझाता है। चौथा है कालाग्नि मुख- कठोर फटकार का प्रतीक। यह डांटता, झकझोरता है, पर दंड नहीं देता। पांचवां मुख है-कल्याणसुंदरम्। यही रुद्र का परम स्वभाव है- अप्रतिम सौंदर्य, गंभीर करुणा से भरा हुआ। जैसे माता-पिता अपने शिशु को देखते हैं, जिसमें केवल स्नेह होता है। यही रुद्र की अंतःप्रकृति है। दक्षिण और वाम मुख व्यवस्था के लिए हैं, मध्य का यह करुणामय स्वरूप ही उनका वास्तविक हृदय है।



**सम्पादकीय**

## लंबा खिंचता युद्ध

ईरान-अमेरिका युद्ध को तीन दिन बीत चुके हैं और करीब एक हजार लोग मारे जा चुके हैं या बुरी तरह घायल हुए हैं। संघर्ष के तीसरे दिन भी अमेरिका और इजरायल ने निश्चित ठिकानों को निशाना बनाया है, जबकि ईरान ने इजरायल सहित कुवैत, लेबनान और बहरीन को निशाने पर ले रखा है। दोनों तरफ से बड़े हमले हुए हैं और बमों की वर्षा जारी है। आशंका है कि मृतकों की जितनी संख्या बताई जा रही है, उससे कहीं ज्यादा लोग मारे जा रहे हैं। अचरज नहीं, हर देश अपनी जनहानि को कम करके बताने की कोशिश करेगा। फेक न्यूज का भी सहारा लिया जा रहा है और इससे बचना मुश्किल है। अफसोस! मध्य पूर्व या एशिया के एक बड़े क्षेत्र में जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। अनेक देशों में हवाई अड्डे बंद हो गए हैं या सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं। ईरान अपनी क्षमता के मुताबिक माकूल जवाब दे रहा है। हालांकि, पूरा ईरान अब निशाने पर है और अमेरिकी रुख से लगता है कि हमला दिनोंदिन आक्रामक होता जाएगा। अमेरिका जल्दी से जल्दी अपने मकसद पूरे करना चाहता है। यहां ईरान की रणनीति हमले की ही नहीं, अपने लोगों को बचाने की भी होनी चाहिए।

हालांकि, इस युद्ध में सबसे बड़ी चिंता की बात है कि ईरान के पास परमाणु ठिकाने हैं और बताया जा रहा है, एक ठिकाने के पास बमबारी भी हुई है। अगर अमेरिका परमाणु ठिकानों को ऐसे निशाना बनाने की गलती कर रहा है, तो उसे सचेत हो जाना चाहिए। दुनिया एक और हिरोशिमा-नागासाकी देखना नहीं चाहेगी। परमाणु ताकत सहेजकर रखने की चीज है, उसका किसी भी युद्ध में परोक्ष या प्रत्यक्ष प्रयोग नहीं होना चाहिए। हालांकि, युद्ध नीति बहुत निर्मम होती है, अमेरिकी इरादा अपनी आक्रामकता से ईरान को विचलित करने का होगा। ईरान के ऐसे ठिकानों को वह निशाना बनाएगा, ताकि ईरानी ताकत की रीढ़ ही नहीं, उसका मनोबल भी टूट जाए। ईरान इस बात को जानता है कि अमेरिका मानसिक स्तर पर भी युद्ध लड़ रहा है। अमेरिकी इरादा चाहे जो हो, दुनिया कतई नहीं चाहेगी कि कहीं भी किसी परमाणु प्रतिष्ठान या भंडार को क्षति पहुंचे। ईरान से कहीं अधिक जिम्मेदारी और समझदारी की उम्मीद हम अमेरिका से कर सकते हैं। हालांकि, चिंता की बात है, अमेरिकी राष्ट्रपति ने चार-पांच सप्ताह तक युद्ध चलने के संकेत दिए हैं। इसका मतलब है, एक महीने तक चिंता बनी रहेगी। जब दो ताकतवर देश लड़ते हैं, तब जीत या अपने बचाव के लिए किसी भी सीमा तक जाने का जोखिम उठा सकते हैं। अतः संयुक्त राष्ट्र को यह बात बार-बार दोहरानी चाहिए- युद्ध में कहीं संयम ऐसे न टूट जाए कि पूरी इंसानियत कराह उठे।

### विश्व राजनीति की शतरंज और इंसानियत की बलि

## यह युद्ध नहीं, मानवता का सार्वजनिक दाह-संस्कार है

मध्य पूर्व की धरती आज बारूद नहीं, मानो जलती हुई मानवता की गंध से भर उठी है। अमेरिका, ईरान और इजराइल के बीच यह अब केवल सीमाओं का टकराव नहीं—खामेनेई के नाम के साथ सिमटती ईरानी सत्ता ने दुनिया की हर धड़कन पर अनिश्चितता का ट्रिगर दबा दिया है। बस एक चिंगारी, और सभ्यता विश्व युद्ध की अंधी खाई में धकेली जा सकती है। शहर धधकती चिताओं में बदल रहे हैं, आसमान में मिसाइलें हैं, और जमीन पर मासूमों का लहू। इसके बावजूद वैश्विक मंचों पर शब्दों का धुआँ उठता है, संकल्पों की राख उड़ती है, पर साहस की ज्वाला कहीं नहीं दिखती। हमारी चुप्पी इस हिंसा की सबसे भरोसेमंद संरक्षक बन चुकी है। हम सुरक्षित कमरों में बैठकर दृश्य देखते हैं, यह भूलकर कि लपटें कभी दीवारों और नक्शों से नहीं डरतीं। सवाल गूंजता है—आखिर हम चाहते क्या हैं? शांति, या ऐसा भविष्य जहाँ बच्चों की पहली आवाज रोने की नहीं, धमाकों की हो?



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

मानवीय संकट का यह चेहरा किसी भी जीवित अंतःकरण को तोड़ देने के लिए पर्याप्त है। अस्पतालों में दवाओं से ज्यादा चीखें हैं, शरण शिविरों में उम्मीद से ज्यादा हताशा पसरी है। माताएँ अपने बच्चों को सीने से चिपकाए आग बरसाते आसमान को ताकती हैं, जैसे ईश्वर से उत्तर मांग रही हों—क्यों? इजराइल की गलियों में सायरनों की तीखी पुकार है, ईरान के मुहल्लों में धुएँ का घना अंधकार, और अमेरिकी सैनिकों की आँखों में डगमगाता विश्वास। यह केवल भूगोल की जंग नहीं, यह आने वाले कल का योजनाबद्ध संहार है। शरणार्थियों की पंक्तियाँ सीमाएँ पार कर रही हैं, अर्थव्यवस्थाएँ काँप रही हैं, और पर्यावरण जहरीले धुएँ में घुट रहा है। फिर भी विश्व समुदाय की प्रतिक्रिया नपी-तुली, कूटनीति में कैद और संवेदना से रिक्त दिखाई देती है। क्या हमारी संवेदनाएँ इतनी सस्ती हो चुकी हैं कि आँकड़ों में बदलती लाशें हमें सामान्य लगने लगी हैं?

हम सब अपने-अपने धर्मों को श्रद्धा से मानते हैं, अपने-अपने पवित्र ग्रंथों को आदर से पढ़ते और सुनते हैं। कोई कुरान की आयतों में रहमत खोजता है, कोई बाइबिल में प्रेम का आलोक, कोई तोराह में न्याय की पुकार, कोई गीता में कर्तव्य का मार्ग। हर ग्रंथ करुणा, संयम और मानवता की बात करता है। फिर यह कैसा रास्ता है जिस पर चलकर हम खून की धाराओं को बहने दे रहे हैं? यदि ईश्वर एक है, तो उसके नाम पर उसके बंदे इतने टुकड़ों में क्यों बंटे हैं? यदि प्रार्थनाएँ शांति के लिए उठती हैं, तो फैसले युद्ध के पक्ष में क्यों गिरते हैं? हम धर्म को अपनी पहचान की ढाल बना लेते हैं, पर उसके मूल संदेश को पीछे छोड़ देते हैं। आखिर हम चाहते क्या हैं—ईश्वर की सच्ची उपासना या सत्ता की प्यास में इंसानियत की आहुति?

वैश्विक चुप्पी का यह अपराध समय की दीवारों पर दर्ज होकर रहेगा। संयुक्त राष्ट्र की बैठकों में शब्द गूँजते हैं, प्रस्ताव बनते हैं, पर धरती पर गोलियों की बरसात थमती नहीं। शक्तिशाली राष्ट्र अपने-अपने हितों की शतरंज बिछाए बैठे हैं; कोई तेल की चाह में, कोई प्रभुत्व की लालसा में, कोई सुरक्षा के आवरण में। मीडिया कुछ दिन कोलाहल करता है, फिर अगली सनसनी की ओर मुड़ जाता है। सोशल मीडिया पर हैशटैग उफान लेते हैं, पर बदलाव की ठोस लहर नहीं उठती। क्या 1945 के बाद जिस शांति का संकल्प लिया गया था, वह केवल इतिहास की किताबों तक सिमट गया? परमाणु आशंका की छाया फैल रही है, आतंक की जड़ें और गहरी हो रही हैं। हमारी चुप्पी इस धधकती आग को निरंतर हवा दे रही है।

दुनिया की जवाबदेही केवल सत्ताओं की चौखट तक सीमित नहीं, वह हर नागरिक के विवेक पर भी टिकी है। हम चुनावी मंचों पर विकास की दुहाई देते हैं, पर युद्ध को कभी निर्णायक प्रश्न नहीं बनाते। सस्ते ईंधन पर मुस्कुराते हैं, पर उसकी कीमत में घुली रक्तरंजित राजनीति पर चुप्पी साध लेते हैं। हथियारों के सौदे बढ़ते हैं, और हम शेयर बाजार की छलांग पर तालियाँ बजा देते हैं। क्या सच में हम निर्दोष हैं? हर खरीदी गई सुविधा, हर टाला गया प्रश्न, हर अनदेखा अन्याय इस त्रासदी की जंजीर की एक कड़ी है। यदि शांति हमारी सच्ची चाह है, तो हमारी आवाज नीतियों के दरवाजे तक पहुँचनी ही होगी। वरना आने वाली पीढ़ियाँ कठोर स्वर में पूछेंगी—जब पृथ्वी धधक रही थी, तब आप किसके साथ खड़े थे? भावनाओं की उस आग को महसूस कीजिए जो हर विस्फोट के साथ दिलों में भड़क उठती है। एक ईरानी माँ की चीख, एक इजराइली बच्चे की सहमी हुई आँखें, एक अमेरिकी सैनिक का मौन— इन सबमें एक ही मानव पीड़ा है। दर्द का कोई मजहब नहीं, आँसू की कोई सीमा नहीं होती। सभ्यताएँ दरक रही हैं, पीढ़ियाँ आघात के साये में बड़ी हो रही हैं। यह टकराव केवल वर्तमान को नहीं, आने वाले दशकों को भी घायल कर रहा है। क्या हम इतने पत्थर हो चुके हैं कि परायी पीड़ा हमें हिला नहीं पाती? या हमने अपने भीतर की करुणा को सुविधाओं के बदले बेच दिया है? आखिर हम चाहते क्या हैं—ऐसी विरासत जहाँ नफरत ही अगली पीढ़ी की पहचान बने?

यह समय केवल शोकगीत गाने का नहीं, आत्ममंथन का है। यदि संकल्प हो तो संवाद किसी भी बम से अधिक प्रभावशाली हो सकता है। यदि नीयत साफ हो तो सहानुभूति किसी भी प्रतिबंध से अधिक परिवर्तनकारी सिद्ध हो सकती है। मानवीय सहायता, निष्पक्ष मध्यस्थता और निर्भीक नेतृत्व—यही वे पुल हैं जो हमें इस खतरनाक दहलीज से पीछे ला सकते हैं। धर्मों की सच्ची शिक्षाएँ अमल मांगती हैं, केवल उद्धरण नहीं। यदि अपने ग्रंथों का सम्मान सचमुच करते हैं, तो करुणा को नीतियों की धुरी बनाना होगा। अब चुप रहना विकल्प नहीं, स्पष्ट अपराध है। इतिहास गवाह है कि उदासीनता भी विनाश की सहभागी होती है।

जब इतिहास की दीवारों पर युद्ध की परछाइयाँ काँपने लगें और सभ्यता स्वयं अपनी साँसों की आवाज सुनने लगे, तब सबसे असहज प्रश्न सीने पर दस्तक देता है—आखिर हम सच में चाहते क्या हैं? मध्य पूर्व की यह दहकती आग पूरे विश्व को निगलने की क्षमता रखती है, यदि हम अब भी सुविधा की चादर ओढ़े चुप बैठे रहें। शांति कोई आदर्शवादी सपना नहीं, बल्कि अस्तित्व की आवश्यकता है। हमें तय करना होगा कि हम तमाशबीन रहेंगे या परिवर्तन के प्रहरी बनेंगे। अपनी आवाज उठाना, मानवीय मूल्यों के पक्ष में खड़ा होना, और युद्ध की स्वार्थी राजनीति को अस्वीकार करना—यही हमारी जिम्मेदारी है। वरना आने वाला कल हमें क्षमा नहीं करेगा। चुप्पी तोड़िए, क्योंकि कई बार एक निर्भीक स्वर ही इतिहास की दिशा बदल देता है। भावनाओं की आग में जलकर जागिए, क्योंकि कल बहुत देर हो सकती है।

## ऑल राउंडर इंजीनियर

इंजीनियरिंग का पेशा भारतीय लोकतंत्र का वह अद्भुत स्तंभ है, जिस पर राष्ट्र निर्माण का बोझ उतना नहीं होता, जितना उस कुर्सी का होता है जिस पर बैठकर साहब 'क्लीयरेंस' की फाइल दबाए रहते हैं। नवाबगंज की गलियों से अगर कोई इंजीनियर निकलता, तो वह निश्चित रूप से किसी पुल का एस्टीमेट बना रहा होता, जो कागज पर तो गंगा पार कर जाता, पर असलियत में नाले के ऊपर भी खड़ा होने से कतराता। इस पेशे की पहली शर्त ही यह है कि आपके पास एक ऐसी डिग्री हो जो आपको यह समझा सके कि दुनिया की हर समस्या का समाधान 'जुगाड़' और 'रिवाइज्ड एस्टीमेट' में छिपा है। इंजीनियर वह प्राणी है जो थ्योरी में तो आइंस्टीन को मात दे दे, लेकिन साइट पर खड़ा होकर बेलदार को यह समझाने में पसीने छोड़ देता है कि ईंट को सीधा कैसे रखा जाता है। यहाँ ज्ञान की नहीं, बल्कि उस कौशल की पूजा होती है जिससे आप सरकारी ऑडिट के दौरान सीमेंट की बोरियों और अपनी अंतरात्मा के गायब होने का तर्क एक साथ दे सकें।

इंजीनियरिंग कॉलेज का वह दौर किसी आध्यात्मिक आश्रम से कम नहीं होता, जहाँ छात्र चार साल तक इस सत्य की खोज करते हैं कि बिना कुछ पढ़े परीक्षा कैसे पास की जाए। शुक्ल जी की कलम होती तो वह बताते कि कैसे एक छात्र 'स्ट्रेंथ ऑफ मैटेरियल्स' की किताब को तकिया बनाकर सोता है, शायद इसी उम्मीद में कि ज्ञान ऑस्मोसिस के जरिए दिमाग में उतर जाए। वहाँ लेबोरेटरी में रखी मशीनें उतनी ही पुरानी और थकी हुई होती हैं, जितनी कि विभाग के हेड की शेरवानी। छात्र वहां यह नहीं सीखता कि पुल कैसे बनाया जाए, बल्कि वह यह सीखता है कि अगर पुल गिर जाए, तो उसके मलबे को 'प्राकृतिक आपदा' या 'मिट्टी की खराब गुणवत्ता' का नाम देकर खुद को कैसे बचाया जाए। यह वह प्रशिक्षण केंद्र है जहाँ भविष्य के 'अधिशाषी अभियंता' अपनी रीढ़ की हड्डी को फाइलों के सामने झुकाने का पहला रियाज शुरू करते हैं। जब एक फ्रेशर इंजीनियर पहली बार 'साइट' पर उतरता है, तो उसका उत्साह ठीक वैसा ही होता है जैसे किसी नई नवेली बहू का ससुराल में पहला कदम। उसे लगता है कि वह कंक्रीट और लोहे से नया भारत रचेगा, लेकिन जल्द ही उसका पाला 'ठेकेदार' नाम के उस शाश्वत सत्य से पड़ता है, जो इंजीनियरिंग के सारे सिद्धांतों को अपनी जेब में रखकर घूमता है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 04 मार्च 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:50 सूर्यास्त 18:28
चैत्र मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - एकम 16:49 उपरांत दुतिया
नक्षत्र - पूवार्फाल्गुनी 07:39 उपरांत उत्तराफाल्गुनी
योग - धृति 08:52 उपरांत शूल
करण - कौलव
चन्द्रमा - सिंह में है। 13:46 पर कन्या में प्रवेश करेगा।

**मेष-** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। व

**वृषभ-** णी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मिथुन-** कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। नई समस्या आ सकती है।

**कर्क-** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं।

**सिंह-** बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कन्या-** नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान हो सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**तुला-** प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**वृश्चिक-** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है।

**धनु-** सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। सभी ओर से सफलता मिलेगी।

**मकर-** राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी।

**कुंभ-** नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## 'द केरला स्टोरी-2' : सतर्क और जागरूक करती!

जैसा कि विदित हैं, 'द केरला स्टोरी-2' वर्ष 2023 में रिलीज हुई फिल्म द केरला स्टोरी' का सीक्वल है। छोटे बजट की होने के बावजूद पिछली फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा व्यवसाय किया था. इस कारण सबकी नजरें इसके दूसरे पार्ट की रिलीज पर अवश्य ही थी।



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

कहानी - यह फिल्म तीन लड़कियों की जिंदगी को दिखाती है - इनमें दिव्या (अदिति भाटिया) 16 साल की डांसर, जिसे शोहरत के नाम पर फंसाया जाता है। नेहा (ऐश्वर्या ओझा) एथलीट, जिसे प्यार का भ्रम देकर धोखा मिलता है। सुरेखा (उल्का गुप्ता) यूपीएससी की तैयारी कर रही लड़की, जो एक पत्रकार सलीम जो शादीशुदा व एक बच्ची का पिता भी हैं के साथ रिश्ते में फंस जाती है इसके बाद होती है जबरदस्ती, हिंसा, डर, धमकी और कुछ रूटीन और दोहराव वाली घटनाएं।

अभिनय - इस फिल्म का सबसे मजबूत पक्ष सभी कलाकारों का सशक्त व उम्दा अभिनय है। उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा ने अपने किरदारों में डर, दर्द और उलझन को बहुत ही शिद्दत से पेश किया हैं। सच्चाई इनके अभिनय से झाँकती दिखाई देती है। इनके साथ ही निगेटिव किरदारों में सुमित गहलावत, अर्जन सिंह औजला व युक्तम खोसला ने भी अपने रोल्स में जान डाल दी हैं। इनका अभिनय कहानी को और भी हकीकत के करीब व असरदार बना देती है। सपोर्टिंग कास्ट की बात करें तो खासकर माताझपिता की भूमिका निभाने वाले कलाकार पुरवा पराग, रामजी बाली, राजीव कुमार, श्वेता मुंशी, अभिषेक शंकर और लक्ष्मी सभी ने अपने किरदार ईमानदारी से निभाए हैं।

गीत-संगीत व निर्देशन - निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह ने फिल्म को पिछली फिल्म से अलग दिखाने का प्रयास किया हैं। इसमें सत्य घटनाओं से प्रेरित होकर कई दृश्य फिल्माएँ गए हैं। केरल के माताझपिता वाला क्लाइमैक्स स्वाभाविक और दिल को छू जाता है। कई स्थान पर वे तर्क नहीं दे पाई जैसे लिव इन में रहने को तैयार लड़की के पिता पूछते हैं फिर बेटा बच्चे...? पुलिस का माता-पिता के साथ में कोऑपरेट न करना, एक ही समुदाय का बलशाली होना, एकता पर बल देना जैसी घटनाएँ, अंत में बुलडोजर कार्रवाई ये सब न्यूज चैनल व सोशल मीडिया पर लगातार देखते हैं। वे ये भी नहीं बता पाए की पुलिस इतनी सक्रिय कैसे हुई। तीखे व नुकिले संवाद (मेरा अब्दुल ऐसा नहीं है, मुसलमान कभी-भी नास्तिक नहीं हो सकता और सोलह साल की परवरिश पे 6 महीने का प्यार भारी पड़ गया।) और संजय शर्मा की तेज रफ्तार एडिटिंग दर्शकों को बांध रखने में अवश्य कामयाब हुई हैं। आलोक रंजन, मनोज मुन्तशिर व साहिल के गीत कहानी का अच्छा साथ देते हैं। मनन शाह व सुहास के साथ बेकग्राउंड म्यूजिक इम्प्रेस करता हैं। अभिजीत चौधरी का कैमरा वर्क इसका उजला पक्ष हैं।

कमियाँ - फिल्म ज्यादा ड्रामेटिक है। कई गंभीर दृश्य सरलता से निपटा दिये गए हैं। बीफ खाने वाला दृश्य पॉजिटिव किया जा सकता था। तीनों प्रेमियों की चुप्पी लम्बा समय लेती हैं। समुदाय पर केंद्रीत। लड़की शादीशुदा सलीम के साथ लिव इन में क्यों तैयार हो जाती है।

खूबियां - सभी कलाकारों का उम्दा अभिनय, फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक, फिल्म विशेषकर लड़कियों को सतर्क करती हैं। पालकों को भी जागृत करती है। कम अवधि की फिल्म। बेजोड़ संवाद व निर्देशन।

## विवाह समारोह-पवित्र संस्कार,आधुनिकता का दंश और समाज की चुनौती

भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में शादी केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं बल्कि एक पवित्र संस्कार मानी जाती है। वेदों से लेकर पुराणों तक, गृहस्थ जीवन को धर्म का महत्वपूर्ण आधार बताया गया है। विवाह को केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं बल्कि दो परिवारों और दो कुलों का मिलन माना जाता है। इसीलिए इसे सात फेरे, सप्तपदी मंत्र, कन्यादान, होम, आशीर्वाद और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न कराया जाता है। किंतु आज बदलते समय में विवाह के स्वरूप में गहरा बदलाव दिखाई दे रहा है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि शादी समारोह,जो कभी अध्यात्म, त्याग, संस्कार और सामाजिक सामंजस्य का प्रतीक था,अब धीरे-धीरे दिखावे, पैसे की होड़, दहेज, शराब और भव्यता की दौड़ में सिमटता जा रहा है। यह बदलाव न केवल भारतीय संस्कृति के लिए खतरे की घंटी है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सामने एक विकृत परंपरा स्थापित कर रहा है। इस विषय का विस्तार से डिस्कशन व विश्लेषण हम 5 प्वाइंटों के आधार पर करेंगे।



किशन सनमुखदास
(दैनिक अवन्तिका)

अगर हम विवाह एक पवित्र संस्कारः आध्यात्मिक और सामाजिक आयाम की करें तो,भारतीय संस्कृति में विवाह को सोलह संस्कारों में एक प्रमुख संस्कार माना गया है। यह केवल पति-पत्नी के शारीरिक या भावनात्मक संबंध का बंधन नहीं है, बल्कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की साधना का आधार है। विवाह का उद्देश्य केवल जीवनसाथी चुनना नहीं,बल्कि समाज में संतुलित,संस्कारित और धार्मिक जीवन की स्थापना करना है। सात फेरे, जिन्हें हर दंपति विवाह के समय अग्नि के साक्षी में लेता है, केवल शब्द नहीं हैं बल्कि जीवन के लिए आजीवन वचन हैं।आज की पीढ़ी इन मंत्रों और वचनों की गहराई को समझे बिना केवल विवाह को सोशल इवेंट की तरह देखने लगी है। होटल, रिजॉर्ट, फार्महाउस और डेस्टिनेशन वेडिंग ने विवाह को पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारी के बजाय लक्जरी इवेंट में बदल दिया है। यह बदलाव भारतीय समाज की मूल आत्मा के विपरीत है।

अगर हम आधुनिकता का दंश और बदलती शादी की परंपरा व दहेज और उपभोक्तावादी संस्कृति की करें तो आधुनिकता अपने साथ तकनीकी विकास,वैश्विक संपर्क और नए अवसर लाती है, परंतु इसका अंधानुकरण विवाह जैसे संस्कारों को विकृत कर रहा है। आज शादियाँ अधिकतर स्टेटस सिंबल बन गई हैं।(अ) लाखों- करोड़ों रुपए खर्च कर शाही शादी दिखाना अब फैशन बन चुका है। (ब) शादी समारोहों में शराब, डीजे, नाइट पार्टी और वेस्टर्न कल्चर की नकल आम हो गई है। (क) रिश्तेदारों और मेहमानों का सम्मान अब मेन्यू की विविधता और सजावट की भव्यता से आंका जाने लगा है, न कि आत्मीयता और आदर से।इस भौतिकवादी दृष्टिकोण ने विवाह की पवित्रता को गहरे तक प्रभावित किया है। जहां कभी विवाह का अर्थ दो आत्माओं का आध्यात्मिक बंधन था, वहीं आज विवाह का अर्थ सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरें और वीडियो बन गया है।दहेज और उपभोक्तावादी संस्कृति-विवाह का कुरूप चेहराः-दहेज प्रथा भारतीय समाज की सबसे बड़ी बुराइयों में से एक है। स्वतंत्रता के बाद से लगातार प्रयासों के बावजूद यह कुरीति खत्म नहीं हुई। आधुनिकता और भौतिकतावाद ने इसे और मजबूत कर दिया है। आज शादी समारोह में गाड़ियों की डिमांड, महंगे गिफ्ट्स, कैश और प्रॉपर्टी की अपेक्षा खुलेआम की जाती है।दहेज न केवल विवाह के पवित्र बंधन को कलंकित करता है बल्कि यह महिलाओं के लिए अपमानजनक और अमानवीय स्थिति पैदा करता है। हजारों बेटियाँ आज भी दहेज के बोझ के कारण या तो शादी नहीं कर पातीं या शादी के बाद उत्पीड़न का शिकार होती हैं।

**धर्म-आस्था**

## बांस को जलाना क्यों माना गया वर्जित? आस्था, परंपरा और विज्ञान के बीच सच्चाई

भारतीय जीवन पद्धति में हर छोटी-बड़ी परंपरा के पीछे कोई न कोई गहरा कारण छिपा होता है। पूजा-पाठ हो या अंतिम संस्कार—लकड़ियों का चयन भी परंपराओं के अनुसार किया जाता है। इन्हीं परंपराओं में एक मान्यता यह भी है कि बांस की लकड़ी को जलाना उचित नहीं माना जाता। समय के साथ यह विश्वास इतना प्रचलित हुआ कि लोग इसे बिना सवाल किए मानते रहे। परंतु आज आवश्यकता है कि इस विषय को धर्म, संस्कृति और विज्ञान—तीनों दृष्टियों से संतुलित ढंग से समझा जाए।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

धार्मिक परंपराओं में बांस का विशेष स्थान रहा है। कई क्षेत्रों में अर्थी बनाने में बांस का उपयोग होता है, क्योंकि इसे पवित्र और उपयोगी माना गया है। कुछ लोकमान्यताओं में यह विश्वास भी मिलता है कि बांस को जलाने से पितरों से जुड़ी अशुभता उत्पन्न होती है। साथ ही, जन्म से जुड़ी कुछ प्राचीन ग्रामीण परंपराओं में नवजात की गर्भनाल को बांस के झुरमुट में दबाने की बात भी कही जाती रही है, जिसे वंशवृद्धि के प्रतीक के रूप में देखा गया। हालाँकि, यह समझना आवश्यक है कि ये मान्यताएँ क्षेत्र विशेष की लोकपरंपराएँ हैं, न कि सभी शास्त्रों में समान रूप से उल्लिखित अनिवार्य नियम। धर्मग्रंथों में बांस को सार्वभौमिक रूप से कभी न जलाने योग्य घोषित करने का स्पष्ट और सर्वसम्मत विधान नहीं मिलता। भारतीय परंपरा की खूबसूरती यही है कि उसमें स्थानीय आचार और व्यावहारिक विवेक—दोनों साथ-साथ चलते हैं।

अब यदि वैज्ञानिक पक्ष पर नजर डालें तो बांस एक तेजी से बढ़ने वाला घास कुल का पौधा है। सामान्य परिस्थितियों में बांस को जलाने से वही धुआँ और कण निकलते हैं जो अन्य वनस्पति पदार्थों के जलने पर निकलते हैं। यह दावा कि बांस में स्वाभाविक रूप से अत्यधिक सीसा या भारी धातुएँ होती हैं और जलाने पर घातक विष बनता है—वैज्ञानिक रूप से सामान्य परिस्थितियों में सिद्ध तथ्य नहीं माना जाता। हाँ, यदि कोई पौधा प्रदूषित मिट्टी में उगा हो तो उसमें बाहरी तत्वों का संचय संभव है, पर यह बात केवल बांस पर ही लागू नहीं होती, अन्य पौधों पर भी लागू होती है।

अगरबत्ती को लेकर भी समाज में कई तरह की धारणाएँ प्रचलित हैं। यह सही है कि बाजार में मिलने वाली कुछ अगरबत्तियों में कृत्रिम सुगंध या रसायनों का उपयोग होता है, जिनका अत्यधिक धुआँ बंद कमरों में स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं माना जाता। इसलिए चिकित्सकीय दृष्टि से किसी भी धुएँ—चाहे वह अगरबत्ती का हो, धूप का हो या लकड़ी का—का सीमित और हवादार स्थान में प्रयोग ही उचित माना जाता है। परंतु यह कहना कि हर अगरबत्ती गंभीर रोगों का निश्चित कारण है, एक अतिरंजित निष्कर्ष होगा।

शास्त्रीय दृष्टि से पूजन विधानों में धूप और दीप का उल्लेख अधिक मिलता है। समय के साथ पूजा की सामग्रियों में परिवर्तन स्वाभाविक है। समाज ने सुविधा, सुगंध और उपलब्धता के आधार पर अगरबत्ती को अपनाया। परंपरा का मूल भाव यह है कि पूजन में पवित्रता, स्वच्छता और श्रद्धा बनी रहे—सामग्री का चयन विवेक से किया जाए।

आज के दौर में आवश्यक है कि हम आस्था का सम्मान करते हुए तथ्यों की जाँच भी करें। बिना प्रमाण के डर फैलाना भी उचित नहीं और परंपराओं की उपेक्षा करना भी बुद्धिमानी नहीं। यदि किसी को धूप, राल या पारंपरिक धुना उपयोग करना अधिक शुद्ध और अनुकूल लगता है तो यह स्वागत योग्य विकल्प है। वहीं अगरबत्ती का प्रयोग करने वाले लोग भी यह ध्यान रखें कि वह अच्छी गुणवत्ता की हो और उसका उपयोग हवादार स्थान पर किया जाए।

समाज तब परिपक्व होता है जब वह परंपरा और तर्क—दोनों को साथ लेकर चलता है। बांस को लेकर प्रचलित मान्यताएँ हमारी सांस्कृतिक स्मृति का हिस्सा हैं, पर उन्हें अंतिम वैज्ञानिक सत्य मान लेना उचित नहीं। इसी प्रकार आधुनिक उत्पादों को पूरी तरह दोषी ठहरा देना भी संतुलित दृष्टि नहीं है।

आस्था का सार भय नहीं, बल्कि विवेक है। धर्म का उद्देश्य स्वास्थ्य और सद्भाव है, न कि भ्रम और आशंका। इसलिए बेहतर यही है कि हम जानकारी के साथ निर्णय लें, परंपरा का सम्मान करें और वैज्ञानिक समझ को भी साथ रखें। यही संतुलन भारतीय संस्कृति की वास्तविक शक्ति रहा है—और आगे भी रहेगा।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1812-2800 चना काबली- 3100-9001, चना बड़ा- 4420-5071, रायड़ा- 5100-5901, बलटा- 1704-3938, सोयाबीन- 1401-5801, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,67,300, रवा- 1,67,200 चांदी- टंच- 2,76,500 पाट- 2,76,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## गुलाबों की खुशबू से महका गुना, संभाग स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी आयोजित

### कार्यक्रम में रामपुर सरपंच को किया सम्मानित

**गुना।** उद्यानिकी विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी सह कृषक कार्यशाला का शनिवार मानस भवन, गुना में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर किशोर कन्याल ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। जिसका रविवार को उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि 50 एकड़ पॉलीहाउस के लक्ष्य पर हम काम कर रहे है। हमारी योजना है कि हर साल 100 एकड़ तक हम इसे बढ़ाएं। गुना के गुलाबों की महक गांव से लेकर भोपाल और दिल्ली तक पहुंच चुकी है। गुलाबों का शहर के रूप में तो अपना जिला पहले ही पहचान बन चुका है। गुलाब खुशहाली का प्रतीक है और जीवन में खुश रहना ही हमारा सब का उद्देश्य है। रोज गुलाब है वहां खुशियां हैं या खुशियां है वह समृद्धि है। इसी क्रम में आरोन जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत रामपुर सरपंच श्रीमती अंजना युवराज शर्मा को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। बता दे कि रामपुर पंचायत के सरपंच द्वारा अपने घर पर गुलाब उगाए गए एवं इस कार्यक्रम में रामपुर सरपंच श्रीमती अंजना युवराज शर्मा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सरपंच ने बताया कि गुलाब उगाए जाने की प्रेरणा उन्हें जिला कलेक्टर किशोर कन्याल एवं प्रभारी उपसंचालक डॉ केपी सिंह किरार द्वारा मिली।

## सीएम हेल्पलाइन में नगर परिषद मधुसूदनगढ़ को मिली सफलता

### ग्वालियर संभाग में मिला अव्वल स्थान




**गुना।** जन समस्याओं के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण की दिशा में नगर परिषद मधुसूदनगढ़ ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जनवरी माह की ग्रेडिंग में नगर परिषद ने अपनी कार्यप्रणाली से पूरे प्रदेश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। मधुसूदनगढ़ ने प्राप्त सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत संतुष्टि पूर्वक निराकरण करते हुए ग्वालियर संभाग में प्रथम और मध्य प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर एक मिसाल कायम की है। नगर परिषद की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कलेक्ट्रेट में आयोजित टीएल बैठक के दौरान विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने इस सफलता के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) वीरेन्द्र चक्रवर्ती को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विशेष रूप से अखिलेश जैन, अपर कलेक्टर, संजय श्रीवास्तव परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण सहित समस्त विभागों के अधिकारी शामिल रहे। नगर परिषद की इस उपलब्धि के पीछे जिला प्रशासन की निरंतर मॉनिटरिंग और स्थानीय प्रशासन की सक्रियता को मुख्य कारण माना जा रहा है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा समय-समय पर की गई समीक्षा बैठकों ने कार्य को गति दी। जनता के प्रति जवाबदेही के चलते सीएमओ वीरेन्द्र चक्रवर्ती द्वारा समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके फीडबैक पर ध्यान देना निर्णायक साबित हुआ। इस परिणाम ने मध्य प्रदेश शासन की जन-हितैषी योजनाओं की सार्थकता को जमीन पर सिद्ध किया है। नगर परिषद की इस सफलता से क्षेत्र के नागरिकों में भी हर्ष का माहौल है, क्योंकि उनकी समस्याओं का समाधान अब बिना किसी विलंब के और गुणवत्ता के साथ हो रहा है।

## डिवाइडर से टकराई बाईक युवक गंभीर रूप से घायल

**शाजापुर।** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-52 पर सोमवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। अभयपुर गांव के पास बाइक सवार दो युवक दुर्घटना का शिकार हो गए। हादसे में एक युवक को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर कर दिया गया है। वहीं, बाइक चला रहे दूसरे युवक को मामूली चोटें लगी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों युवक गुजरात से सारंगपुर (राजगढ़) की ओर जा रहे थे। सोमवार सुबह करीब 8 बजे जब वे अभयपुर गांव के समीप पहुंचे तो बाइक पर पीछे बैठे युवक शाकिर अली को सफर के दौरान अचानक नींद की झपकी आ गई, जिससे वह चलती बाइक से नीचे सड़क पर गिर गया। पीछे बैठे साथी के अचानक नीचे गिरने से बाइक चला रहे साहिल अली का वाहन पर से नियंत्रण छिन गया। संतुलन बिगड़ने के कारण अनियंत्रित बाइक सीधे डिवाइडर से जा टकराई। इस दर्दनाक घटना में सड़क पर गिरे शाकिर अली को गंभीर चोटें आईं, जबकि चालक साहिल अली को हल्की चोटें लगी हैं। घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया गया जहां से हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद शाकिर अली को इन्दौर रेफर किया गया।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें
दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

# वसूली पर निकले सोसाइटी प्रबंधक से अड़ीबाजी, डरा धमका कर ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए 3600 रुपये

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

जिले के मोमन बड़ोदिया या थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े अड़ीबाजी और मारपीट का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम देहरीपाल सोसाइटी में प्रबंधक के पद पर कार्यरत एक व्यक्ति के साथ रविवार सुबह एक बदमाश ने रास्ता रोककर गाली-गलौज की और जबरन 3600 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए, जब प्रबंधक के साथियों ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने मारपीट की और हफ्ता नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### रास्ते में रोककर की अड़ीबाजी

पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, ग्राम बिजनाखेड़ी निवासी 36 वर्षीय लालसिंह राजपूत पिता मनोहर सिंह देहरीपाल सोसाइटी में प्रबंधक के पद पर पदस्थ हैं। रविवार, 1 मार्च 2026 की सुबह करीब 9.30 बजे वे अपने साथी गफूर खां और मोहनसिंह के साथ सोसाइटी की वसूली के काम से ग्राम देहरीपाल से देहरीपाल चक जा रहे थे। इसी दौरान देहरीपाल और देहरीपाल चक के बीच रास्ते में देहरीपाल चक निवासी प्रकाश बंजारा पिता नाथुलाल बंजारा ने उन्हें रोक लिया। आरोपी ने भद्दी गालियां देते हुए लालसिंह से वसूली के पैसे मांगे। इसके बाद उसने लालसिंह की गिरेबान पकड़ ली और अड़ीबाजी करते हुए जबरन उनके मोबाइल से 3600 रुपये बहादुर बंजारा नामक व्यक्ति के अकाउंट में डलवा दिए।

### विरोध करने पर साथी को पीटा

जब लालसिंह और उनके साथियों ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपी प्रकाश बंजारा भड़क गया और उसने गफूर खां के साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट में गफूर के दोनों गालों पर चोटें आईं। विवाद होता देख वहां मौजूद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उन्हें छुड़ाया। जाते-जाते आरोपी प्रकाश ने तीनों को सरेआम धमकी दी कि यदि उसे हफ्ता नहीं दिया गया तो वह उन्हें जान से खत्म कर देगा। इस घटना से डरे-सहमे प्रबंधक लालसिंह ने तुरंत अपने शाखा प्रबंधक सुशील पाठोंदिया, पर्यवेक्षक चंदरसिंह चंद्रवंशी और संस्था प्रशासक बलवंत सिंह भंवर को मोबाइल पर घटना की पूरी जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने साथियों के साथ मोमन बड़ोदिया थाने पहुंचकर प्रकरण दर्ज कराया।

### पुलिस ने तत्परता के साथ में आरोपियों को पकड़े लड़की भगाकर लाने का मामला आया सामने

# सुंदराबाद फंटे पर पानी पताशा ठेले वाले युवक के साथ मारपीट कर जान से मारने की नियत से अपहरण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खरसौदकलां



समीप बडनगर-खाचरोद सड़क मार्ग पर सुंदराबाद फंटे पर पानी पताशा ठेले वाले युवक के साथ चार लोगों द्वारा शनिवार को अज्ञात बदमाशो द्वारा मारपीट कर अपहरण करने की मामले में सुचना मिली। पुलिस बल ने युवक के अपहरण के मामले में तत्काल बड़नगर सड़क मार्ग से भागे बदमाशो के वाहन का पिछा कर पकड़ा।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि सुंदराबाद फंटे पर लहर जिला भिंड निवासी विजय पिता रामनाथ कुशवाहा ठेला लगाकर पानी पताशे का धंधा करता है।वर्तमान में विजय बालोदा लक्खा में निवासरत हैं। जिसे इक्कों कार से चार लोगों ने आकर मारपीट कर जबरन कार में बिठाकर अपहरण किया है। सूचना मिलते ही पुलिस बल ने तत्काल बदमाशों के वाहन का पीछा कर जस्साखेड़ी के पास सड़क मार्ग पर धर-दबोचा। जिन्हें थाने में पूछताछ में प्रहलाद पिता मदनलाल खैरवार, राघवेंद्र पिता मुनीलाल कुशवाह रंजीत पिता राधेश्याम डोडिया निवासी बड़नगर एवं सुनील पिता इंदरसिंह सोलंकी निवासी जाफला निवासी होना बताया। आरोपी के पास से एक चाकू के अलावा चार पहिया वाहन को जब्त किया है। साथ में बदमाशों के खिलाफ फिरोती एवं जान से मारने की नीयत से युवक के अपहरण पर प्रकरण दर्ज कर पुछताछ की जा रही है।

### लड़की को भगाकर लाने का मामला आया सामने

घटना के मामले में पूछताछ में पता चला कि विजय पिता रामनाथ कुशवाह 2 साल पहले भी एक लड़की का अपहरण कर के लाया था। जो वर्तमान उसके कब्जे में है जिसे छुड़ाने के मामले में विजय का अपहरण किया है।

## माता टेकरी मंदिर में होली प्रतिबंध का बोर्ड

### हिंदू संगठनों ने जताया विरोध

**देवास।** माता टेकरी पर होली खेलने पर लगाए गए प्रतिबंध को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। प्रशासन ने टेकरी परिसर में बोर्ड लगाकर चेतावनी दी थी कि होली खेलने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस प्रतिबंध के विरोध में हिंदू संगठन के कार्यकर्ता टेकरी पहुंचे। उन्होंने प्रतिबंधित बोर्ड हटाते हुए कहा कि होली जैसा पवित्र त्योहार यदि मंदिर में नहीं मनाया जाएगा, तो फिर कहां मनाया जाएगा। कार्यकताओं ने प्रशासन से प्रतिबंध लगाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी की। माता टेकरी मंदिर के पंडित राजेंद्र पुजारी ने बताया कि प्रशासन ने बोर्ड लगाकर होली खेलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। उन्होंने तर्क दिया कि देवी-देवताओं से ही त्योहारों की परंपरा शुरू हुई है, ऐसे में मंदिर में होली खेलने पर रोक लगाना उचित नहीं है। विरोध प्रदर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में होली खेलकर अपनी आस्था व्यक्त की। उन्होंने प्रशासन से प्रतिबंध लगाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई है।

# भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों की शीघ्र जांच करने कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना



भारतीय जनता पार्टी नीत नगरपालिका परिषद में सत्ता पक्ष के पार्षदों की आपसी खींचतान आरोप प्रत्यारोप की राजनीती ने शहर के विकास को बाधित किया है। इससे कहीं ना कही लोकतंत्र भी इससे शर्मसार हुआ है। इसको लेकर कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उक्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर न्यायिक निराकरण के आदेश की मांग की है।

कांग्रेस द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि परिषद की बैठक में निर्वाचित माननीयों की आपसी हाथापाई की नौबत एवं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की झगड़ा बंदी ने शहर के संभांत माहौल, संस्कृति सामाजिक समरसता की गरिमा को भी तार तार किया हैं। इसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अब तो स्थिति यहां तक आ गई कि सत्ता पर काबिज बने रहने की लड़ाई अब सड़कों पर उतर आई है आए दिन एक दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश एवं अखबारों के माध्यम से एक दूसरे की निजता पर हमलावर होने की स्थिति आरोप प्रत्यारोप की राजनीत (टारगेटिव पॉलिटिक्स) ने राजनीतिक माहौल को दूषित किया है। साथ ही परिषद की बैठक के निर्णय जो विधायक की मौजूदगी में लिए गए और बाद में गैर संवैधानिक तरीके से गिरे प्रस्तावों में बदलाव एवं प्रोसिडिंग जैसे सदन के रिकॉर्ड को बदलकर नया निर्णय लेना यह लोकतांत्रिक संवैधानिक व्यवस्था को शर्मसार करता है। यहां जिला प्रशासन के नजरिए को चौकस होने की महती आवश्यकता महसूस होती जान पड़ती है कि जहां क्षेत्र के विधायक को भी झूठे प्रपंच में लेकर उन्हें भी व्यक्ति विशेष निर्वाचित सदस्य को लेकर बदनाम करने की कोशिश ने भी परिषद को शर्मसार किया है। यह अखबारों में प्रकाशित खबरों के माध्यम से अपनी पीड़ा को जगजाहिर किया।

### बदली कार्यालय की तस्वीर

## पटवारियों ने स्वयं राशि खर्च कर बदल दी पटवारी कक्ष की तस्वीर

सारंगपुर। कस्बा पटवारी शहजाद खान ने जर्जर और अव्यवस्थित हो रहे शहर के पटवारी कक्ष की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने अपने पटवारी साथी अंकित चौहान और अभिषेक खत्री के साथ मिलकर एक माह के भीतर में स्वयं की ओर से कार्यालय के विकास पर करीब 25 हजार रुपए खर्च किए हैं। इससे पटवारी कक्ष भवन सभी सुविधाओं से परिपूर्ण हो गया है। कक्ष को सुंदर बनाकर लोहे की जाली से चारदीवारी का निर्माण होने से आने वाले लोगों के बैठे एवं आवारा मवेशियों के घुसने की समस्या दूर हो गई है। क्षेत्र में पटवारी खान की पहचान भामाशाह के रूप में बन गई है। वो अपनी ड्यूटी के समय जिस भी हल्के में रहे, उन्होंने आमजन से लेकर किसानों की तस्वीर बदलने का काम किया। वे अपने वेतन में से ही हजारों रुपये के विकास कार्यों पर खर्च कर चुके हैं। इन्हे इनके अच्छे कार्यो को लेकर ब्लाक स्तर पर सम्मान मिल चुका है। दरअसल सारंगपुर कस्बा के पटवारी कक्ष में बाउंड्रीवाल न आने से यह मवेशी और आमजन परिसर को गंदा कर देते थे। इसके लिए पटवारी खान, खत्री और चौहान ने मिलकर यह पर बांउड्रीवाल बनवाई और अब यह पौधारोपण कर पेड़ो को विकसित करने की योजना बना रहे है। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले आमजन, किसानों के बैठने के लिए टेबल कुर्सी की व्यवस्था भी जल्द ही की जा रही है।

## पाताखेड़ी में नायब तहसीलदार पर हमला करने वाले आरोपियों को 3-3 वर्ष का कठोर कारावास

**महिदपुर।** झारड़ा तहसीलदार के ग्राम पाताखेड़ी में दिनांक 05/09/2024 को लगभग 1.10 पर श्री रामदेव परिसर में अभियुक्त विनोद पिता नैनसिंह एवं धीरज नैनसिंह निवासी ग्राम सिकली द्वारा प्रभारी नायब तहसीलदार मोहम्मद इरशाद को लोक सेवक के पद पदस्थ होते हुए आरोपीगण द्वारा जान से मारने की नीयत से लोहे के पाईप से मारा, जिसके संबंध में पुलिस झारड़ा द्वारा आरोपीगण के विरुद्ध धारा 109, 132, 121 (1), 221 सपठित धारा 3(5) एवं 7(5) मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के संबंध में अपराध पंजीबद्ध किया गया था जिसका संज्ञान लेते हुए तृतीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमलेश सनोदिया महिदपुर द्वारा 3 वर्ष का कठोर कारावास एवं रु. 1500-1500 के दण्ड से दण्डित किया गया। उपरोक्त जानकारी अपर लोक अभियोजक नरेन्द्र कुमार सोलंकी द्वारा दी गई।

## विशाल की आलोट से वापसी लौटते समय ट्रैक्टर दुर्घटना में मौत

**महिदपुर रोड।** ग्राम लाखा खेड़ी नाहरपुर निवासी विशाल पिता जगदीश 20 वर्ष की सोमवार की रात्रि में आलोट (रतलाम) से गेहूं बेचकर वापस लौटते समय ग्राम अरनिया चीबड़ी के नजदीक ट्रैक्टर ट्राली पलटने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक विशाल लाखा खेडी नाहरपुर का निवासी होकर वर्तमान में ग्राम दुबली में अपने मामा के यहां रहता था परिजनों के अनुसार विशाल एक गल्ला व्यापारी के यहां काम करता था तथा व्यापारिक के गेहूं को लेकर आलोट गया हुआ था जहां से रात्रि में लौटते समय उसके साथ ट्रैक्टर दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मृतक का पोस्टमा र्टम करवाने महिदपुर शासकीय चिकित्सालय भेजा

## देवास में कारीगर 1.5 करोड़ का सोना लेकर फरार

### सर्राफा एसोसिएशन ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की

**देवास।** देवास में एक कारीगर कथित तौर पर करीब 1



किलोग्राम सोना, जिसकी कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये है, लेकर फरार हो गया है। यह कारीगर पिछले 35 वर्षों से शहर में सोने-चांदी का काम कर रहा था। इस मामले में सरार्फा व्यापारी एसोसिएशन के सदस्यों ने कोतवाली थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष देवेंद्र सोनी ने बताया कि अफसर पिता असगर अली, निवासी देवास सराफा, पिछले 35 सालों से देवास में कारीगरी का कार्य करता था। वह कई व्यापारियों के लिए सोने के जेवरात तैयार करता था।सोनी के अनुसार, अफसर अपने परिवार के साथ 1 मार्च 2026 की मध्य रात्रि से गायब है। उसके और उसके परिवार के सदस्यों के मोबाइल नंबर भी बंद आ रहे हैं।देवेंद्र सोनी ने बताया कि उक्त कारीगर के पास वर्तमान में करीब 15 से 20 व्यापारियों का लगभग 1 किलोग्राम सोना रखा हुआ था।व्यापारियों ने कोतवाली पुलिस से आवेदन के माध्यम से सरार्फा व्यापारियों को उनका सोना वापस दिलाने की मांग की है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण श्री मंगलसिंह पिता श्री हाकमसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रलायती तहसलील घट्टिया, श्री शुभम् परमार पिता श्री गौरीशंकर परमार जाति तेली निवासी ग्राम घौसला तहसील महिदपुर, श्री महेश पिता श्री मोहन निवासी ग्राम पीरझलार तहसील बड़नगर, श्री अन्तरसिंह पिता श्री उमरावसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रलायता हैवत तहसील घट्टिया, श्री जालमसिंह पिता श्री वकतावरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम रलायता हैवत तहसील घट्टिया, श्री नरेन्द्र पिता श्री तेजकरण जाति तेली निवासी ग्राम बिछड़ोद खालसा तहसील घट्टिया, श्री हेमन्त कुमरावत पिता श्री ओमप्रकाश कुमरावत जाति तम्बोली निवासी ग्राम घौंसला तहसील महिदपुर जिला उज्जैन से उनके शामिल स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 608/2 रकबा 0.02 हैक्टर, सर्वे नम्बर 609/1 रकबा 0.20 हैक्टर, सर्वे नम्बर 609/2 रकबा 0.63 हैक्टर, सर्वे नम्बर 610/1/1 रकबा 0.20 हैक्टर, सर्वे नम्बर 610/1/2 रकबा 0.80 हैक्टर, सर्वे नम्बर 622/2 रकबा 1.16 हैक्टर व सर्वे नम्बर 623/1 रकबा 0.29 हैक्टर भूमि कुल किता 07 कुल रकबा 3.30 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम रलायता हैवत तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी।

सूचित हो। इति दिनांक 02-03-2026

**अश्विन पलोड़ (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मोबाईल 99265-32350**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामीगण 1. श्री भारत सिंह पिता स्वर्गीय कनीराम जी, 2. श्री यादव सिंह पिता स्वर्गीय कनीराम जी व 3. श्री राजेश पिता स्वर्गीय कनीराम जी, समस्त कृषक ग्राम सिलारखेडी तहसील व जिला उज्जैन के संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 187 रकबा 1.26 हेक्टर में से पश्चिम / दक्षिण दिशा के कोने की रकबा 0.20 हेक्टर भूमि, जिसके पश्चिम दिशा में सिलारखेड़ी रोड़ हैं, स्थित ग्राम सिलारखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन में प्रधानमंत्री रोड पर होकर फ्रीहोल्ड् राईट्स की हैं, को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित तथा मय निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामीगण में से श्री भारत सिंह पिता स्वर्गीय कनीराम जी के माध्यम से किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं। । उक्त भूमि उपरोक्त भूमि स्वामीगणों के पिता स्वर्गीय कनीराम पिता श्री कमलाबाई बलवन्त जी के एकमेव स्वत्वाधिपत्य की थी तथा श्री कनीराम जी व उनकी पत्नि श्रीमती कमलाबाई की मृत्यु हो जाने से उक्त भूमि उपरोक्त भूमि स्वामीगण के संयुक्त स्वत्वाधिपत्य की हैं, जिनका नाम आवश्यक समस्त विभागों, निकायों, राजस्व अभिलेखों आदि में अंकित होना शेष हैं एवं पक्षकार द्वारा दी माहिती अनुसार श्री कनीराम जी की मृत्यु पश्चात उपरोक्त भूमि स्वामीगण मृतकों के वैध वारिसगण हैं तथा इनके अलावा मृतकों का अन्य कोई वैध वारिस नहीं हैं ।

उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तिय संस्था, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 5 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। दिनांक-02.03.2026. उज्जैन।

**निखिल सोड़ानी, एडव्होकेट**
**कार्यालय-दुकान नं. डी-8, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स,**
**आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन**
**मोबाईल नम्बर-9301376778**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी उज्जैन जिला उज्जैन (मप्र)**

क्रमांक 137/री-1 /2026 उज्जैन दिनांक - 27/02/26
प्रकरण क्र. / अपील/2025-26

**अपील सूचना समंस आदेश नियम 1 और सीपीसी**

1. प्रदीप उर्फ धनु पंवार पिता श्री केशवराव निवासी 03 ग्रीन वैली कॉलोनी सेन्ट थॉमस विद्यालय के सामने देवास

अपीलार्थी

1. अमृतराव ढेरंगे पिता स्व. श्री रामाराव, निवासी गली नं. 01 पण्डित नरेन्द्र दुबे के घर के पास, जेल रोड़ देवास (म.प्र) 455001
2. श्रीपतराव ढेरंगे पिता स्व. श्री रामाराव, निवासी एल-2, 49, अतिरिक्त विश्वबैंक कॉलोनी, बापू नगर के पास आगर रोड़ उज्जैन (म.प्र.)
3. श्रीमती सुशीलाबाई पति स्व. श्री आनन्दीलाल ढेरंगे निवासी बी/33 आदर्श नगर देवास (म.प्र)
4. स्व. श्री त्रम्बकराव पिता स्व. श्री रामाराव द्वारा वारिसान
   अ. श्रीमती कृष्णाबाई पति स्व. श्री त्रम्बकराव
   ब. राजेशराव पिता स्व. श्री त्रम्बकराव जी,
   स. सतीश उर्फ पप्पू पिता स्व. श्री त्रम्बकराव
   द. प्रेमलता पिता श्री सुनील राव जी पुत्री स्व. श्री त्रम्बकराव जी
   इ. कल्पना पति स्व. रामराव सातपुते पुत्री स्व. श्री त्रम्बकराव जी निवासी 05 ग्राम मानपुरा पोस्ट ऑफिस मतानाकलां तहसील व जिला उज्जैन
5. श्रीमती सुशीलाबाई पति स्व. श्री किशनराव जाधव पुत्री स्व. श्री रामाराव जी निवासी 636, मराठा मोहल्ला उन्हेल जिला उज्जैन
6. श्रीमती पार्वतीबाई पति स्व. श्री विश्वनाथ राव चव्हाण पुत्री स्व. श्री रामाराव जी निवासी 145 प्रिकांको कॉलोनी इन्दौर (म.प्र.) 452009
7. श्रीमती सुमित्राबाई पति श्री दत्ताजी राव जाधव पुत्री स्व. श्री रामाराव जी निवासी 28 सुतार बाखल, देवास (म.प्र.) 455001
8. कुमारी रानी पुत्री श्री केशवराव पंवार निवासी 03 ग्रीन वेली कॉलोनी सेन्ट थॉमस विद्यालय के सामने देवास (म.प्र) 455001
9. राजश्री उर्फ आशू पति श्री प्रकाशराव पुत्री श्री केशवराव पंवार निवासी अष्टविनायक कॉलोनी बालगढ़ रोड़ देवास (म.प्र.) 455001
10. गीतांजलि उर्फ प्रीति पति श्री राहुलराव पुत्री श्री केशवराव पंवार निवासी मोती बंगला देवास (म.प्र.) 455001

..विरूद्ध

आप अनावेदक के विरूद्ध आवेदकों के द्वारा न्यायालय तहसीलदार के पंजी क्रमांक 07 आदेश दिनांक 15.09.2005 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण क्रमांक 0137/अपील / 2025-26 है।

उक्त आवेदन की सुनवाई हेतु दिनांक 10/03/2026 नियत की गई है। इसलिए आप अनावेदक उक्त आवेदन के संबंध में सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए जिस पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो मय दस्तावेजों के उक्त नियम दिनांक 10/03/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपका पक्ष प्रस्तुत करें। अनावेदक की अनुपस्थिति में आवेदक की सुनवाई का निपटारा नियमानुसार किया जावेगा। किसी कारण से उक्त दिनांक का अवकाश होने की दशा में प्रकरण आगामी कार्य दिवस में लिया जावेगा। सूचित हो।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**अनुभाग उज्जैन**

## न्यूज कॉलम

### इजराइल-ईरान जंग, मोदी ने 8 देश के नेताओं से बात की

**नई दिल्ली।** इजराइल-ईरान जंग का आज चौथा दिन है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बाद भारतीय वापिस आ रहे हैं। दुबई और अबूधाबी से मंगलवार शाम तक सात फ्लाइट से 2100 से ज्यादा भारतीय लौट चुके हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर 8 खाड़ी देशों के नेताओं से बात की है। पीएम ने आज ओमान के सुल्तान, कतर के अमीर और कुवैत के क्राउन प्रिंस से फोन पर बात वहां हुए हमलों की निंदा की। एयरस्पेस बंद होने के कारण मंगलवार को दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और चेन्नई एयरपोर्ट पर 250 से ज्यादा इंटरनेशनल फ्लाइट कैंसिल कर दी गईं। इनमें दिल्ली से 80+, मुंबई से 107, बेंगलुरु से 42 और चेन्नई से 30 उड़ानें शामिल हैं। इंडिगो आज जेद्दाह से हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए 10 स्पेशल उड़ानें भी चला रहा है। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने मस्कट के लिए उड़ानें शुरू की हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के विरोध में जम्मू-कश्मीर में प्रदर्शन जारी हैं। बांदीपोरा के शादीपोरा में शिया समुदाय ने पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। श्रीनगर दूसरे दिन भी बंद रहा। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को भड़काऊ भाषणों पर सतर्क रहने का निर्देश दिया है। इजराइल-ईरान विवाद के कारण उड़ानों में हो रही रुकावट पर एयर इंडिया के ऑपरेशंस कंट्रोल सेंटर के हेड कैप्टन विक्रम दयाल ने यात्रियों की असुविधा को कम करने का भरोसा दिया है।

### आरएसएस पर बनी फिल्म शतक मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर बनी फिल्म शतक को मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव ने इस फिल्म को टैक्स फ्री करने की घोषणा करते हुए अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इसकी जानकारी दी है। सीएम मोहन ने लिखा कि, हिंदी फिल्म शतक को सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री किया है। ये फिल्म राष्ट्रसेवा और संस्कारों की उस परंपरा को सशक्त रूप में प्रस्तुत करती है, जिसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने दशकों से जीवित रखा है। फिल्म शतक संदेश देती है कि संगठित विचार, चरित्र और सेवा भाव से ही एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। फिल्म 20 फरवरी 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (2155) के 100 साल की यात्रा दिखाई है। फिल्म की शुरूआत 1925 में नागपुर में डॉ। केशव बलिराम हेडगेवार (डॉक्टरजी) द्वारा संघ की स्थापना से होती है। इसमें दिखाया है कि, कैसे एक छोटे से समूह से शुरू हुआ ये संगठन आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है। फिल्म में संघ के संस्थापक डॉ। हेडगेवार और उनके उत्तराधिकारी गुरुजी (माधव सदाशिव गोलवलकर) के जीवन और उनके संघर्षों को प्रमुखता से दिखाया है। फिल्म में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में संघ के योगदान, विभाजन के समय की स्थिति, दादरा और नगर हवेली की मुक्ति, कश्मीर का मुद्दा और 1975 के आपातकाल के दौरान संगठन के संघर्षों का चित्रण किया गया है।

### देश में प्रोटीन मार्केट की रफ्तार 4 गुना, टियर-2 शहरों में 40% ग्रोथ

**मुंबई।** भारत में प्रोटीन प्रोडक्ट की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। अमेजन इंडिया के आंकड़े बताते हैं कि प्रोटीन और न्यूट्रिशन पोर्टफोलियो में 35% की बढ़ोतरी हुई, जबकि सामान्य एफएमसीजी सेक्टर की ग्रोथ सिर्फ 9% है। आईएमएआरसी का अनुमान है कि 2024 में भारत का प्रोटीन सप्लीमेंट बाजार 7,461 करोड़ रुपए का था, जिसके 2033 तक 13,186 करोड़ तक पहुंचने की संभावना है। प्रोटीन सप्लीमेंट्स के प्रीमियम प्रोडक्ट (4,500 से अधिक दाम वाले) की बिक्री सामान्य से 3.5 गुना तेजी से बढ़ रही है। यह ग्रोथ केवल बड़े शहरों तक नहीं है, जहां बेंगलुरु जैसे शहर 50-59% की दर से बढ़ रहे हैं। कोल्हापुर, मंगलुरु, देहरादून और अंबाला जैसे टियर-2,3 शहरों में भी 40% की ग्रोथ देखी जा रही है। रेडसीर स्ट्रैटजी कंसल्टेंट्स के मृगांक गुटगुटिया का कहना है कि भारत में अब लोग सेहत के लिए प्रीमियम देने को तैयार हैं। अंडे को ही लें, 2011 में खपत 2,500 टन थी, जो 2024 में 5 हजार टन पहुंच गई। अंडे का बाजार सालाना 7% बढ़ रहा है और 70 हजार करोड़ रुपए का हो गया है। आईसीएमआर के अनुसार, एक स्वस्थ वयस्क को रोजाना औसतन 60 ग्राम प्रोटीन लेना चाहिए। शहरी भारत में प्रोटीन की खपत औसतन 37 ग्राम है। कंपनियां ने इसी गैप को पहचान लिया है। प्रोटीन कुल्फी, प्रोटीन लस्सी, प्रोटीन छाछ और प्रोटीन पनीर जैसे टर्म से प्रोडक्ट की ब्रांडिंग कर रही हैं।

### अखिलेश यादव की बेटी की एआई फोटो पोस्ट की

**प्रयागराज।** इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव की बेटी की एआई से फोटो बनाकर पोस्ट कर दी। लिखा- मैं अपनी जान से बढ़कर प्यार करता हूं। यूजर ने करीब 318 पोस्ट किए हैं। जिनमें 100 से अधिक पोस्ट में उसने अखिलेश की बेटी की तस्वीर लगाई है। पोस्ट वायरल होने के बाद सपा एमएलसी डॉ. मानसिंह यादव ने प्रयागराज के साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने कहा- यूजर की पहचान कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उसकी आईडी तत्काल बंद की जाए। सपा प्रमुख और उनके परिवार की छवि धूमिल हो रही सपा एमएलसी डॉ. मानसिंह यादव ने शिकायत में लिखा- सपा प्रमुख अखिलेश यादव की बेटी के खिलाफ इंस्टाग्राम पर से फोटो बनाकर पोस्ट की गई है। यह पोस्ट शेखर नाम की आईडी से की गई है। वह अनर्गल और अश्लील पोस्ट डाल रहा है। इससे राष्ट्रीय स्तर के सम्मानित परिवार की छवि धूमिल हो रही है। यह एक सुनियोजित साजिश है। इंस्टाग्राम का इस्तेमाल करोड़ों लोग कर रहे हैं। यूजर की ओर से पोस्ट किए गए फोटो से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में काफी गुस्सा है। उन्होंने साइबर पुलिस का दिए शिकायत में लिखा- यूजर Shekhar93653 की पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। इसे तुरंत बंद करवाया जाए।

### होली मनाने जा रहे पति-पत्नी समेत 6 की मौत

**हाथरस।** यूपी के हाथरस में यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार तड़के डबल डेकर बस ने चलती ईको वैन को पीछे टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी समेत 6 लोगों की मौत हो गई, 7 लोग घायल हो गए। मृतकों में 3 आगरा और 3 राजस्थान के धौलपुर के रहने वाले थे। होली के लिए घर जा रहे थे। बस दिल्ली से गोरखपुर, जबकि वैन दिल्ली से धौलपुर जा रही थी। ओवरटेक करने की कोशिश करते वक्त टक्कर हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन उछलकर 10 फीट दूर गिरी। उसका पिछला हिस्सा चकनाचूर हो गया। गनीमत रही कि बस सवार यात्रियों को चोट नहीं आई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। सड़क पर लाशें बिछ गईं। एक्सप्रेस-वे पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस अफसर पहुंचे। घायलों को तत्काल खंदौली सीएचसी भिजवाया। जहां से तीन को आगरा रेफर कर दिया। हादसा सादाबाद कोतवाली क्षेत्र में हुआ। ईको वैन से राजस्थान के राजाखेड़ा जा रहे थे 13 लोग हाथरस में यमुना एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 141 पर निजी डबल डेकर बस गोरखपुर की तरफ जा रही थी। बस के आगे ईको वैन चल रही थी। वैन में 13 लोग सवार थे। सभी होली के त्योहार के लिए अपने-अपने घर जा रहे थे। तड़के 4.15 बजे तेज रफ्तार बस ने वैन को ओवरटेक करने की कोशिश की और बेकाबू होकर वैन को पीछे से टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान विजय (27) पुत्र सुखराम बघेल, पत्नी पिंकी (26) निवासी सुडरई थाना शमशाबाद (आगरा) और नाथू देवी (35) पत्नी अमर सिंह निवासी रोई खास थाना शमशाबाद (आगरा) के रूप में हुई।

---

#### मुहूर्त अनुसार हुआ होलिका दहन, परम्परागत गैर निकली, नगर सहित अंचलों में धुलेंडी पर्व धूमधाम से मनाया

# लोगों ने उत्साह के साथ मनाया रंगों का पर्व







दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

नगर सहित अंचलों में धुलेंडी का पर्व मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व के चलते जहां मुहूर्त अनुसार होलिका दहन किया गया। दहन स्थल पर पहुंच कर नागरिकों ने होली की पूजा अर्चना की तथा मन्नते मांगी। इसके उपरांत होली खेलने का दौर शुरू हो गया। नगर में गीले रंगों से पिचकारियों के साथ होली खेलने का विशेष आनंद बच्चों में ज्यादा रहा, युवाओं ने भी होली का उत्साह पुरे जोश के साथ मनाया। वहीं बड़ों में सुखे रंगों से होली खेलकर परंपरा का निर्वाहन किया। मंगलवार को सिटी व मंडी क्षेत्र सहित फ्रीगंज में अलग-अलग समुह में गेर के रूप में नागरिक निकले तथा गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

**तैनात रहा पुलिस बल**

रंगों का यह पर्व शांति व सद्भाव के साथ सम्पन्न हो इसके लिए प्रशासन पुरी तरह मुस्तैद रहा। नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में बाहर से आए बल भी तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने सोमवार की रात से मंगलवार शाम तक विभिन्न स्थानों पर अपने कर्तव्यों को मुर्त रूप दिया। साथ ही दिनभर पुलिस की मुस्तेदी रही।

साथ ही नगर में गमी वाले परिवारों तक पहुंचकर सांत्वना देते हुए परिजनों पर रंग गुलाल लगाई गई। इस दौरान ढोल-ढमाकों के साथ नाचते हुए टोलियां भी निकली। उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार नगर में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न स्थानों पर पहुंचे और होली का रंग डाला। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में रंगों का यह पर्व पांच दिनों तक मनाया जाता है। रंगों के इस पर्व का समापन उत्साह के साथ रंगपंचमी पर होगा। रंगपंचमी के अवसर पर सिटी व मंडी क्षेत्र में भव्य गैर का आयोजन होगा, जिसकी तैयारियां की जा रही है। नगर में पांच दिनों तक होली खेले जाने की परंपरा चली आ रही है।

---

#### मंदिरों से प्रतिदिन निकलने वाले पुष्पों का वैज्ञानिक विधि से

## संग्रहण और प्रसंस्करण कर उसका तैयार किया हर्बल गुलाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



नगर पालिका परिषद आगर के द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक अभिनव पहल की गई है। निकाय की सहयोगी संस्था एस  के वेस्ट मैनेजमेट सर्विसेज द्वारा नगर के विभिन्न मंदिरों से प्रतिदिन निकलने वाले पुष्पों का वैज्ञानिक विधि से संग्रहण एवं प्रसंस्करण कर उनसे हर्बल गुलाल तैयार किया गया है।

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुशल सिंह डोडवे ने बताया कि यह पहल कचरा प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एस के एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि होली पर्व के अवसर पर रासायनिक रंगों के स्थान पर प्राकृतिक हर्बल गुलाल का उपयोग करें, जिससे त्वचा एवं पर्यावरण दोनों सुरक्षित रह सकें।

स्वच्छता निरीक्षक बसंत डुलगज ने जानकारी देते हुए कहा कि मंदिरों से निकलने वाले पुष्पों का पुर्नचक्रण कर उपयोगी उत्पाद तैयार करना वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा को साकार करता है। रासायनिक रंगों से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए हर्बल गुलाल का उपयोग समय की आवश्यकता है।

नगर पालिका परिषद आगर द्वारा समस्त नागरिकों से अनुरोध करता है कि वे स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाते हुए इस पहल में सक्रिय सहभागिता निभाएँ।

---

## नगरपालिका परिषद शुजालपुर का शताब्दी गौरव दिवस कल



दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

नगर की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर नगरपालिका परिषद शुजालपुर द्वारा 5 मार्च गुरुवार को गौरव दिवस शताब्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सिटी बस स्टैंड स्थित परिसर में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का वातावरण है।

समारोह में प्रदेश के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों व अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार रहेगे , जबकि विशिष्ट अतिथियों में क्षेत्रीय सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल रहेंगे। आयोजन की अध्यक्षता नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष बबीता परमार करेंगी। कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के विकास में योगदान देने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही नगर के इतिहास और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला जाएगा। शाम 7 बजे से प्रसिद्ध भजन गायक सुधीर व्यास इंदौर द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें शहरवासी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। नगरपालिका परिषद ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शताब्दी समारोह को सफ ल बनाने की अपील की है। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

---

## नन्हें रोजेदारों ने रखा पहला रोजा परिवार ने कराया इफ्तार का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



पवित्र माह रमजान के अवसर पर छावनी क्षेत्र में खुशियों का माहौल देखने को मिला। छावनी मस्जिद के पास रहने वाले जहीर खान के बेटे अल्तमश खान और बेटी वही खान ने अपना पहला रोजा रखकर अल्लाह की इबादत की। पहला रोजा रखने पर दोनों बच्चों को परिजनों और आसपास के लोगों ने दुआओं और शुभकामनाओं से नवाजा। इस खास मौके पर पिता जहीर खान द्वारा सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इफ्तार के दौरान रोजेदारों ने एक साथ रोजा खोला और मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ की। बच्चों के पहले रोजे को लेकर परिवार में उत्साह और खुशी का माहौल बना रहा। रमजान के इस पावन अवसर पर आयोजित सामूहिक इफ्तार ने आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया।

---

## दस से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर हुआ होलिका दहन

#### ग्राम झरावदा के शंकर मंदिर में बुधवार को होगा 5:15 मीटर लंबी चूल का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड



नगर में 10 अधिक सार्वजनिक स्थानों पर सोमवार की रात्रि में होलिका दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। विभिन्न मोहल्ला कॉलोनियां मंदिर परिसर आदि स्था नों पर होलिका दहन के कार्यक्रम पूजा अर्चना के उपरांत संपन्न हुए। सुबह महिला पुरुष बच्चे नव धान्य गेहूं तथा चने की फसल लेकर होलिका दहन स्थान पर पहुंचे, जहां श्रीफल चढ़ा कर होलिका की परिक्रमा के उपरांत नव धान्य की आग में तपाने के बाद उनका सेवन किया।

ग्राम झरावदा के समीप स्थित जय झरादेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में बुधवार को 5:15 फीट लंबी चूल का दोपहर में आयोजन होगा जिसमें आसपास के बीच बीस से अधिक नगरों गांवों के श्रद्धालु नंगे पैर धधकते अंगारों के बीच हर हर महादेव के नारे लगाते हुए शिवजी की पूजा अर्चना करेंगे। शिव मंदिर के पुजारी समरथ ने जानकारी देते हुए बताया 50 से अधिक वर्षों से यहां चूल का आयोजन होलिका दहन के अगले दिन संपन्न होता है लेकिन इस बार चंद्र ग्रहण होने से होलिका दहन के दो दिन बाद चूल का आयोजन किया गया है, मंगलवार को चंद्र ग्रहण होने से सभी मंदिरों के पट दिन भर बंद रहे।

---

#### बगलामुखी मंदिर से नायब तहसीलदार का चप्पल चोरी

## एसपी और टीआई को की शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा




न्यायालय नायब तहसीलदार बड़ागांव तहसील नलखेड़ा
जिला आगर मालवा (म.प्र.)

जिले के प्रसिद्ध मां बगुलामुखी मंदिर परिसर से नायब तहसीलदार की चप्पल चोरी होने का मामला सुर्खियों में है। अधिकारी ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर संदिग्ध की पहचान करवाई और अब एसपी को पत्र लिखकर चप्पल चोर पर केस दर्ज करने की मांग की है। यह पत्र सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। दरअसल, आगर मालवा जिले के प्रसिद्ध बगुलामुखी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे नायब तहसीलदार की चप्पल चोरी हो गई। आम तौर पर ऐसे मामलों को लोग टाल देते हैं, लेकिन साहब ने इसे हल्के में नहीं लिया। नायब तहसीलदार साहब का इगो हर्ट हो गया और उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर संदिग्ध की पहचान करवाई। संदिग्ध को पकड़कर उससे चोरी कबूल भी करा दी।

सोमवार को यह अनोखी चोरी की घटना सामने आई। मंदिर दर्शन करने पहुंचे नायब तहसीलदार अरुण चंद्रवंशी की चप्पल गायब हो गई। घटना सोमवार दोपहर लगभग 3:15 बजे हुई। नायब तहसीलदार ने रसीद काउंटर के पास चप्पल उतारी, लेकिन दर्शन के बाद लौटे तो चप्पलें गायब थीं। मंदिर प्रबंधन से संपर्क कर सीसीटीवी फुटेज जांची गई। वीडियो में दोपहर 3:20 बजे एक युवक चप्पल ले जाते हुए साफ दिखाई दिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदिर मैनेजर विनोद गवली और कर्मचारी नितेश देवड़ा ने फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान पवन (पिता प्रेमनारायण), अयोध्याबस्ती, नलखेड़ा के रूप में की। आरोपी पवन ने चप्पल ले जाने की बात स्वीकार की। बताया गया कि वह मंदिर में रजिस्टर्ड पुजारी नहीं है, फिर भी हवन और अन्य गतिविधियों में सक्रिय रहता है।

- नायब तहसीलदार ने शिकायत में मंदिर परिसर में चप्पल, जूते और अन्य कीमती सामान की चोरी की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने आरोपी के खिलाफ बीएनएसएस (इदे) की धारा 170 और 126 के तहत मामला दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की । उन्होंने पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह और थाना प्रभारी नागेश यादव को लिखित शिकायत भेजकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। यह पत्र अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।
- सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस पत्र ने मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बहस छेड़ दी है। फिलहाल, स्थानीय प्रशासन और पुलिस मामले की जांच में जुटे हैं। इस मामले में नलखेड़ा थाना प्रभारी नागेश यादव ने बताया है कि आवेदन के आधार पर जांच कराई जा रही है। जांच के बाद आरोपी पर कार्रवाई करेंगे।

---

**न्यायालय तहसीलदार तहसील उन्हेल, जिला-उज्जैन, मध्यप्रदेश**

क्रमांक : /रीडर/2026 उन्हेल, दिनांक 2/3/2026

प्र.5 1544/अ-6/2021.16

**सार्वजनिक इश्तेहार जारी करने के संबंध में।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक/उपपंजीयक द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र दिनांक 31/12/2012 प्रस्तुत/प्रेषित किया गया है कि, विक्रेता मांगुबाई पति राधु व कलाबाई पिता राधु जाति सुतार निवासी ग्राम करमंदी, तहसील आलोट के स्वामित्व की ग्राम रामाबालोदा की भूमि सर्वे नम्बर 47, 48, 76/मिन-1, 636 कुल किता 04 कुल रकबा 2.780 हेक्टेयर में से रकबा 0.350 हेक्टेयर भूमि का म.प्र.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत क्रेता दिनेश पिता हेमराज जाति माली निवासी मालीपुरा उज्जैन के दिनांक 06/10/2021 को फोत हो जानें से उनके वारीस रेखा बेवा दिनेश व पिंकेश, पूजा, शुभम पिता दिनेश जाति माली के पक्ष में शासकीय अभिलेख में नामान्तरण किये जानें का आवेदन प्राप्त हुआ है।

अतः आपके स्थानीय समाचार-पत्र संस्करण में विज्ञप्ति (इश्तेहार) इस आशय से जारी करें कि अनावेदक एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उक्त नामान्तरण कार्यवाही में यदि किसी व्यक्ति अथवा सर्वसाधारण को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति/ दस्तावेज स्वयं अथवा अपनें अभिभाषक के माध्यम से इश्तेहार जारी होने के 07 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति दस्तावेजों पर विचार नहीं किया जावेगा और नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

**तहसीलदार**
**तहसील उन्हेल,**
**उज्जैन (म.प्र.)**

# 31 क्विंटल गुलाल और फूलों से महकी बालाजी ग्रुप की धुलेण्डी की महागेर

## चन्द्रग्रहण के चलते दो मत होने से होली का रंग दिखा फीका

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

3 मार्च को मंदसौर में धुलेंडी पर पर होली का रंग फीका दिखाई दिया हालांकि बालाजी ग्रुप द्वारा निकाली गई महागेर में युवाओं ने जोश व उत्साह से भाग लिया। इस वर्ष खगोलीय गणना और चंद्रग्रहण के प्रभाव के कारण नगर में धुलेंडी पर्व को लेकर दो मत दिखाई दिए। जहाँ पशुपतिनाथ मंदिर और गोवर्धननाथ मंदिर सहित कई समाजों द्वारा 3 मार्च को होली खेली, वहीं कुछ वर्गों द्वारा आगामी 4 मार्च को पर्व मनाने का निर्णय लिया गया है। पर्व के चलते शासकीय अवकाश तो रहा, लेकिन नगर के बाजार खुले नजर आए, हालांकि दो तारीख होने और पर्व के माहौल के कारण व्यावसायिक चहल-पहल कुछ कम रही। कुल मिलाकर, श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के संगम के साथ बालाजी ग्रुप द्वारा निकाली गई महागेर में शामिल युवा रंगों के उत्सव को मनाते नजर आये।

महावीर फतेह करे सेवा संस्था (बालाजी ग्रुप) द्वारा आयोजित 13वीं विशाल रंगारंग महागेर ने इस बार पूरे नगर को उत्सव के अनूठे रंगों में सराबोर कर दिया। इस वर्ष की महागैर की सबसे विशेष बात इसका डीजे मुक्त होना रही, जिसकी नगरवासियों ने मुक्त कंठ से सराहना की। बच्चों की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए लिए गए इस अनुशासनात्मक निर्णय ने उत्सव में शालीनता और परंपरा का समावेश किया।

महागैर का विधिवत शुभारंभ प्रातः 9 बजे भगवान श्री द्विमुखी गणपति मंदिर में संतगणों और समाज प्रमुखों द्वारा पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर बालाजी ग्रुप के जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र मंगल बैरागी, आयोजन समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल भावसार सहित अनेक समाजसेवियों और संतों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके बाद ग्रुप द्वारा बनाये गये मंच पर पं. दशरथभाई एवं पं. विष्णु शर्मा ने समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले प्रमुख व्यक्तित्वों का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। इसके पश्चात ढोल-धमाकों और बैंड-बाजों की गूंज के साथ गैर का कारवां आगे बढ़ा, जिसमें युवाओं की टोलियां उत्साहपूर्वक सम्मिलित होती गईं। महागैर में आकर्षण का मुख्य केंद्र कृष्ण-सुदामा की अटूट मित्रता को दशार्ती चलित झांकी, गुजरात के विशाल नगाड़े और मंदसौर के पारंपरिक ढोल रहे, जिनकी थाप पर युवा जमकर थिरके। उत्सव को भव्य बनाने के लिए ३१ क्विंटल हर्बल गुलाल और ११ क्विंटल फूलों का उपयोग किया गया। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए बालाजी ग्रुप की विशेष समितियों ने पूरे मार्ग पर कड़ा अनुशासन बनाए रखा। अंत में बड़े बालाजी मंदिर के बाहर सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ के साथ इसका समापन हुआ। महागेर में वरिष्ठ समाजसेवी मदनलाल राठौर, गुरुचरण बग्गा, सूरजमल गर्ग चाचाजी, पं. दिलीप शर्मा, दिनेश मेनारिया, डॉ. प्रवीण मंडलोई, विजय सुराना, राजेश गुर्जर, गौरव अग्रवाल, प्रवीण शर्मा, हिम्मत डांगी, अर्जुन डाबर, गणपत कुमावत, प्रकाश सिसोदिया, विनय दुबेला, सुरेंद्र कुमावत, दृष्टानंद नैनवानी, कृष्णचन्द्र चिचानी, नंदू आडवाणी, शैलेंद्र गर्ग, वासुदेव सेवानी, संतोष गोयल, राजेंद्र अग्रवाल, विनोद रुनवाल, जितेश फरक्या, राजेन्द्र चाष्टा, कपिल भंडारी, आशीष गुप्ता, बंशीलाल टांक, शंभूसेन राठौर, रमेश माहेश्वरी, मनोज सांखला, विनोद जाट, कपिल मावर, राजाराम तवर सहित अनेक नगरवासी सम्मिलित रहे। मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने किया और आभार प्रदर्शन आयोजन समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा ने व्यक्त किया।

## फाग के गीतों पर झूमी नीमा समाज की महिला शक्ति, धूमधाम से मनाया गया होली उत्सव



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

नीमा समाज की महिलाओं द्वारा स्थानीय सेकेंड होम में फाग महोत्सव एवं होली स्नेह मिलन का भव्य आयोजन किया गया। भक्ति और उल्लास के इस संगम में समाज की महिलाओं ने पारंपरिक फाग गीतों और फूलों की होली के साथ उत्सव को यादगार बनाया।

कार्यक्रम नीमा समाज की उपाध्यक्ष श्रीमती मनीषा नीमा की मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान कृष्ण के चित्र पर गुलाल अर्पण कर की गई। आयोजन में वरिष्ठ महिलाओं सहित समाज की 21 सक्रिय सदस्य उपस्थित रहीं, जिन्होंने कार्यक्रम में अपनी ऊर्जा से नई जान फूंक दी।

उत्सव के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। फाग महोत्सव में ढोलक की थाप पर पारंपरिक होली गीतों ने समां बांध दिया। उपस्थित महिलाओं ने नृत्य और गीतों के माध्यम से अपनी खुशी का इजहार किया।

कार्यक्रम के अंत में समाज की एकता और महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। उपाध्यक्ष श्रीमती मनीषा नीमा ने सभी कार्यकताओं और उपस्थित सदस्यों को सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा समाज की एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।

भविष्य में भी इसी तरह की रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियां निरंतर चलती रहनी चाहिए। साथ ही, यह आह्वान भी किया गया कि जो महिलाएं किसी कारणवश इस बार सम्मिलित नहीं हो पाईं, उन्हें आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए ताकि समाज का संगठन और अधिक मजबूत हो सके। इस सफल आयोजन के लिए नीमा समाज के वरिष्ठ जनों एवं समस्त कार्यकारिणी ने महिला इकाई को हार्दिक बधाई प्रेषित की है। अंत में आभार आरती नीमा ने माना।

## नीमच में दिन दहाडें सोना चोरी की वारदात का पुलिस ने चंद घंटों में किया पर्दाफाश

### 65 ग्राम सोने की चोरी की मनगढंत घटना बताने वाला मुनीम ही निकला चोर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा चलाये जा रहे चोरी के अपराधों में आरोपियों की धरपकड अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसौदिया व नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक नीलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस थाना नीमचकेंट टीम द्वारा थाना नीमच केंट के अपराध क्रमांक 109/2026 धारा 303(2) बी.एन.एस में मुनीम आरोपी दिलखुश नागदा को गिरफतार कर 12 लाख रुपएं मुल्य का चोरी किया 65 ग्राम सोना जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

2 मार्च को फरियादी मनीष पिता बालकिशन सिंहल, निवासी तिलक मार्ग नीमच ने थाना नीमचकेंट उपस्थित होकर रिपोर्ट किया की मै म.न. 283 तिलक मार्ग नीमच का रहने वाला हुँ मेरी मंगलम ज्वेलर्स के नाम से सोने चाँदी खरीदने बैचने की दुकान बोहरा गली के पास नीमच मे है, आज दिनांक 2 मार्च को दिन 3.15 के आसपास मेरी दुकान पर काम करने वाला दिलखुश पिता शांतिलाल नागदा निवासी बिसलवास बामनिया नीमच को जो मेरे यहाँ काम करता है जिसको मैने एक सोने का डल्ला टंच कराने के लिये स्वास्तिक बुलियन के यहाँ भेजा था, जो टंच कराने के बाद 65 ग्राम के आसपास शुध्द सोना लेकर दिलखुश पिता शांतिलाल नागदा निवासी बिसलवास बामनिया नीमच का वापस दुकान पर आ रहा था। सोना उसने अपनी जेब मे रखना बताया जाकर दुकान पर वापस आते समय डाँक्टर फजल रहमान की गली मे किसी अज्ञात व्यक्ति ने दिलखुश नागदा की पेन्ट की जेब मे रखा 65 ग्राम टंच किया हुआ सोना निकालकर चोरी कर लेकर भाग गया। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना नीमचकेंट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। नीमच शहर में दिन दहाडें हुई सोने की चोरी की वारदात को गंभीरता से लिया जाकर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना प्रभारी नीमच केंट एवं सायबर सेल नीमच की टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों की तलाश कर घटना का खुलासा करने के निर्देश दिये।

## आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में बड़ा घोटाला

# रतलाम केन्द्र के 12 अभ्यार्थियों के 15 मिनट में प्रश्न हल करने से हुआ भंडाफोड, एफआईआर दर्ज

(ओम त्रिवेदी)

**रतलाम।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा-2024 में रतलाम कैंद्र से परीक्षा देने वाले 12 अभ्यर्थियों के विरुद्ध मंडल ने एफआईआर दर्ज कराई है। ये सभी अभ्यर्थी रतलाम स्थित रतलाम पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र में परीक्षा में शामिल हुए थे। इस विद्यालय को पहली बार केंद्र बनाया गया था।

**असामान्य गति से हल किए प्रश्न**

तकनीकी जांच में सामने आया कि संबंधित अभ्यर्थियों ने कंप्यूटर आधारित परीक्षा में अत्यंत असामान्य तेजी दिखाई। दो घंटे की अवधि वाली परीक्षा में किसी ने मात्र 15 मिनट तो किसी ने 30 मिनट में ही 100 प्रश्न हल कर दिए। इसके बाद वे शेष समय बिना किसी गतिविधि के बैठे रहे। परीक्षा लॉग में भी सामान्य अभ्यर्थियों जैसी स्क्रीन मूवमेंट या रफ वर्क के संकेत नहीं मिले।

**रिजल्ट से पहले डेटा विश्लेषण में खुलासा**

मंडल द्वारा 5 फरवरी को परिणाम जारी करने से पूर्व उच्च पर्सेंटाइल प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का विशेष विश्लेषण किया गया। जांच में पाया गया कि ये सभी 12 अभ्यर्थी पूर्व में पुलिस भर्ती व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हो चुके थे, जहां इनके अंक 50 से कम रहे थे। जबकि इस परीक्षा में अचानक 90 से अधिक अंक अर्जित कर 100 पर्सेंटाइल हासिल करना संदेहास्पद पाया गया।

**अलग-अलग शिफ्ट, एक ही केंद्र – एक ही मददगार!**

सीसीटीवी फुटेज एवं डिजिटल लॉग की जांच में यह आशंका भी सामने आई कि सभी संदिग्ध अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर एक ही व्यक्ति द्वारा सहायता उपलब्ध कराई गई। हालांकि ये अभ्यर्थी अलग-अलग तारीखों और शिफ्ट में परीक्षा देने पहुंचे थे, लेकिन केंद्र समान रहा और मदद करने वाला व्यक्ति भी एक ही बताया जा रहा है। इससे संगठित गिरोह की आशंका गहराई है।

**सुनियोजित तरीके से की गई नकल की आशंका**

जांच अधिकारियों के अनुसार परीक्षा के दौरान न तो रफ शीट का उपयोग हुआ और न ही सामान्य परीक्षा गतिविधियां दर्ज हुईं। अधिकांश समय अभ्यर्थी शांत बैठे रहे और निर्धारित समय में केवल उत्तर विकल्प चुनते रहे। मंडल ने इसे सुनियोजित नकल या बाहरी तकनीकी मदद का मामला बताया है।

**11 शहरों में हुई थी परीक्षा**

आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 9 से 21 सितंबर 2025 के बीच भोपाल, इंदौर, रतलाम सहित प्रदेश के 11 शहरों में आयोजित की गई थी। कुल 2,40,010 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी हुए थे, जिनमें से 1,10,032 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परिणाम 5 फरवरी को घोषित किया गया था।

**सिस्टम एनालिस्ट की शिकायत पर दर्ज हुआ मामला**

मंडल के प्रिंसिपल सिस्टम एनालिस्ट ने लिखित आवेदन देकर तकनीकी विश्लेषण में सामने आई गड़बडियों की जानकारी दी। इसके आधार पर विस्तृत जांच कर अनियमितता की पुष्टि की गई।

इस संबंध में भोपाल एमपी नगर थाना में शून्य पर जालसाजी का प्रकरण दर्ज किया गया है। चूंकि घटना स्थल रतलाम है, इसलिए केस डायरी रतलाम आईए थानें पर स्थानांतरित कर दी गई है। पुलिस ने 12 अभ्यर्थियों सहित अन्य संदिग्ध व्यक्तियों को आरोपी बनाया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## कौमी एकता का प्रतीक नाहर सैय्यद मेला का कव्वाली के साथ हुआ समापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर




नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा आयोजित ४९वें तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेले का कल देर रात भव्य समापन हुआ।

मेले के अंतिम दिन आयोजित महफिले कव्वाली कार्यक्रम में फैजाबाद के सुप्रसिद्ध कव्वाल साकिब अली साबरी एवं कानपुर की सुप्रसिद्ध कव्वाल शीबा परवीन ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। कव्वाली के दौरान दोनों पार्टियों ने हिंदू-मुस्लिम एकता के ऐसे बेहतरीन तराने पेश किए कि उपस्थित जनसमूह दाद दिए बिना नहीं रह सका। कव्वाल साकिब अली साबरी ने अपने कलाम के माध्यम से भाईचारे का संदेश देते हुए कहा कि हमें परिंदों से सीखना चाहिए जिनमें कोई भेदभाव नहीं होता।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि मेले भारतीय धर्म और संस्कृति के आधार हैं, जो न केवल व्यापार बल्कि आपसी मेलजोल और भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं। विधायक विपिन जैन और भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित ने भी मेले की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे मंदसौर की साझा संस्कृति की पहचान बताया।

नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सफल आयोजन के लिए पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छोटे मियांजी सरकार, भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराना सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्षदगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शेहजाद पटेल ने किया एवं आभार मेला सभापति बब्बन युसुफ गौरी ने माना।

न्यूज-कॉलम

## शहीद दिवस पर तेलिया तालाब पर होगा जन गीतों का गायन

**मन्दसौर।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) की स्थानीय इकाई द्वारा क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के शहादत दिवस पर आगामी 23 मार्च को राष्ट्रीय एवं जंग विरोधी गीतों का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इप्टा की हालिया बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कला और संस्कृति को जन संघर्षों से जोड़ते हुए समाज में समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती प्रदान की जाएगी। इकाई अध्यक्ष शोभा कश्यप और सचिव सुश्री हूर बानू सैफी ने जानकारी दी कि इप्टा ने स्वतंत्रता आंदोलन के समय से ही गीतों और नाटकों के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण और विश्व शांति का प्रचार किया है। शहीदों की स्मृति में यह विशेष कार्यक्रम 23 मार्च की सायं 5.30 बजे नगर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल तेलिया तालाब परिसर में संपन्न होगा। इस अवसर पर शहर के सुधी श्रोताओं और कला प्रेमियों को आमंत्रित किया गया है ताकि वे भी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत को याद कर सकें। बैठक के दौरान इप्टा के पदाधिकारी हेमंत कच्छावा, अदिति शर्मा, लोकेश शर्मा और प्रलेसं राज्य सचिव मंडल के सदस्य असअद अंसारी उपस्थित थे।

## राठौर समाज के मुकेश राठौड़ अध्यक्ष निर्वाचित



**जावरा** । राठौर समाज के दी वार्षिक की वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर सीधे मुकाबले में मुकेश राठौर तोल कांटा ने अपने प्रतिद्वंदी नंदकिशोर राठौर को 37 मतों से पराजित किया समाज के 156 मतों में से अध्यक्ष पद पर मुकेश राठौर को छन्नू मत प्राप्त हुए वहीं नंदकिशोर राठौर को मात्र 59 मत मिले एक मत निरस्त हुआ इस तरह मुकेश 37 मतों से विजय हुए चुनाव परिणाम पक्ष राठौर धर्मशाला से विजय जुलूस निकाला गया जो नगर के प्रमुख मार्गो से गुजर जहां समाज जनों ने जगह-जगह विजेता अध्यक्ष का पुष्प मालाओं से स्वागत कर बधाई दी।

## जन सेवा बस में सीनियर सिटीजन को दे रियायत

**जावरा** । राज्य सरकार द्वारा यात्रियों के लिये अप्रैल माह से परिवहन की बसों में किफायती सुविधा युक्त, सुलभ और सुरक्षित सफर की शुरूआत के लिए राज्य भर में " मुख्य मंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा योजना" लागू की जा रही है । नगर के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. मदनलाल गांगले ने कहा कि राज्य में बडी संख्या में सीनियर सिटिजन है। आपने मध्यप्रदेश में चलने वाली सभी सरकारी बसों में सीनियर सिटिजन को बस किराये में छूट देने की मांग करते हुए इस बाबत आदेश जारी करवाने का निवेदन किया है ।

## आंगनवाड़ी केन्द्रों में चल रही धांधलिया औचक निरीक्षण में सामने आई

**रतलाम।** रतलाम शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें काफी अनियमितता नजर आई। इसलिए एक दिवस के पोषण आहार की राशि काटी गई ।जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिले में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों की मॉनीटरिंग के लिए विकसित व्यवस्था के अंतर्गत 2 मार्च को जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ केन्द्रों पर हितग्राहियों की संख्या के अनुसार भोजन की मात्रा अपर्याप्त, भोजन की गुणवत्ता तथा किचन में बर्तनों की स्वच्छता भी संतोषजनक नहीं पाई गई।

**त्यौहार को दृष्टिगत पुलिस बल का निकाला फ्लैग मार्च**

**नीमच।** जिला मुख्यालय सहित सम्पूर्ण जिले में त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने एस.पी. श्री अंकित जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस ने किये पुख्ता इंतजाम, होली, धुलेंडी, रंगपंचमी व रमजान त्यौहार के दौरान जिलें में कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु फ्लेग मार्च निकाला।

सूचना
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777
7771090777



## सेवानिवृत्त होकर लौटे दो सैनिकों का पिपलिया मंडी में हुआ स्वागत

**मन्दसौर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद और पिपलिया मंडी के समाजसेवियों ने भारतीय सेना से गौरवशाली सेवा पूर्ण कर लौटे दो जांबाज सैनिकों का भव्य सम्मान किया। ग्राम तुरकिया निवासी हवलदार राजेंद्र सिंह बोराना अपनी 18 वर्ष की राष्ट्र सेवा के पश्चात और ग्राम नैनोरा निवासी हवलदार जितेंद्र सिंह शक्तावत अपनी 17 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए हैं। इन दोनों सैनिकों के आगमन पर मंदसौर रेलवे स्टेशन से ही स्वागत का सिलसिला शुरू हो गया था, जहाँ भारत माता के जयकारों के साथ उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।पिपलिया मंडी में नगर परिषद और क्षेत्रवासियों ने पुष्प वर्षा कर सैनिकों का भव्य स्वागत जुलूस निकाला। स्वागत रैली के दौरान सैनिकों ने नगर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर संगठन के तहसील प्रभारी ऋषि राज गुर्जर ने कहा कि भारतीय सैनिक अपने दायित्व से मुक्त जरूर होता है लेकिन उसके भीतर की देशभक्ति और जनसेवा का जज्बा सदैव जीवित रहता है। सेवानिवृत्त सैनिक समाज के बीच रहकर युवाओं को सेना में जाने के लिए प्रेरित करते हैं। सम्मान समारोह के दौरान संगठन के मार्गदर्शक मोहन लाल पंपोडीया, जिलाध्यक्ष मुकेश गुर्जर, ईश्वर लाल पाटीदार सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## शासकीय चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



**जावरा।** सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ. दीपक पालड़िया के निर्देशन में सोमवार को शासकीय अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।,इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सकों,एवं स्टाफ के साथ-साथ आम जनता ने भी उत्साह पूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया,। प्रभारी सुपर वाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि शिविर में डॉ. प्रवीण रेवर ने पहली बार रक्तदान किया,। डॉ. रवि पाटीदार ने पाँचवीं बार रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।,इसके अतिरिक्त रामनिवास पाटीदार भारत सिंह सोलंकी , खुशबू सोलंकी ने भी पहली बार रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभाई,। सपना भाटी (स्टाफ नर्स), डायलिसिस यूनिट के राम बोड़ाना, दशरथ सोलंकी सफाई कर्मचारी गोपाल कंडारे, शुभम एवं सुरेश ने भी रक्तदान कर इस सेवा कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में लैब टेक्नीशियन सैय्यद सैफ अली, लैब टेक्नीशियन भारत सिंह सोलंकी तथा जिला चिकित्सालय रतलाम ब्लड बैंक की काउंसलर मनीषा का विशेष सहयोग रहा,। जिन्होंने अपने कार्य एवं समन्वय से शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई,।, इस शिविर में कुल २१ यूनिट ब्लड प्राप्त हुआ,,।

## अवैध गैस रिफिलिंग पर पुलिस की बड़ी कार्यवाही, भरे व खाली सिलेण्डर जप्त

**मन्दसौर।** जिले की शामगढ़ थानांतर्गत चंदवासा चौकी पुलिस ने ग्राम हतुनिया में अवैध रूप से संचालित गैस रिफिलिंग के कारोबार पर प्रभावी कार्यवाही की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम हतुनिया में घनी रहवासी बस्ती में दबिश दी। जहां आरोपी विष्णु पिता जीवनराम मीणा अपनी दुकान के सामने खुले स्थान पर घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रूप से वाहनों और छोटी टंकियों में गैस भरकर लाभ कमा रहा था।छापेमारी के दौरान आरोपी विष्णु मीणा को कंप्रेसर मशीन और नली के माध्यम से अवैध रूप से गैस भरते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से इण्डियन कंपनी के 5 भरे हुए घरेलू गैस सिलेंडर, 1 छोटी भरी हुई सीलबंद टंकी, एचपी कंपनी की ३ खाली टंकियां, इण्डियन कंपनी की 22 खाली टंकियां, हाई टैक कंपनी की 1 आधी भरी छोटी टंकी सहित 1 कंप्रेसर मोटर और १ इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा जप्त किया है। जप्त किए गए इस कुल मशरुका की कीमत लगभग 92 हजार रुपये आंकी गई है। आरोपी विष्णु मीणा (27 वर्ष) को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना शामगढ़ पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 287, 288, 289 एवं 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

## आर्य समाज में होली पर्व मनाया



**नीमच।** आर्य समाज नीमच पं. रामचन्द्र देहलवी मार्ग (घंटाघर के पास) पर फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा दिनांक 3 मार्च को हर्षोल्लास के साथ वासन्तीक नवसस्येष्टि होलीका पर्व मनाया गया। इस अवसर पर नारकोटिक्स उच्च अधिकारी श्री राजेशजी पारेख ने अपने उद्बोधन में कहा कि होली पर्व सनातन है इस पर्व को समाज के सभी मिलकर राष्ट्रीय, धार्मिक भावना के साथ मिलकर मनाते हैं। बसन्त ऋतु का मुख्य पर्व है। इस समय प्रकृति फल-फूल, अन्न-औषधि से परिपूर्ण रहती है। इस अवसर पर नये अन्न को यज्ञ में अर्पित कर फिर अपने उपयोग में लेते हैं। सभी आपस में रंग-गुलाल लगाकर खुशियां मनाते हैं। इस पर्व के महत्व को वेद मंत्र की व्याख्या कर पर्व के महत्व को बताया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आचार्य मनोज स्वर्णकार ने पूर्ण विधान से मंगलाचरण, ईश प्रार्थना, स्वस्ती वाचन के साथ वेदों के विशेष मंत्रों के साथ नवान्नयुक्त हवन सामग्री से हवन सम्पन्न करवाया। कार्यक्रम के अंत में गुलाल लगाकर शुभकामना संदेश के साथ शक्तिपाठ कर प्रसाद प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर सुरेशचन्द्र शर्मा, राजेश पारेख, मनोज स्वर्णकार, चन्द्रप्रकाश शर्मा, सरीता शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, याज्ञवल्क्य रतावदिया, भेरूसिंह शक्तावत, रूपनारायण गोयल, गजेन्द्रसिंह शक्तावत, अथर्व शर्मा, सुधा वर्मा आदि अनेक सदस्यगण उपस्थित थे।



## भारत विकास परिषद शाखा बड़नगर को मिला श्रेष्ठ गतिविधि अवार्ड

**बड़नगर।** कौन कहता है आसमान में सुराख नहीं होता एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो इस कहावत को चरितार्थ करते हुए भारत विकास परिषद शाखा बड़नगर ने अल्प समय में वह कर दिखाया जिसकी कल्पना स्वयं शाखा ने भी नहीं की थी। दृढ़ इच्छाशक्ति, अटूट विश्वास और पूर्ण समर्पित भाव से नगर में निरंतर सेवा कार्य कर रही संस्था भारत विकास परिषद के लिए 1 मार्च का दिन तब खास हो गया जब मध्य प्रदेश पश्चिम प्रांत की वार्षिक बैठक में बड़नगर शाखा को श्रेष्ठ गतिविधि अवार्ड से सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश पश्चिम प्रांत की वार्षिक बैठक रविवार को रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी,रीजनल संगठन सचिव सुनील लवंगीकर, रीजनल गतिविधि संयोजक प्रदीप चोपड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल, प्रांतीय महासचिव विनोद काला की उपस्थिति में मल्होत्रा गार्डन उज्जैन पर आयोजित की गई,जिसमें मध्यप्रदेश पश्चिम प्रांत की सभी शाखाओं के प्रतिनिधियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन सचिव आयुषी कोठारी ने वाचन किया। संस्था अध्यक्ष नितेश गोधा (धर्म उत्साही) ने बड़नगर शाखा पालक आभा चोपड़ा के मार्गदर्शन का आभार व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि का श्रेय संस्था के प्रत्येक सदस्य के जोश,उत्साह और सभी से मिले अटूट साथ और सहयोग को दिया। इस उपलब्धि पर सभी ईष्ट मित्रों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।जानकारी मीडिया प्रभारी अंकित खाबिया ने दी।

## फाग उत्सव में होली से संबंधित गीतों पर जमकर नाची बी सी ग्रुप की सदस्याऐं




**महिदपुर रोड।** 24 अवतार बी सी ग्रुप की महिला सदस्यों द्वारा फाग महोत्सव मनाया गया इस दौरान भगवान कृष्ण कान्हा को झूले में विराजित कर उन्हें गुलाल तथा फूलों से होली खिलाई गई महिलाओं ने भी होली से संबंधित गीतों पर सामूहिक रूप से शानदार नृत्य किया कृष्ण के रूप में वंशिका राठौर तथा राधा के रूप में उमा वर्मा ने शानदार तरीके से राधिका गोरी से बिरज की छोरी से मैया करा दे मेरे ब्याह व अन्य गीतो से फाग महोत्सव के वातावरण को खुशनुमा बना दिया फाग महोत्सव के बाद सभी महिलाओं का सामूहिक भोज कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

## कानून व्यवस्था के चलते फ्लैग मार्च निकाला



**भौरासा।** नगर में पुलिस प्रशासन द्वारा शांति और कानून व्यवस्था के चलते फ्लैग मार्च निकाला गया इस दौरान, पुलिस ने नगर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की। फ्लैग मार्च में पुलिस अधिकारी दीपा मांडव एसडीओपी सोनकच्छ व थाना प्रभारी अनीता सिंह ने नगर के प्रमुख संपूर्ण मार्गो का भ्रमण किया और आमजनों से बातचीत की। साथ ही आमजन को सुरक्षा का आश्वासन दिया और किसी भी समस्या के लिए पुलिस से संपर्क करने की अपील की। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति को देखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें और साथ आपातकालीन समय पर तुरंत 112 डॉयल कर पुलिस की सहायता ले। साथ ही चल रहे रमजान,होली पर्व को लेकर कहा कि सभी मिलजुल कर त्यौहार बनाये त्यौहारों की आड में कोई किसी प्रकार की हुड़दंग न करे त्योहारों पर सभी के अपने अपने भाव जुड़े हुए रहते कोई किसी की भावनाओं से न खेले व फ्लैग मार्च में पुलिस अधिकारियों ने आमजनों को यह भी बताया कि पुलिस हमेशा उनकी सेवा और सहयोग के लिए तत्पर है। पुलिस प्रशासन ने अपील की हे कि वे कानून व्यवस्था का पालन करें और शांति बनाए रखें। पुलिस ने यह भी सुनिश्चित किया कि नगर में किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो। और सभी मिलजुल कर रहे जो भी कानून तोड़ेगा उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी फ्लैग मार्च के दौरान नगर थाना के स्टॉफ उपस्थित था।

## अल्प प्रवास पर आए प्रदेश पदाधिकारियों का किया आत्मीय स्वागत

**बीनागंज।** गुना जिले में अल्प प्रवास पर आए मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह का बीनागंज की स्थानीय एक होटल में संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। श्री सिंह ने गुना जिले में चल रही संघ की गतिविधियों की जानकारी ली और संतोष व्यक्त किया। उक्त जानकारी मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव संतोष सिंह परिहार ने देते हुए बताया कि उनके साथ भोपाल नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, करुणाधाम भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविन्द और स्थानीय पार्षद आशीष खंडेलवाल मौजूद थे। उनका भी मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के कार्यकताओं द्वारा अंगवस्त्र व साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर स्वागत करने वालों में जय प्रकाश शर्मा, मोहनप्रसाद पालीवाल, अभिषेक मीना आदि सम्मिलित रहें।



# श्री शत्रुंजय आदिनाथ तीर्थधाम में भाव यात्रा, पद प्रक्षालन एवं साधर्मिक भक्ति पाल का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर



नगर में प्रवचन प्रभावक प. पू. आचार्य श्री सागरचन्द्रसागर सूरीश्वरजी म.सा. की प्रेरणा मार्गदर्शन से निर्मित श्री शत्रुंजय आदिनाथ तीर्थधाम (किला जैन मंदिर) में फाल्गुनी तेरस के शुभ अवसर पर दिनांक 1 मार्च को श्री सिद्धाचल तीर्थ की भाव यात्रा, पद प्रक्षालन एवं साधर्मिक भक्ति पाल का सुन्दर आयोजन संपन्न हुआ. फाल्गुन तेरस की भव्य भाव यात्रा में बताया गया कि श्री सिद्धाचल तीर्थ की फाल्गुनी यात्रा 84 हजार वर्षों से चल रही हे. भगवान नेमिनाथ के समय मे कृष्ण महाराजा के पुत्रों में शाम्ब और प्रध्युमन नाम के दो पुत्र थे. भगवान नेमीनाथ की पावन वाणी सुनकर शाम्ब -प्रध्युमन जी को वैराग्य हुआ. भगवान के पास दीक्षा लेकर भगवान की आज्ञा लेकर शत्रुंजय गिरिराज उपर तपस्या और ध्यान करने लगे. अपने सभी कर्मो से मुक्त होकर फागण सुदी तेरस के दिन शत्रुंजय गिरिराज पर स्थित भाडवा के डुंगर उपर से साढ़े आठ करोड़ मुनिराज के साथ मोक्ष - मुक्ति पाये थे. उसके पश्चात विभिन्न प्रकार की पाल के माध्यम से साधर्मिक भक्ति का लाभ लिया गया । महोत्सव के स्वर्ण स्तम्भ सुन्दरलाल छजलानी की स्मृति में सुरेशजी, डा आशीषजी छजलानी रजत स्तम्भ एक गुप्त सद्गृहस्थ सहित अनेक समाजजनो के द्वारा भी साधर्मिक भक्ति में अपना योगदान देकर पुण्य लाभ अर्जित किया. इस वर्ष आगमोद्धारक प पू आचार्य श्री सागरानंद सूरि समुदायवर्तिनी प पू सा सूर्योदया श्री जी म सा की सुशिष्या प पू सा कल्पज्योतिश्रीजी म, प पू सा शासन ज्योतिश्रीजी म सा आदि ठाना 5 की पावन निश्रा में सर्व प्रथम बार सभी तीर्थ यात्रियों के पद प्रक्षालन का लाभ रखबचंदजी सुमन रुणवाल परिवार के द्वारा लिया गया. इस पुण्य अवसर पर झारड़ा, महिदपुर रोड, उन्हेल, बड़ोद, आगर, पिपलोन, सुवासरा, चैमहला, इंदोख, जावरा उज्जैन मुंबई सहित अनेक स्थानों से श्रद्धालु पधारे. साथ ही क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बॉस, पूर्व विधायक बहादुर सिंह चैहान , नागेश्वर जैन तीर्थ के सचिव धर्मचंदजी जैन सहित अनेक विशिष्ठ अतिथियो ने भी पधारकर जिन शासन की शोभा में अभिवृद्धि की।

फाल्गुन सुदी 12 को तीर्थधाम के दिव्याशीष दाता समर्थ गच्छाधिपति प. पू. आचार्य श्री सूर्योदयसागर सूरीश्वरजी म.सा. के 103 वे जन्म दिवस पर स्वद्रव्य से स्नात्र महोत्सव का आयोजन भी किया गया जिसके अष्टप्रकारी पूजन की छाब सजाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ जिसमे अनेक श्राविकाओं के द्वारा भाग लिया गया प्रथम पारितोषिक सुनीताजी पूजाजी चोपड़ा ने प्राप्त किया, स्नात्र पूजन के पश्चात साधर्मिक भक्ति का लाभ सुश्री अलकाजी अंजुजी खेमसरा के द्वारा लिया गया।

दिनांक 3 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा पर सम्प्रति कालीन 2300 वर्ष प्राचीन मूलनायक आदिनाथ परमात्मा का आधि-व्याधि-उपाधि विनाशक वर्धमान शक्रस्तव अभिषेक किया।

उल्लेखनीय है कि महिदपुर में श्री शत्रुंजय आदिनाथ तीर्थधाम (किला मंदिर) में पांच-पांच महातीर्थो व श्री सिद्धाचल तीर्थ की रचना के साथ विश्व में सर्वप्रथम 108 आदिनाथ भगवान विराजित है। श्री जैन श्वेताम्बर तपागच्छ श्रीसंघ एवं श्री शत्रुंजय आदिनाथ तीर्थधाम ट्रस्ट ने सभी लाभार्थी परिवारों की अनुमोदना के साथ बाहर से लगभग 25 संघों से पधारे अतिथियों के साथ सभी समाजजनो से आयोजन में भाग लेने पर एवं सम्पूर्ण आयोजन में व्यवस्था एवं सहयोग के लिए पुलिस एवं नगरीय प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया।

### बालिकाओं और महिलाओं को कानूनी अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

# गुड टच-बैड टच, पॉक्सो एक्ट और हेल्प लाइन नंबर 1098 व 1930 की दी जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर




महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन (संकल्प) के तहत बालिकाओं और महिलाओं के लिए चलाई जा रही शासकीय योजनाओं व कानूनों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शहर के वार्ड क्रमांक 6 में सोमवार को विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों तथा सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। यह आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी और सहायक संचालक नीलम चौहान के निर्देशन तथा परियोजना अधिकारी नेहा चौहान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान पर्यवेक्षक प्रिया गोस्वामी ने मौजूद महिलाओं और बालिकाओं को संबोधित करते हुए उन्हें उनके कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श (गुड टच-बैड टच) के प्रति सचेत किया तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट 2012) के प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया।

**कानूनों और योजनाओं की दी जानकारी**

जागरूकता शिविर में महिलाओं को संकट की स्थिति में सहायता प्रदान करने वाले वन स्टॉप सेंटर के बारे में बताया गया। इसके साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को रोकने के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 और किशोर न्याय अधिनियम 2015 की महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की गई।

**हेल्पलाइन नंबरों का किया प्रचार**

आपातकालीन स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नंबरों की महत्ता पर जोर दिया गया। बच्चों से जुड़ी किसी भी शिकायत या मदद के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और वर्तमान में बढ़ रहे डिजिटल व ऑनलाइन अपराधों से बचने के लिए साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। कार्यक्रम में वार्ड 6 की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

## शक्तिपीठ महामाया माताजी मंदिर पम्पापुरी धाम को पर्यटन के रूप में करेंगे विकसित

**महिदपुर रोड।** क्षेत्र मे पंपापुरी धाम के नाम से प्रसिद्ध महामाया माताजी मंदिर शक्तिपीठ को अब आस्था केंद्र के साथ ही पर्यटन के रूप में भी विकसित किया जायेगा। मंदिर के सामने 31 फीट का दिव्य और भाव त्रिशूल स्थापित किया जायेगा श्रद्धालुओं के लिये बैठने और ठहरने की व्यवस्था की जायेगी बच्चों के लिये मनोरंजन के साधन लगाए जायेंगे बगीचा फव्वारा धा र्मिक स्टैचू आदि लगाने की भी योजना बनाई गई है।

इस संबंध में मंदिर प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें महिदपुर रोड बपैया कोयल तरनोद काना खेड़ी सगवाली झुटावद डाब ड़िया देवली पेटलावद ब्राह्मण खेड़ा कंथारिया रीछा लूनी मेघपुरा कम्मा खेड़ी पिपलिया तुखार आदि गांव के दानदाता और समाजसेवियों के सहयोग से कार्य को मूर्त रूप दिया जायेगा रविवार को आऊ बैठक में तय किया गया कि माता जी मंदिर के सामने 31 फीट का भव्य त्रिशूल स्थापित करवाया जाये। इसके लिये मंदिर निर्माण समिति के सुंदरलाल उपाध्याय, कन्हैयालाल नेताजी, सत्यनारायण शर्मा, हुकम सिंह दुधावत, घन श्याम ठाकुर रीच्छा , मदनलाल शर्मा डाबड़िया भारत सिंह जी शिवनारायण शर्मा, भरत शर्मा ,भागीरथ त्रिवेदी, रामेश्वर जाट, मांगूसिंह पटेल ,बद्रीलाल पाटी दार ,श्याम गुलाटी, नरेंद्र सिंह बापू, राजेश बोथरा ,विक्रम सिंह रिचा, गणपत सिंह मेघपुरा, मोहन सिंह कंथारिया, शिवनारायण पोरवाल, संतोष विश्वकर्मा, मुकेश पोरवाल ने निर्माण की माँग की।

## सरसों भावांतर पंजीयन 20 मार्च तक

**शाजापुर।** रबी उपार्जन विपणन वर्ष 2026- 27 के लिए उपार्जन नीति अनुसार 26 फरवरी से 20 मार्च 2026 तक सरसों भावान्तर के पंजीयन किए जाएंगे। सरसों भावांतर पंजीयन के लिए जिले में तहसीलवार कुल 67 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जो चना एवं मसूर के साथ-साथ सरसों पंजीयन का कार्य भी करेंगे। कलेक्टर ऋजु बाफना ने इन सभी 67 केन्द्रों पर नोडल अधिकारियो एवं कर्मचारियों की नियुक्ति करते हुए सभी संस्थाओं को शासन निर्देशानुसार 26 फरवरी से 20 मार्च 2026 तक किसान पंजीयन का कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

## युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार, एवं अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला कल

**शाजापुर।** मध्यपदेश शासन की मंशा अनुसार एवं कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशानुसार एक ही छत के नीचे युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला उद्योग केंद्र एवं म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन शाजापुर द्वारा 05 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस बी.के.एस.एन. गवर्मेंट कॉलेज शाजापुर में आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेला में आमंत्रित निजी क्षेत्र की संभावित नियोजक पुष्कल एग्रो भोपाल, एम.के.सी. आयशर देवास, यशस्वी अकेडमी फॉर स्कील देवास, सेटीन फायनेंस इन्दौर, एलपीएल बी-एबल फाउंडेशन इन्दौर, आम फाउंडेशन इंडिया फीडम एम्प्लॉयबिलिटी अकादमी नई दिल्ली, न्यू जील फेशन वियर धार, विजेए एग्रो भोपाल, पुखराज हेल्थ केयर भोपाल, रिलायंस (जियो) इन्दौर, देविका सालूशन देवास, भारतीय जीवन बीमा निगम शाजापुर, एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस शाजापुर आदि कंपनियों, के द्वारा सेल्स मेन, सिक्युरिटी गार्ड, ट्रेनी, सेल्स एवं मार्केटिंग, वर्कर, हेल्पर, मशीन आपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, सहायक, हेल्पर, एक्जुक्यटिव फिल्ड ऑफिसर, बीमा सलाहकार, आदि पदों पर कम्पनियों के रिक्त लगभग 300 से अधिक पदों पर रोजगार प्रदान करने हेतु आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारंम्भिक चयन किए जाएंगे। रोजगार मेले में कक्षा 8वी, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट एवं आईटीआई उत्तीर्ण एवं 18 से 40 वर्ष तक के आयु के आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, रिज्यूम, के साथ युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार, एवं अप्रेन्टिसशिप मेला में आकर चयन हेतु साक्षात्कार दे सकते हैं।

# टोल प्लाजा पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, सड़क सुरक्षा के नियम सीखे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर




सेमलखेड़ी टोल प्लाजा पर तैनात कर्मचारियों के लिए आयोजित तीन-तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के सहयोग से ल्छछ हिंदुस्तान लेटेक्स लाइफ केयर लिमिटेड तथा हिंदुस्तान लेटेक्स फैमिली प्लानिंग प्रमोशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टोल कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि करना और सड़क सुरक्षा के प्रति उन्हें अधिक जागरूक बनाना रहा।

प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को उनके दैनिक कार्यों की बारीकियों से अवगत कराया गया। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए व्यावहारिक अभ्यास भी करवाए गए। सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना निवारण विषय पर विशेष जोर देते हुए बताया गया कि राजमार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं को किस प्रकार रोका जा सकता है और हादसे की स्थिति में प्रारंभिक सहायता कैसे दी जाए। कार्यक्रम में जीवन रक्षक तकनीक (बीएलएस) की जानकारी देते हुए घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने से पूर्व दी जाने वाली बुनियादी चिकित्सा सहायता का प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके अतिरिक्त टोल प्लाजा पर आने वाले यात्रियों के साथ सकारात्मक व्यवहार, प्रभावी संवाद, बॉडी लैंग्वेज तथा सॉफ्ट स्किल्स पर भी विस्तार से मार्गदर्शन किया गया। डिजिटल सहायता के अंतर्गत कर्मचारियों को राजमार्ग से संबंधित एप्लीकेशन के उपयोग और टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1033 की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई, ताकि आपात स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। तीन दिवसीय सत्र में रीजनल प्रोग्राम ऑफिसर इंद्रभूषण श्रीवास्तव, सहायक प्रोग्राम ऑफिसर भीम कुमार कामले, मुख्य प्रशिक्षक डॉ. मंगलेश भालेराव एवं नेहा डोंगरे ने प्रशिक्षण प्रदान किया। विशेषज्ञों ने व्यवहारिक प्रदर्शन के माध्यम से कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति सजग किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर टोल मैनेजर सुशील ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण के अंत में सभी कर्मचारियों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और यात्रियों की हर संभव सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

## श्री हनुमान मंदिर नवादा में 4 मार्च को उमड़ेगा जनसैलाब

**उन्हेल।** उन्हेल तहसील के नवादा ग्राम में एक ऐसा प्राचीन हनुमान मंदिर जहां कुंवारों की शादी एवं सूनी गोद में संतान का मिलता है आशीर्वाद , जिन्हें विवाह के कई वर्ष बाद भी संतान योग नहीं बन रहा हो तो यहां से एक नारियल प्रसाद रूप में दिया जाता है जिसके फलस्वरूप चमत्कारिक परिणाम आए हैं, कई बहनों को डाक्टर द्वारा हार मानने के बाद बाबा का दरबार सहारा बना है। मंदिर 1000 वर्ष से पूर्व के हनुमानजी वट वृक्ष दोनों विराजित हैं वट वृक्ष के ठीक नीचे गंगेश्वर महादेव विराजमान हैं। जो अति तेजोमय स्वरूप में भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। प्रतिवर्ष धुलेटी होली महोत्सव पर आचार्य सुरेश चंद्र दीक्षित द्वारा विधिवत गंगेश्वर महादेव एवं हनुमान जी का अभिषेक के पश्चात आरती और चूल का शुभारंभ होता है ।धुलेटी होली महोत्सव पर जिस की मनोकामनाएं पूर्ण होती है वह नारियल के बराबर तोल करते हैं इस वर्ष चंद्रग्रहण की वजह से यह महोत्सव 4 मार्च को रखा गया हैं।

## ग्राम पंचायत में बैठक आयोजित कर मेला संचालन में जैन को अध्यक्ष चुना

**खरसौदकलां** । ग्राम पंचायत के तत्वावधान में शीतला सप्तिमी पर आयोजित मेला संचालन के लिए सोमवार को बैठक हुई। बैठक में सवार्नुमति से पुखराज जैन को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। ग्राम पंचायत सचिव ईश्वर गहलोत ने बताया कि खरसोदकलां मे शीतला सप्तिमी पर पांच दिवसीय मेला संचालन में समिति का गठन किया गया। जिसमें समिति अध्यक्ष पद पर पुखराज जैन के चयन के साथ दुकान आवंटन संबंधित पंचो के अलावा समिति को जिम्मेदारी सोपी है। मेला कृषि उपमंडी परिसर में 10 मार्च से 5 दिवस के लिए आयोजित होगा । वर्तमान में मनोरंजन के साधन में आकाश झूले ,चकरी ब्रक डांस जैसे संसाधन मेल परिसर में पहुंच चुके हैं।

**आरसी कार्ड में देरी पर ट्रैक्टर शोरूम में बवाल**

## ग्राहकों ने सेल्समैन को कुर्सियों से पीटा, मारपीट का वीडियो वायरल



**शाजापुर।** जिले के मक्सी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ट्रैक्टर शोरूम में रविवार शाम मामूली बात पर जमकर विवाद हो गया। आरसी रजिस्ट्रेशन कार्ड मिलने में देरी होने पर कुछ लोगों ने शोरूम के सेल्समैन के साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। घटना का वीडियो सोमवार दोपहर सामने आया है, जिसमें आरोपी कुर्सियां उठाकर सेल्समैन को पीटते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर पांच नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मक्सी थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि ग्राम झोंकर निवासी राजेश (31) पिता रामचंद्र चौधरी शगुन मोटर्स में सेल्समैन के पद पर कार्यरत हैं। राजेश द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, 1 मार्च रविवार की शाम करीब 4.20 बजे अनिल गुर्जर और अरविंद गुर्जर शोरूम पर आए और अपने वाहन के आरसी कार्ड की मांग करने लगे। जब राजेश ने उन्हें बताया कि आरसी अभी बनकर तैयार नहीं हुई है, तो वे भड़क गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों गाली-गलौज करने लगे और मना करने पर थप्पड़-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। विवाद के दौरान कुछ ही देर में दिलीप, राहुल और दो अन्य युवक भी शोरूम पहुंच गए। इन सभी आरोपियों ने मिलकर शोरूम में रखी कुर्सियां उठा लीं और राजेश पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस मारपीट में राजेश के सिर, गर्दन, उंगली और कान में चोटें आई हैं। हंगामे और बीच-बचाव के दौरान शोरूम में खड़ी एक नई स्प्लेंडर बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## थ्रेसर मशीन में स्पार्किंग से खेत में रखे चने के ढेर में लगी आग



**महिदपुर रोड।** ग्राम ब्राह्मण खेड़ा के राजपूत समाज के रघुनाथ सिंह सिसौदिया के खेत में खड़े चने की फसल को मंगलवार के दोपहर में थ्रेसर मशीन से निका लने के दौ रान थ्रेसर मशीन में पत्थर आने से हुए स्पार्किंग से चने की ढेर में आग लगने से इकट्ठा किये गये ढेर में आ ग लगने से चने की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान ने आगजनी की सूचना ग्राम कोट वार दिनेश तथा पटवारी राहुल चौरसिया को दी। ग्रामीणों तथा आसपास के किसानों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में मदद की आगजनी की घटना के शिकार हुए रघुनाथ सिंह ने बताया आगजनी की वारदात से उन्हें काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी शाम को आगजनी वाले स्थल पर पहुंचे तथा आगजनी का मौका मुआयना कर पंचनामा बनाया आगजनी की घटना से पीड़ित रघुनाथ सिंह के परिजनों तथा महिलाओं का रो-रो कर बुरा हाल था।

अगर आपको भी होली पार्टी में शामिल होना है लेकिन समझ नहीं आ रहा कि कैसे तैयार हों, तो ये लेख आपके काम का होने वाला है।

## होली पार्टी के लिए...

# ऐसे हों तैयार कि हर कोई देखता रह जाए



रंगों का त्योहार होली सिर्फ एक पारंपरिक उत्सव नहीं, बल्कि खुशियों, मस्ती और दोस्तों-परिवार के साथ यादगार पल बनाने का अवसर है। जैसे-जैसे होली नजदीक आती है, हर कोई होली पार्टी की तैयारी में जुट जाता है।

अगर आप भी इस बार होली पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं लेकिन समझ नहीं पा रहे कि कैसे तैयार हों, क्या पहनें, स्किन और बालों का कैसे ध्यान रखें या पार्टी में सबसे अलग कैसे दिखें तो यह लेख आपके लिए बेहद खास है।

सही आउटफिट से लेकर स्किन केयर, हेयर प्रोटेक्शन और ट्रेंडी एक्सेसरीज तक, छोटी-छोटी बातें आपकी होली को और भी शानदार बना सकती हैं। यहां हम आपको बताएंगे आसान और असरदार टिप्स, जिनकी मदद से आप बेफिक्र होकर रंगों का मजा ले सकेंगे और हर किसी की नजरों में छा जाएंगे।

### सही आउटफिट चुनें



होली पार्टी के लिए कपड़े चुनते समय स्टाइल के साथ आराम का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

सफेद या हल्के रंग जैसे व्हाइट, क्रीम, लाइट पिंक या बेबी ब्लू पहनने से रंग ज्यादा उभरकर दिखाई देते हैं।

कॉटन या लिनन जैसे हल्के फैब्रिक पहनें क्योंकि ये पसीना सोखते हैं और स्किन को सांस लेने देते हैं।

बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचें, क्योंकि गीले होने पर असहज महसूस हो सकता है।

ऐसे कपड़े न पहनें जो बहुत महंगे हों या जिन्हें ड्राई क्लीन की जरूरत पड़े, क्योंकि होली के रंग पूरी तरह निकलना मुश्किल हो सकता है।

### स्किन और बालों की सुरक्षा



होली के रंगों में कभी-कभी केमिकल मिल सकते हैं, इसलिए पहले से तैयारी जरूरी है।

रंग खेलने से लगभग आधा घंटा पहले चेहरे, हाथ, गर्दन और पैरों पर नारियल या सरसों का तेल लगाएं।

इससे रंग सीधे त्वचा में नहीं घुसता और बाद में आसानी से साफ हो जाता है।

बालों में अच्छी तरह तेल लगाकर चोटी या जूड़ा बना लें, ताकि बाल कम डैमेज हों।

अगर पार्टी धूप में है तो रढक्र50 या उससे अधिक वाला सनस्क्रीन जरूर लगाएं।

नाखूनों पर नेलपेंट लगाने से भी रंग चढ़ने से बचाव होता है।

### हल्का मेकअप रखें



होली पार्टी में हैवी मेकअप की बजाय हल्का और नेचुरल लुक बेहतर रहता है।

वॉटरप्रूफ काजल और मस्कारा का इस्तेमाल करें ताकि पसीने या पानी से मेकअप खराब न हो।

फाउंडेशन की जगह बीबी या सीसी क्रीम लगाना ज्यादा सही रहता है।

होंठों पर लिप बाम या टिंटेड लिप बाम लगाएं, जिससे होंठ सूखें नहीं।

### एक्सेसरीज का ध्यान रखें



होली के दौरान आंखों और पैरों की सुरक्षा भी जरूरी है।

आंखों को रंगों से बचाने के लिए सनग्लासेस पहनें।

पैरों में आरामदायक सैंडल, फ्लोटर्स या पुराने जूते पहनें ताकि फिसलन से बचा जा सके।

भारी ज्वेलरी पहनने से बचें, क्योंकि इससे असुविधा हो सकती है।

# चेहरे पर दाने हैं तो रंग खेलने से पहले रखें इन बातों का विशेष ध्यान



होली का त्योहार खुशियों और रंगों का उत्सव है, लेकिन जिनकी त्वचा संवेदनशील है या चेहरे पर पहले से दाने और मुहांसे हैं, उनके लिए यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। बाजार में मिलने वाले गुलाल और पक्के रंगों में अक्सर अभ्रक, सीसा और क्रोमियम जैसे हानिकारक रसायन होते हैं, जो त्वचा के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकते हैं। खासतौर पर अगर चेहरे पर पहले से दाना हो तो रंग खेलना बहुत नुकसानदायक हो सकता है।

दरअसल जब ये केमिकल मुहांसों के संपर्क में आते हैं, तो संक्रमण बढ़ने, सूजन और चेहरे पर स्थायी दाग-धब्बे पड़ने का खतरा अधिक हो जाता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक मुहांसे वाली त्वचा पर रंग खेलने से पहले कुछ सावधानियां बरतना बहुत जरूरी होता है। क्योंकि रंगों में मौजूद बारीक कण दानों को छील सकते हैं, जिससे दर्द और जलन बढ़ सकती है। आइए इस लेख में इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### रंगों का चुनाव के समय ये सावधानी बरतें

मुहांसे वाली त्वचा के लिए केवल हर्बल या ऑर्गेनिक गुलाल का ही प्रयोग करें, पक्के रंगों और 'कीचड़' से पूरी तरह दूरी बनाएं।

दूसरों को प्यार से समझाएं कि वे आपके चेहरे पर रंग को जोर से न रगड़ें, क्योंकि रगड़ने से दाने फूट सकते हैं और उनमें इन्फेक्शन फैल सकता है।

अगर संभव हो तो चंदन का पाउडर या मुल्तानी मिट्टी को प्राकृतिक रंग के रूप में उपयोग करें, जो त्वचा को ठंडक प्रदान करते हैं।

### त्वचा पर बनाएं 'सुरक्षा कवच'

रंग खेलने से कम से कम 20 मिनट पहले चेहरे पर हल्का नारियल तेल या नॉन-कॉमेडोजेनिक मॉइस्चराइजर लगाएं।

यह तेल रंगों और आपकी त्वचा के बीच एक पतली परत बना देगा, जिससे हानिकारक केमिकल दानों के अंदर नहीं जा पाएंगे।

तेल लगाने के बाद एक अच्छी गुणवत्ता वाला सनस्क्रीन जरूर लगाएं, क्योंकि धूप और रंग मिलकर त्वचा को 'फोटो-सेंसिटिव' बना सकते हैं।

### रंग छुड़ाने का सही तरीका

होली खेलने के बाद चेहरे को रगड़कर साफ करने की गलती कभी न करें, इससे दाने बढ़ सकते हैं और घाव बन सकते हैं।

रंग निकालने के लिए क्लींजिंग मिल्क या ठंडे कच्चे दूध का उपयोग करें, जो बिना नुकसान पहुंचाए रंग को सोख लेता है।

लास्ट में एक माइल्ड फेस वॉश से चेहरा धोएं और तुरंत एलोवेरा जेल लगाएं, जो सूजन और लाली को कम करने में मदद करेगा।

### क्या करें?

अपनी त्वचा की स्थिति को समझें और रंगों के चुनाव में समझदारी दिखाएं। अगर होली खेलने के बाद चेहरे पर अधिक खुजली या मवाद वाले दाने दिखें, तो घरेलू नुस्खों के बजाय तुरंत त्वचा विशेषज्ञ से संपर्क करें।



दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच दिलचस्प टक्कर देखने को मिल सकती है। टी20 विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका कभी न्यूजीलैंड से हारा नहीं है और आईसीसी टूर्नामेंट्स के नॉकआउट में न्यूजीलैंड से कभी जीता नहीं है। हालांकि, ये सभी नॉकआउट मुकाबले 50 ओवर के थे।

# द. अफ्रीका की टीम में तीन धुरंधरों की होगी वापसी? न्यूजीलैंड से सेमीफाइनल मुकाबला आज

**कोलकाता।** टी20 विश्वकप 2026 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की भिड़ंत न्यूजीलैंड से चार मार्च को होगी। यह मुकाबला बुधवार शाम सात बजे से कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में खेला जाएगा, जबकि टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी शाम साढ़े छह बजे होगा। दक्षिण अफ्रीका की अब तक टूर्नामेंट में अजेय है। टीम अपने सभी मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंची है। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम ग्रुप स्टेज में दक्षिण अफ्रीका से हार मिली थी। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-8 का उसका मुकाबला बारिश से धुल गया। फिर टीम इंग्लैंड से भी हार गई।

### कीवी टीम लगाएगी पूरा जोर

कागजों पर देखें तो दक्षिण अफ्रीका की टीम का पलड़ा भारी है, लेकिन इस बात से नजरअंदाज नहीं कर सकते कि दिन रहने पर कीवी टीम किसी भी बड़ी टीम को हराने का दमखम रखती है। कोई उन्हें फेवरेट नहीं मानता, लेकिन टीम 2021 टी20 विश्वकप के फाइनल, 2022 टी20 विश्वकप के फाइनल, 2023 वनडे विश्वकप के सेमीफाइनल और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच चुकी है। ज्यादातर खिलाड़ी वही हैं, जो पिछले टूर्नामेंट का हिस्सा था। टीम में केवल केन विलियम्सन, टिम साउदी और ट्रेंट बोल्ट का अनुभव नहीं है।



### द. अफ्रीका के सभी खिलाड़ी फॉर्म में

दक्षिण अफ्रीका की तरफ से बल्लेबाजी में एडेन मार्करम बेहतरीन फॉर्म में नजर आए हैं। मार्करम सात मैचों में 175 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 268 रन बना चुके हैं। वहीं, रेयान रिकेल्टन भी लगातार बल्ले से अहम योगदान दे रहे हैं। रिकेल्टन सात मैचों में 171 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 228 रन बना चुके हैं। क्विंटन डिकॉक ने भी पावरप्ले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को दमदार शुरुआत दी है। गेंदबाजी में लुंगी एनगिडी दक्षिण अफ्रीका की ओर से इस विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। एनगिडी छह मैचों में अब तक 12 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। वहीं, कॉर्बिन बॉश 11 विकेट निकाल चुके हैं। रबाडा ने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर-8 मैच में घातक गेंदबाजी की थी। हालांकि, वह जिम्बाब्वे के खिलाफ नहीं खेले थे।

### दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी

टी20 प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी रहा है। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड की कुल 19 बार भिड़ंत हुई है, जिसमें से 12 मुकाबलों में जीत प्रोटियाज टीम के हाथ लगी है। वहीं, न्यूजीलैंड ने सिर्फ सात मैच जीते हैं। वहीं, टी20 विश्वकप में तो दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड शत प्रतिशत का है। दोनों के बीच इस टूर्नामेंट कुल पांच मुकाबले खेले गए हैं और पांचों में दक्षिण अफ्रीका की टीम ने जीत हासिल की है। हालांकि, दोनों टीमों की मुलाकात कभी टी20 विश्वकप के नॉकआउट में नहीं हुई है।

टी20 विश्वकप के नॉकआउट में दोनों टीमें पहली बार आमने-सामने होंगी। हर तरह के आईसीसी टूर्नामेंट्स की बात करें तो दोनों टीमें नॉकआउट स्टेज में तीन बार आमने-सामने आई हैं और तीनों बार दक्षिण अफ्रीका की टीम हारी है। 2011 के वनडे विश्वकप क्वार्टर फाइनल में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 49 रन से हराया था। वहीं, 2015 के वनडे विश्वकप सेमीफाइनल में कीवियों ने प्रोटियाज को चार विकेट से शिकस्त दी थी। 2025 के चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में फिर से न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हराया था। ये तीनों मुकाबले 50 ओवर के थे।

### न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी में दिखाना होगा दम

दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की टीम भी बेहतरीन लय में दिखाई दी है। बल्लेबाजी में टिम सीफर्ट ने छह मुकाबलों में 157 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 216 रन बनाए हैं। वहीं, रचिन रवींद्र लगातार बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दे रहे हैं। ग्लेन फिलिप्स ने भी न्यूजीलैंड की लड़खड़ाती हुई पारी को बखूबी संभाला है। गेंदबाजी में मिचेल सैंटनर, मैट हेनरी और लोकी फर्ग्यूसन ने बढ़िया प्रदर्शन किया है।

# सेमीफाइनल में नितिन मेनन की बड़ी जिम्मेदारी, अंपायरों की एलीट पैनल में शामिल

**दुबई।** टी20 विश्वकप 2026 के सेमीफाइनल मुकाबलों से पहले मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। भारत के अनुभवी अंपायर नितिन मेनन को नॉकआउट चरण के लिए एलीट पैनल में शामिल किया गया है। यह भारतीय अंपायरिंग के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

पहला सेमीफाइनल चार मार्च को कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डेन्स में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। इसके बाद पांच मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड की टीमें आमने-सामने होंगी। इन दोनों मुकाबलों की विजेता टीमें 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल खेलेंगी।

**सेमीफाइनल-1: कोलकाता में द. अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड:** पहले सेमीफाइनल में ऑन-फील्ड अंपायर की जिम्मेदारी रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ संभालेंगे। तीसरे अंपायर के रूप में नितिन मेनन की नियुक्ति हुई है, जबकि रॉड टकर फोर्थ अंपायर की भूमिका निभाएंगे। मैच रेफरी के तौर पर जवागल श्रीनाथ नजर रखेंगे। यह मुकाबला बेहद रोमांचक माना जा रहा है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने सुपर-8 के ग्रुप-1 में अपने तीनों मैच जीतकर दमदार तरीके से सेमीफाइनल में जगह बनाई है। वहीं न्यूजीलैंड ने एक जीत और एक मैच बारिश से रद्द होने के बावजूद बेहतर समीकरण के आधार पर अंतिम चार में प्रवेश किया।

# मंधाना रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचीं, जानें दूसरे स्थान पर कौन? हरमनप्रीत टॉप 10 में शामिल

**दुबई।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी आईसीसी की नवीनतम रैंकिंग में बल्लेबाजों में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। मंधाना ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ संपन्न हुई तीन मैचों की वनडे सीरीज के दौरान दमदार प्रदर्शन किया था जिसका पुरस्कार उन्हें आईसीसी रैंकिंग में मिला। मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में 58 और 31 रन की पारियां खेली।

**वोलवार्ट से आगे निकलीं मंधाना:** मंधाना के रैंकिंग में 790 अंक हो गए हैं और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की लॉर वोलवार्ट को पीछे छोड़ दिया है। वोलवार्ट के 782 अंक हैं और वह फिलहाल दूसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका को मार्च और अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज खेलनी है जिस दौरान वोलवार्ट के पास मंधाना को पीछे छोड़ने का मौका होगा। अपने अंतिम वनडे मैच में शतक जड़ने वाली एलिसा हीली ने 744 अंक के साथ रैंकिंग में चौथे स्थान पर रहते हुए अलविदा कहा। बेथ मूनी तीसरे, जबकि एश्ले गार्डनर (724) पांचवें स्थान पर रहीं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर हैं।



एलेना किंग (775) गेंदबाजी सूची में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। उन्होंने लगभग चार साल तक शीर्ष पर रहीं सोफी एकलेस्टोन को पछाड़ा। गार्डनर तीसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की एलेना वनडे सीरीज में 16.71 की औसत से सात विकेट चटकाकर शीर्ष गेंदबाज रहीं।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन,
ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल
लोन, ऑफिस वर्क,
फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस,
हार फूल की गली,
फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड,
संजोग गेस एजंसी के सामने
19'x55' और 15'x55'
साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र
100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147,
9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से
15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक
लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की
आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं
आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले
कारीगरों की व शर्ट व
सफारी बनाने वाले
कारीगरों की
आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास
रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी,
थोक रेट में टनों से
10-10 किलो के बंडल
में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज
मंडी के सामने 2400 स्क्वे.
फीट का शोरूम रेंट पर देना
है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व
सेल्समेन की आवश्यकता है।
वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी
के ऑफिस में महिला एवं पुरुष
कर्मचारियों की आवश्यकता है।
अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क
करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड
टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और
विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग
भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की
आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com
METROPOLITAN



## न्यूज कॉलम

### ड्राइविंग सीख रही महिला की कार होली के पंडाल में घुसी, लोग बाल-बाल बचे



**इंदौर।** परदेशीपुरा क्षेत्र में एक दूध वाहन चालक की पत्नी कार चलाना सीख रही थी। उसकी कार होली के पंडाल में घुस गई। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। बाद में गुस्साए लोगों ने कार में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मामला सोमवार रात क्लर्क कॉलोनी का है। महिला कार चलाना सीख रही थी। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर सीधे उस पंडाल में जा घुसी जहां होली के उत्सव की तैयारियां चल रही थीं। गनीमत यह रही कि उस समय पंडाल में अधिक लोग मौजूद नहीं थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन पंडाल और वहां रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों के आक्रोश के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया और कार जब्त कर ली।

### युवती ने सोशल मीडिया पर थाने के एसआई की पिस्टल के साथ फोटो पोस्ट की

**इंदौर।** इंदौर की एक युवती द्वारा सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ फोटो पोस्ट करने का मामला सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हलचल मच गई है। वायरल फोटो में दिखाई दे रही पिस्टल परदेशीपुरा थाने में पदस्थ एक एसआई की बताई जा रही है। मामला उजागर होते ही युवती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फोटो डिलीट कर दिए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित एसआई को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक शिविका नाम की युवती ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर पिस्टल के साथ फोटो पोस्ट किया था। जांच में सामने आया कि उक्त पिस्टल परदेशीपुरा थाने में पदस्थ एक सब-इंस्पेक्टर की है। जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचने के बाद युवती ने फोटो हटा दिए। एडीशनल डीसीपी दंडोतिया ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर हथियारों का इस तरह खुला प्रदर्शन करना गलत है। हथियारों के उपयोग और प्रदर्शन को लेकर कानून में सख्त प्रावधान हैं और ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

# पूर्व विधायक शुक्ला समेत अन्य यात्री दुबई से लौटे

## दुबई एयरपोर्ट से कुछ फ्लाइट्स शुरू, शारजाह-इंदौर फ्लाइट आज भी कैंसिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इजराइल-ईरान जंग के कारण यूएई में फंसे इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला समेत कई यात्री अब भारत लौट आए हैं। दुबई और शारजाह में उड़ानें प्रभावित होने के चलते ये लोग पिछले कुछ दिनों से वहीं रुके हुए थे।

लौटने वालों में पूर्व विधायक विशाल पटेल, प्रवीण कक्कड़, उद्योगपति मनीष शाहरा, मनीष अग्रवाल, पिंटू छाबड़ा, गोलू पाटनी, उत्पल गोयल, आदित्य शर्मा सहित अन्य यात्री शामिल हैं। सभी सुरक्षित वापस आ गए हैं। यूएई में हालात बिगड़ने के बाद कई उड़ानें रद्द कर दी गई थीं। एयर इंडिया एक्सप्रेस की शारजाह-इंदौर फ्लाइट आईएक्स-256 को 28 फरवरी से लगातार कैंसिल किया जा रहा था। 3 मार्च को भी यह उड़ान नहीं चली। इस वजह से इंदौर, भोपाल और मध्य प्रदेश के अन्य जिलों के सैकड़ों यात्री दुबई और शारजाह में फंसे रहे। कई लोगों को होटल में अतिरिक्त दिन रुकना पड़ा। कुछ यात्रियों ने मिसाइल अलर्ट के दौरान डर का माहौल भी देखा।

- **ऐसे हुई वापसी-** 2 मार्च की शाम से दुबई एयरपोर्ट पर कुछ उड़ानें फिर शुरू हुईं। अबूधाबी से भी दिल्ली और मुंबई के लिए फ्लाइट्स चालू हुईं। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार फंसे यात्री पहले मुंबई पहुंचेंगे, फिर वहां से दूसरी फ्लाइट लेकर इंदौर आ सकते हैं। हालांकि शारजाह से इंदौर की सीधी उड़ान अभी शुरू नहीं हुई है।
- **नेताओं ने की थी पहल-** नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दिल्ली में संबंधित मंत्रालयों से बात की थी। कांग्रेस नेता जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी के लिए हस्तक्षेप की मांग की थी। सरकार और एयरलाइन कंपनियां स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। अब पूर्व विधायक संजय शुक्ला समेत अन्य यात्रियों के लौट आने से उनके परिवारों ने राहत की सांस ली है।

## दुकान कर्मचारी एक लाख और एक्टिवा लेकर फरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के तिलक नगर क्षेत्र में एक व्यापारी का कर्मचारी एक लाख रुपए नकद और एक्टिवा वाहन लेकर फरार हो गया। लगातार संपर्क की कोशिशें नाकाम रहने के बाद व्यापारी ने सोमवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक आशीष अग्रवाल निवासी अग्रवाल नगर की शिकायत पर विवेक उर्फ कृष्णा पुत्र मुकेश वर्मा निवासी नीमा कॉलोनी नलखेड़ा के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया गया है। विकास का छावनी क्षेत्र में अनाज का कारोबार है और विवेक करीब डेढ़ साल से उसकी दुकान पर काम कर रहा था। जानकारी के अनुसार व्यापारिक लेनदेन के सिलसिले में आशीष को व्यापारी अनूप अग्रवाल से एक लाख रुपए लेना थे। अनूप अग्रवाल का कार्यालय वर्ल्डकप चौराहे के पास स्थित है। आशीष ने अपने कर्मचारी विवेक को रुपए लेने के लिए अपनी एक्टिवा देकर भेजा था। कुछ देर बाद जब विवेक दुकान वापस नहीं लौटा तो आशीष को शक हुआ। इस पर उसने अनूप अग्रवाल को फोन कर जानकारी ली, जहां से रुपए दिए जाने की पुष्टि हुई।




## हेड मुहर्रिर ने ड्यूटी पर जाने को कहा तो बदसलूकी की, सस्पेंड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नशे में धुत एक सब-इंस्पेक्टर ने रविवार को एमआईजी थाने में ड्यूटी को लेकर जमकर हंगामा किया। ड्यूटी लगाने वाले हेड मुहर्रिर (एचसीएम) पर भड़का और गाली-गलौज की। एचसीएम ने उसकी रोजनामचे में रिपोर्ट डाली तो वह हाथापाई पर उतर आया। एडिशनल डीसीपी थाने का निरीक्षण करने पहुंचे तो उनके सामने भी बदसलूकी की। बाद में डीसीपी ने सब-इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया। एमआईजी थाने में पदस्थ एसआई कमल सिंह रघुवंशी को सोमवार को डीसीपी जोन-2 कुमार प्रतीक ने सस्पेंड कर दिया। आरोप है कि एसआई कमल सिंह रविवार को नशे में एमआईजी थाने पहुंचे थे। थाने के एचसीएम ने उन्हें ड्यूटी पर जाने के निर्देश दिए तो वह भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। इस पर एचसीएम ने थाने के रोजनामचा रजिस्टर में उनकी शिकायत दर्ज कर दी। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह चौहान निरीक्षण के लिए पहुंचे तो कमल सिंह हंगामा करते दिखे। इसके बाद अफसरों ने कमल को सस्पेंड कर दिया। कमल रघुवंशी आर्मी से पुलिस सेवा में आए थे। करीब डेढ़ साल पहले उन्होंने परदेशीपुरा थाने में एचसीएम ज्ञानेंद्र सिंह के साथ सैल्यूट न करने की बात पर पहले विवाद किया था।

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट

यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन

इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन




मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com